नई दिल्ली
बुधवार, 3 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 27, अंक : 357
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर ने वापस लिया नाम

## टी-20 वर्ल्ड कप में नहीं खेलेंगे बेन स्टोक्स



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर बेन स्टोक्स टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लेंगे। स्टोक्स ने कहा है कि इस मेगा इवेंट के लिए टीम चुनते वक्त उनके नाम पर विचार न किया जाए। बता दें आईसीसी मेन्स टी 20 वर्ल्ड कप वेस्ट इंडीज और यूएसए में जून महीने में होना है। इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स का फोकस खुद को गेंदबाजी के लिए पूरी तरह से फिट बनाना है। आने वाले टेस्ट सिरीज के साथ-साथ वह भविष्य में सभी तरह के क्रिकेट में गेंदबाजी करना चाहते हैं। इंग्लैंड को वेस्ट इंडीज और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखलाएं खेलनी हैं।

## सात मंत्री भी रिटायर, पांच लड़ रहे लोकसभा चुनाव

# रास से 54 सांसदों का पूरा हो गया कार्यकाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद से ही राजनीतिक दल निर्वाचन क्षेत्रों में ताबड़तोड़ रैली कर रहे हैं। इस बीच, संसद के उच्च सदन राज्यसभा से कई सदस्य सेवानिवृत्त होने वाले हैं, जिनमें से कुछ दोबारा इस सदन में नहीं लौटेंगे।

मंगलवार को 49 राज्यसभा के सदस्य सेवानिवृत्त हुए हैं। राज्यसभा से 3 अप्रैल को रिटायर होने वाले सांसदों में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह भी शामिल हैं। गौरतलब है कि उन्हें अर्थव्यवस्था में कई सुधारों की शुरुआत करने के लिए जाने जाते हैं। अक्तूबर 1991 में पहली बार राज्यसभा के सदस्य बने थे। वह 1991 से 1996 तक नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री और 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री भी रहे थे। सात केंद्रीय मंत्री जो राज्यसभा से मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं, उनमें शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री पुरषोत्तम रूपाला, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर, विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे और सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन हैं। वहीं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का कार्यकाल बुधवार को समाप्त हो जाएगा। खास बात है कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुरुगन को छोड़कर बाकी सभी केंद्रीय मंत्री लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

### अनिल बलूनी भी हुए सेवानिवृत्त

सेवानिवृत्त होने वाले अन्य लोगों में भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी भी शामिल हैं, जो उत्तराखंड की गढ़वाल सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा, भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी भी राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं और उन्हें पार्टी ने दोबारा नामांकित नहीं किया है।




### सरोज पांडेय भी उच्च सदन से रिटायर

भाजपा के अनिल जैन भी मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए, क्योंकि उन्हें पार्टी ने दूसरा कार्यकाल नहीं दिया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ से सरोज पांडेय भी हैं, जो राज्य में लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं।

### राज्यसभा से 49 सदस्य हुए सेवानिवृत्त

*बता दें मंगलवार को 49 राज्यसभा के सदस्य सेवानिवृत्त हुए, जबकि पांच आज बुधवार को रिटायर होंगे। उच्च सदन से सेवानिवृत्त होने वालों में समाजवादी पार्टी की जया बच्चन भी शामिल हैं, जिन्हें उनकी पार्टी ने एक और कार्यकाल के लिए राज्यसभा के लिए फिर से नामित किया है। कांग्रेस पार्टी के अभिषेक मनु सिंघवी, जिनका राज्यसभा में कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है, उच्च सदन में नहीं होंगे क्योंकि वह हिमाचल प्रदेश से अपना चुनाव हार गए हैं।*







सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में जमानत दे दी

# आप नेता 6 महीने बाद जेल से छूटे, कोर्ट ने कहा जब ‘पैसा बरामद’ नहीं तो कैद क्यों?

संजय सिंह को जमानत दिए जाने पर आम आदमी पार्टी ने खुशी जताई

भाजपा ने कहा है कि यह जमानत तब दी गई है जब ईडी ने संजय सिंह की जमानत का विरोध नहीं किया



आप नेता अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं, लेकिन मामले के संबंध में कोई बयान नहीं दे सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में जमानत दे दी है। जब सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से पूछा कि क्या संजय सिंह को और अधिक समय तक हिरासत में रखने की आवश्यकता है? इस पर ईडी ने कहा कि हमें कोई आपत्ति नहीं है।

यह सुनते ही छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, दीपांकर दत्ता और पीबी वराले की पीठ ने रिहा करने का आदेश जारी कर दिया। पीठ ने एएसजी एसवी राजू से कहा कि उनके पास से कोई पैसा बरामद नहीं हुआ है और दो करोड़ रुपए की रिश्वत के आरोपों का परीक्षण मुकदमे में किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह कैसे स्वीकार किया जा सकता है कि एक व्यक्ति ने 11 बयान दिए, आपने उसके 10 बयान नहीं माने और 1 बयान स्वीकार कर लिया जो संजय सिंह के खिलाफ था और उसे जेल में डाल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### केजरीवाल समेत बंद नेताओं को नहीं मिलेगी इससे ‘मदद’

पीठ ने कहा कि संजय सिंह को दी गई जमानत की रियायत को मिसाल नहीं माना जाएगा। नतीजतन इस जमानत आदेश से केजरीवाल समेत जेल में बंद अन्य आप नेताओं को ज्यादा मदद नहीं मिल सकेगी।



जमानत की शर्तें ट्रायल कोर्ट तय करेगा।

### 4 अक्टूबर को ईडी ने गिरफ्तार किया था

सुनवाई के दौरान संजय सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि आप नेता को सरकारी गवाह दिनेश अरोड़ा के आधार पर गिरफ्तार किया गया था, जिन्होंने एजेंसी के समक्ष दर्ज दसवें बयान में उनका नाम लिया था। संजय सिंह को इस मामले में पिछले साल 4 अक्टूबर को ईडी ने गिरफ्तार किया था। संजय सिंह के खिलाफ कोई सबूत नहीं है।

### संजय सिंह पर ये है आरोप




एजेंसी ने आगे दावा किया था कि आप नेता ने अवैध धन या रिश्वत प्राप्त की है जो शराब नीति (2021-22) घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय है और उन्होंने दूसरों के साथ साजिश में भी भूमिका निभाई है। ईडी का मनी लांड्रिंग मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एफआईआर से उपजा है। सीबीआई और ईडी के अनुसार, अब समाप्त हो चुकी दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

### इस आधार पर मांगी थी जमानत

उच्चतम न्यायालय के समक्ष संजय सिंह ने इस आधार पर जमानत मांगी थी कि वह कई महीनों से हिरासत में हैं और इस अपराध में उनकी कोई भूमिका नहीं बताई गई है। जांच एजेंसी ने उच्चतम न्यायालय में जमानत याचिका का विरोध किया था और दावा किया था कि संजय सिंह 2021-22 की नीति अवधि से संबंधित दिल्ली ▶▶ शेष पेज 5 पर

राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने सीएम डॉ. यादव की तारीफ की



## कांग्रेस ने 30 वर्ष तक राज किया पर कभी रिपोर्ट कार्ड नहीं दिया, पर मोहन यादव ने 3 महीने में ही दे दिया



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जबलपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल हुए

इसके बाद शहडोल के गांधी चौक में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जबलपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल हुए। इसके बाद शहडोल के गांधी चौक में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जमकर तारीफ की। नड्डा ने कहा कि 30 साल तक जिस पार्टी ने शासन किया, कभी कोई रिपोर्ट कार्ड नहीं दिया था। किंतु हमारे मोहन यादव ने महज तीन महीने के कार्यकाल में ही अपनी सरकार का पूरा रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रख दिया। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सीएम डॉ. यादव ने कहा

**कांग्रेस के नेता हेलीकॉप्टर से उड़ते हैं, पर गरीब आदमी के लिए हेलीकॉप्टर की सुविधा नहीं दी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यहां से कुछ दूर पर एक बड़े कांग्रेस के नेता हैं, जिनके पास दो-दो हेलीकॉप्टर हैं। वे हेलीकॉप्टर से ही उड़ते हैं और हेलीकॉप्टर से उतरते हैं। लेकिन, गरीब आदमी के लिए हेलीकॉप्टर की कोई सुविधा नहीं दी। मुझे प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने मौका दिया। हमने पीएम श्री हेलीकॉप्टर एंबुलेंस की सुविधा दी है। हमारे यहां धार्मिक पर्यटन के लिए भी किसी को जबलपुर से अमरकंटक आना है, तो हेलीकॉप्टर से हमारे यात्री आ सकते हैं ▶▶ शेष पेज 5 पर

### खबर संक्षेप

**महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने दिया इस्तीफा**



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस में लगातार इस्तीफे का दौरा जारी है। अब महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव अनिता रावटे ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया है। अनिता रावटे ने प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष को त्याग पत्र भेजा है। पत्र में विधानसभा चुनाव और लोकसभा में हो रही उपेक्षा का आरोप लगाया है। वे छग महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुकी हैं।

**वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती की मांग**




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में सभी ‘वीवीपैट’ पर्चियों की गिनती का अनुरोध करने वाली याचिका पर निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। इस समय वीवीपीएटी पर्चियों के माध्यम से किसी भी पांच चयनित ईवीएम का सत्यापन किया जाता है। (वीवीपीएटी) वोट सत्यापन प्रणाली है। जो मतदाता को यह देखने की अनुमति देती है कि उसका वोट उसी को गया है या नहीं, जिसे उसने वोट दिया है।

चित्रकूट में डंपर-ऑटो में भिड़ंत



## ओवरटेक करने के दौरान डंपर से टकराया ऑटो, 7 की मौत, 1 गंभीर

**चित्रकूट।** यहां मंगलवार सुबह ऑटो और डंपर में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार 7 की मौत हो गई, जबकि 1 की हालत गंभीर है। डंपर ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। हादसा साढ़े 5 बजे कर्वी मुख्यालय से सटे अमानपुर गांव के पास हाईवे पर हुआ। बताया गया है कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

33 वें महानिदेशक बने

## ले.जनरल सिदाना ने ईएमई के डीजी का कार्यभार संभाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लेफ्टिनेंट जनरल जेएस सिदाना ने इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियर्स के 33वें महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे मध्य कमान



मुख्यालय के ईएमई के मास्टर जनरल रहे हैं और उन्होंने आर्मी बेस वर्कशॉप और ईएमई सेंटर की कमान संभाली है। उन्होंने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पमाला अर्पित कर कोर के बहादुरों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल जेएस सिदाना ▶▶ शेष पेज 5 पर

‘अप्रैल फूल’ बनाना छात्र को पड़ा महंगा

## गले में फंदा डालकर किया वीडियो कॉल, स्टूल फिसलने से लटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर में 10वीं के छात्र की मजाक-मजाक में फांसी लगने से मौत हो गई। घटना के दौरान वह घर में अकेला था और मोबाइल पर बात करते-




करते अपनी फ्रेंड को 'अप्रैल फूल' बना रहा था। इसके लिए उसने फंदा लगाते हुए वीडियो कॉल किया। बातचीत के दौरान गलती से स्टूल फिसल गया और वह फंदे पर ही लटका रह गया। शाम को जब बड़ा भाई घर पहुंचा तो छोटे भाई अभिषेक रघुवंशी (18) को फांसी पर लटका ▶▶ शेष पेज 5 पर

एक्शन में निर्वाचन आयोग

## पांच राज्यों में बदले 8 डीएम, 12 एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को पांच राज्यों में आठ जिलाधिकारियों और 12 पुलिस अधीक्षकों के तबादले का आदेश जारी किया। आयोग ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई बैठक में आयोग द्वारा की गई नियमित समीक्षा के तहत यह फैसला किया गया। स्थानांतरित किए गए सभी अधिकारियों को तत्काल अपने




कनिष्ठ अधिकारी को प्रभार सौंपने के लिए कहा गया है। आयोग ने साथ ही कहा कि जिन अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है, उन्हें लोकसभा चुनावों के पूरा होने तक कोई चुनाव ड्यूटी नहीं दी जाएगी। संबंधित राज्य सरकारों को निर्देश दिया गया है कि वे भारतीय प्रशासनिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कोई चुनावी ड्यूटी नहीं मिलेगी

अधिकारियों के ट्रांसफर का ये फैसला मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियमित समीक्षा बैठक में किया गया है। आयोग के निर्देश के तहत सभी स्थानांतरित अधिकारियों को उन्हें अपना काम जूनियर अधिकारियों को सौंपने के लिए कहा गया है। इन अधिकारियों को आम चुनाव 2024 के पूरा होने तक कोई चुनावी ड्यूटी नहीं सौंपी जाएगी। संबंधित राज्य सरकारों को आयोग को आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के नामों का एक पैनल भेजने का निर्देश भी दिया गया है।

पायलटों के कमी के कारण बनी स्थिति

## विस्तारा की 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द, केंद्र सरकार ने मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते दिनों विस्तारा एयरलाइंस की 160 से ज्यादा फ्लाइटों की उड़ानों में देरी हुई। इस वजह से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को भी विस्तारा एयरलाइंस की कम से कम 38 फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं।

दो दिनों में विस्तारा की 80 से ज्यादा फ्लाइटें कैंसिल हुईं हैं। ऐसे में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने टाटा ग्रुप की एयरलाइंस विस्तारा से जवाब मांगा है। मिनिस्ट्री ने एयरलाइन से फ्लाइट में देरी और उन्हें रद्द करने का कारण पूछा है।



प्रमुख शहरों से आने वाली विस्तारा की 38 फ्लाइटें पायलटों की कमी के कारण रद्द हुई हैं। इसमें मुंबई से उड़ान भरने वाली 15, दिल्ली से 12 और बेंगलुरु से 11 फ्लाइटें शामिल हैं। सोमवार को विस्तारा की 50 से ज्यादा फ्लाइटें कैंसिल हुईं। यात्रियों इसकी शिकायत की थी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी यूजर्स अपनी राय दे रहे थे। इसके बाद एयरलाइन ने फ्लाइटों की संख्या में कटौती का ऐलान किया था। सिविल एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इतनी बड़ी संख्या में फ्लाइट कैंसिल होने और उड़ानों में देरी को लेकर विस्तारा से डिटेल रिपोर्ट मांगी है। सिंधिया ने एयरलाइन से यह भी पूछा है कि यात्रियों को होने वाली असुविधा से निपटने के लिए वे क्या कदम उठा रहे हैं। वहीं, डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने विस्तारा से उड़ान में देरी और कैंसिलेशन पर डेली रिपोर्ट पेश करने को कहा है। कंपनी ने फ्लाइट कैंसिलेशन ▶▶ शेष पेज 5 पर

पेप्सिको के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत व दक्षिण एशिया) जागृत कोटेचा ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार के समर्थन से हमारा लक्ष्य क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बढ़ाने में प्रभावशाली प्रगति करते हुए अपनी पहुंच का विस्तार करना है।

*अमेरिकी खाद्य और पेय पदार्थ कंपनी पेप्सिको के प्लांट का इसी साल होगा निर्माण, 2026 की पहली तिमाही में इसके चालू होने की उम्मीद*

## भारत में 12 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगी पेप्सिको, उज्जैन में लगाएगी प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पेप्सिको इंडिया देश में अपनी विस्तार योजना के तहत मध्य प्रदेश के उज्जैन में फ्लेवर विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए 1,266 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। 22 एकड़ में फैला यह संयंत्र भारत में पेप्सिको के पेय उत्पादन को बढ़ाने, रोजगार सृजन करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव डालने में महत्वपूर्ण ▶▶ शेष पेज 5 पर




**पेप्सिको के प्लांट में 75 फीसदी रहेंगी महिलाएं**
पेप्सिको इंडिया ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और क्षेत्र में महिलाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए एक सुरक्षित और सहायक कार्य वातावरण ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वियतनाम में भी किया निवेश का प्लान

*सनटोरी पेप्सिको वियतनाम बेवरेज सहित 60 से अधिक अमेरिकी उद्यमों की यात्रा के दौरान, पेप्सिको ने वियतनाम में दो नवीकरणीय ऊर्जा-संचालित संयंत्र बनाने के लिए 400 मिलियन का वादा किया। पेप्सिको ने कहा कि वह असम के नलबाड़ी में अपना पहला खाद्य विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 778 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। पेप्सिको के एक बयान में कहा गया है कि 44.2 एकड़ में फैले इस प्लांट को 2025 में चालू करने का प्रस्ताव है और इसका लक्ष्य असम के 500 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान करना है।*

# यौन उत्पीड़न की शिकायत पर 'निष्क्रियता' के खिलाफ जेएनयू छात्रा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

## विश्वविद्यालय ने कहा-उचित प्रक्रिया का किया जा रहा पालन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की एक छात्रा ने चार लोगों के खिलाफ यौन उत्पीड़न की उसकी शिकायत को लेकर प्रशासन पर 'निष्क्रियता' का आरोप लगाते हुए परिसर के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। छात्रा ने आरोप लगाया कि दो पूर्व छात्रों समेत चार लोगों ने परिसर में 31 मार्च की रात को उसका यौन उत्पीड़न किया था।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं लेकिन शिकायतकर्ता ने दावा किया कि 'अपराधी' खुलेआम घूम रहे हैं। उसने कहा कि मुझे शिकायत दर्ज कराए हुए 30 घंटे से अधिक समय बीत गया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बहुत सारी औपचारिकताएं की जा रही हैं, मैं और मेरे दोस्त प्रशासन के पास हैं, अपनी कक्षाएं छोड़ रहे हैं, न्याय की मांग कर रहे हैं और वह सब कुछ कर रहे हैं जो हम कर सकते हैं लेकिन अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। विश्वविद्यालय ने कहा कि वह उचित प्रक्रिया का पालन कर रहा है। जेएनयू के मुख्य प्रॉक्टर सुधीर कुमार ने कहा कि हम उचित प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं जिसमें समय लगता है। हमें आरोपियों को भी अपना बचाव करने का मौका देना होगा। शिकायतकर्ता ने परिसर में अपनी सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। उसने कहा कि जिस व्यक्ति ने मुझे और मेरे मित्र को परेशान किया वह उसी छात्रावास में रहता है जिसमें मैं रहती हूं और मुझसे अपेक्षा की जाती है कि मैं उसी छात्रावास, उन्हीं गलियारों, उसी भोजनालय में जाकर उस व्यक्ति का सामना करूं जिसने मुझे मानसिक रूप से इतना परेशान किया है।



### प्रॉक्टर कार्यालय आरोपों की जांच कर रहा

मुख्य प्रॉक्टर कुमार ने पहले कहा था कि हमने मामले की जांच शुरू कर दी है और प्रॉक्टर कार्यालय आरोपों की जांच कर रहा है। दोनों पूर्व छात्रों के परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। उचित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है और जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) की निष्प्रभाविता को देखने के बाद धरना शुरू करने का फैसला किया। उसने कहा कि मैंने यह देखने के बाद मामला अपने हाथ में लेने का फैसला किया कि जेएनयूएसयू इस मामले में निष्प्रभावी है। वे पीड़िता के बिना प्रॉक्टर से मिलने गए, जबकि मैं और मेरे दोस्त प्रशासन के साथ औपचारिकताओं को पूरा करने में व्यस्त थे...। छात्रा ने एक आरोपी के साबरमती छात्रावास में आने पर तत्काल रोक लगाने, आरोपियों का पंजीकरण रद्द करने, पूर्व छात्रों को बाहर करने का आदेश देने और अपनी एवं अपने मित्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाने की मांग की।

### दो पूर्व छात्र समेत चार लोगों पर लगाया आरोप

विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता के अनुसार, जब वह और उसका मित्र देर रात करीब दो बजे जेएनयू रिंग रोड के पास टहल रहे थे, तभी यह कथित घटना हुई। शिकायत के अनुसार, दो पूर्व छात्र समेत चार लोगों ने कार से कथित तौर पर उनका पीछा किया। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों ने छात्रा का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। वाम नेतृत्व वाले छात्र संघ ने आरोप लगाया है कि दो पूर्व छात्रों सहित चार लोग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के हैं लेकिन एबीवीपी ने इन आरोपों से इनकार किया है और दावा किया है कि उन्हें फंसाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सेल्समैन की हत्या के आरोप में एक दबोचा

**नई दिल्ली/नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के बिसरख थाना क्षेत्र में दो दिन पहले हुई सेल्समैन की हत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार सुबह मुठभेड़ के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान बुलंदशहर जिले के निवासी अतुल के रूप में हुई है, जिसके पास से एक मोटरसाइकिल, देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) सुनीति ने बताया कि अतुल अपने साथी प्रीत अन्य के संग 30 मार्च रात करीब दो बजे गांव हैबतपुर स्थित शराब की दुकान पर पहुंचा और अंदर में सो रहे सेल्समैन हरिओम नागर से शराब की मांग की। सेल्समैन ने शराब देने से इनकार किया तो उन्होंने उसे गोली मार दिया, जिससे नागर की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह एटीएस गोलचक्कर के पास से अतुल को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है, उसके पैर में गोली लगी है। सुनीति ने बताया कि अतुल के खिलाफ पूर्व में चोरी सहित विभिन्न धाराओं में लगभग 12 मामले दर्ज हैं और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### दहेज हत्या के मामले में पति और ससुर गिरफ्तार

**नई दिल्ली/नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दहेज की मांग को लेकर एक महिला की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने पति और ससुर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। करिश्मा की शादी दिसंबर 2022 में इकोटेक-तृतीय थाना क्षेत्र के खेड़ा चौगानपुर गांव के निवासी विकास से हुई थी। मृतका के भाई दीपक की शिकायत के अनुसार, शादी के बाद ससुराल पक्ष ने करिश्मा पर अतिरिक्त दहेज और एक फॉर्च्यूनर गाड़ी लाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि हमें 29 मार्च को सूचना मिली कि आरोपी ने शिकायतकर्ता की बहन से अतिरिक्त दहेज की मांग की और मांग पूरी नहीं होने पर करिश्मा को प्रताड़ित कर, पीट-पीटकर मार डाला। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायत के आधार पर, इकोटेक-तृतीय पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए (विवाहित महिला पर अत्याचार करना), 304बी (दहेज हत्या), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और दहेज निषेध अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

## दमकल की चार गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

# सदर बाजार: मकान में लगी आग, दो बहनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सदर बाजार इलाके के एक मकान में आग लग जाने से दो बहनों की मंगलवार को मौत हो गई। दोनों बाथरुम में फंस गई थी, जिन्हें अचेत हालत में अस्पताल पहुंचाया गया था। बच्चियों के नाम गुलाशना (14) व अनाया (12) बताया गया है। दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए मार्चरी भिजवा दिये गये हैं। पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब 2 बजकर 7 मिनट पर चमेलियान रोड, सदर बाजार स्थित एक मकान में आग की सूचना मिली। दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। इसके बाद दमकल कर्मियों ने मकान में प्रवेश किया। अंदर चारों तरफ धुएं का गुब्बार था। पहली मंजिल के बाथरुम का दरवाजा तोड़कर दो बच्चियों को अचेत हालत में बाहर निकाल जीवन माला हॉस्पिटल भेजा गया। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बाद में क्राइम टीम को बुलाकर मौके पर जांच की गई। माना जा रहा है आग व धुएं की वजह से दोनों लड़कियों को बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिला, जिस कारण उन्होंने बाथरुम में घुसकर खुद को सुरक्षित करने का प्रयास किया। दोनों बच्चियां बहनें थी। बहरहाल, पुलिस अब मकान में आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। वहीं दमकल कर्मियों ने शॉर्ट सर्किट के कारण आग की आंशका जाहिर की है।



### मंत्री आतिशी ने आग हादसे की जिला प्रशासन से मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने मंगलवार को सदन बाजार में लगी आग में दो बच्चियों की मौत के मामले में दुख व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से इस पूरे हादसे की रिपोर्ट मांगी है। आतिशी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि सदर बाज़ार में आग की ये घटना बेहद दुखद। इस हादसे में दो बच्चियों की जान का नुकसान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ईश्वर उनके परिवार को हिम्मत दें। जिला प्रशासन से इस पूरे हादसे की रिपोर्ट मांगी है।

### राजौरी गार्डन: आग लगने से मां बेटी घायल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन में एक मकान में गैस सिलेंडर में रिसाव होने के कारण आग लगने से एक महिला और उसकी नौ वर्षीय बेटी घायल हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अग्निशमन विभाग के अनुसार, घटना की सूचना सोमवार को सुबह करीब साढ़े 11 बजे मिली, जिसके बाद दो दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने ओमवती (35) और उनकी बेटी हेमलता को घर से बाहर निकाला। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ओमवती 75 फीसदी और हेमलता 20 फीसदी जल गई हैं। दोनों का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा कि आग लगने के बारे में पीसीआर (पुलिस नियंत्रण कक्ष) कॉल मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। डीसीपी ने कहा कि दमकल वाहन, बीएसईएस के कर्मचारी और डीडीएमए (जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण) के तीन लोग भी मौके पर थे। सभी एजेंसियों ने स्थिति को नियंत्रित करने की पूरी कोशिश की। आग मकान की तीसरी मंजिल पर लगी थी और गलियां बहुत संकरी थीं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि ओमवती और उनकी बेटी को डीडीयू (दीन दयाल उपाध्याय) अस्पताल ले जाया गया और बाद में उन्हें सफदरजंग अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग और अपराध टीम ने प्रारंभिक जांच के आधार पर कहा कि आग का कारण गैस सिलेंडर से हुआ रिसाव था।



# मुख्यमंत्री केजरीवाल की तिहाड़ जेल में पहली रात बेचैनी में गुजरी

## रक्त में शर्करा का स्तर कम हुआ: जेल अधिकारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में अपनी पहली रात के दौरान 14 फुट लंबी और आठ फुट चौड़ी कोठरी में टहलते दिखे और कुछ देर ही सोए। कारागार के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख केजरीवाल को एक अदालत ने सोमवार को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

कारागार अधिकारियों के मुताबिक, केजरीवाल को सोमवार शाम चार बजे तिहाड़ जेल लाया गया और पहले उनकी चिकित्सकीय जांच की गई। इसके बाद उन्हें कोठरी में भेजा गया जहां वह अकेले रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि उस समय उनके रक्त में शर्करा का स्तर 50 मिलीग्राम/डीएल से कम था और डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें दवाएं दी गईं। केजरीवाल जेल जाने वाले भारत के पहले पदासीन मुख्यमंत्री हैं और उन्हें एशिया के सबसे बड़े कारागार की जेल संख्या दो में रखा गया है। एक अधिकारी ने बताया कि उनकी पत्नी और बच्चे उनसे मंगलवार को मिल सकते हैं। एक सूत्र ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री को दोपहर में चाय दी गई और रात को घर का बना खाना परोसा गया था। उन्होंने बताया कि केजरीवाल को एक गद्दा, कंबल और दो तकिए दिए गए हैं। सूत्र ने बताया कि वह सीमेंट के मंच पर कुछ देर के लिए सोए और देर रात में अपनी कोठरी में टहलते दिखे। कारागार अधिकारियों ने बताया कि सुबह भी केजरीवाल के रक्त में शर्करा का स्तर कम था और वह तिहाड़ जेल के डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उन्होंने बताया कि जब तक उनके रक्त में शर्करा का स्तर सामान्य नहीं हो जाता, तबतक उन्हें दोपहर और रात में घर का बना खाना खाने की अनुमति दी गई है। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल ने सुबह अपनी कोठरी में ध्यान किया जिसके बाद उन्हें चाय और दो बिस्कुट दिए गए। तिहाड़ जेल की सुरक्षा से दो कर्मियों और एक जेल वार्डर को उनकी कोठरी के बाहर तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जेल अधिकारी सीसीटीवी कैमरों के जरिए उनपर निगाह रख रहे हैं जबकि उनकी कोठरी के पास त्वारित प्रतिक्रिया दल को तैनात किया गया है। जिन किताबों की मुख्यमंत्री ने मांग की थी, वे उन्हें दे दी गई हैं। उन्होंने 'रामायण', 'महाभारत' और 'हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड' का आग्रह किया था। केजरीवाल धार्मिक लॉकेट पहने हुए थे और इसे पहनने की उन्हें इजाजत दी गई है। नियमों के मुताबिक, केजरीवाल ने छह लोगों की सूची दी है, जिनसे वह मिलना चाहते हैं। इस सूची में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, उनके बेटे और बेटी, उनके निजी सचिव बिभव कुमार और 'आप' के महासचिव (संगठन) संदीप पाठक शामिल हैं। दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय की इस दलील को ध्यान में रखते हुए सोमवार को केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया कि उनकी रिहाई से दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले की जांच में बाधा आ सकती है।



### सिविल लाइन्स : कचौड़ी की दुकान में घुसी मर्सिडीज, छह घायल

**नई दिल्ली।** सिविल लाइन्स इलाके में एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार कचौड़ी की दुकान में घुस गई। इस हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुये। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हादसा 31 मार्च को सामने आया था। इस हादसे के आरोपी चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार सड़क दुर्घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। जब पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो फतेहचंद कचौरी की दुकान के पास, राजपुर रोड, सिविल लाइन्स में एक मर्सिडीज कार क्षतिग्रस्त स्थिति में मिली। कार का चालक पराग मैनी (36) पुत्र अश्वनी मैनी निवासी सेक्टर-79, नोएडा भी मौके पर मौजूद पाया गया। पूछताछ के दौरान अस्पताल से एक घायल के भर्ती करवाये जाने के बारे में भी सूचना प्राप्त हुई। उसके बाद, तीर्थ राम अस्पताल से पांच और लोगों के भर्ती किये जाने की जानकारी मिली। आईपीसी की धारा 279/337 के तहत सिविल लाइन्स थाने में केस दर्ज किया गया। कार को जब्त कर लिया गया है और चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक मेडिकल जांच में ड्राइवर शराब के नशे में नहीं मिला। हालांकि विश्लेषण के लिए उसके खून का सैंपल सुरक्षित रखा गया है।

# कुत्तों की 23 प्रजातियों पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर सभी याचिकाओं पर एक साथ होगी सुनवाई

## हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा-ये 'कुत्ते बहुत खतरनाक' हैं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह कुत्तों की 23 प्रजातियों की बिक्री और प्रजनन पर रोक लगाने के केंद्र के आदेश को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि ये 'कुत्ते बहुत खतरनाक' हैं और वे बच्चों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं।

अदालत ने कहा कि खंडपीठ द्वारा मामले की सुनवाई के मद्देनजर एकल न्यायाधीशों के समक्ष लंबित अन्य सभी समान याचिकाएं भी उसके समक्ष आएंगी और एक साथ सुनवाई की जाएगी। पीठ ने कहा कि एक बार जब खंडपीठ मामले को अपने हाथ में ले लेती है, तो ऐसे सभी मामलों की सुनवाई यहां होनी चाहिए। सभी एकल न्यायाधीशों को अपने संबंधित मामले यहां भेजन होंगे। हम मामले की फाइल को यहां तलब करेंगे। आप (याचिकाकर्ता) अन्य लंबित जनहित याचिका में 'एक पक्षकार' आवेदन दायर करें और हम आपकी बात सुनेंगे। हम इस मुद्दे पर इतनी सारी जनहित याचिकाओं पर सुनवाई नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि एक ही मुद्दे पर कई याचिकाओं से केवल जटिलताएं पैदा होंगी और इससे मामले के निपटारे में देरी होगी। 'पेट लवर्स एसोसिएशन' ने केंद्र की 12 मार्च की अधिसूचना को इस आधार पर चुनौती दी है कि हितधारकों से परामर्श या आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए बिना कुत्तों की 23 प्रजातियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस पर पीठ ने कहा कि हर पशु प्रेमी या कुत्ते के मालिक या एसोसिएशन को एक पक्ष बनाकर नहीं सुना जा सकता, यह असंभव है। उसने कहा कि यह हमारे निर्देश पर हुआ है। ऐसा नहीं हो सकता है कि हम केंद्र सरकार को मामले को देखने का निर्देश दें और फिर हम कहें कि केंद्र सरकार ऐसा आदेश पारित नहीं कर सकती। हम इसे देखेंगे। पीठ ने मामले को नौ अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। केंद्र सरकार ने राज्यों को पिटबुल टेरियर, अमेरिकन बुलडॉग, रॉटवाइलर और मास्टिफ्स सहित 23 नस्लों के आक्रामक कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। सरकार ने यह निर्देश ऐसे समय में दिया है जब देश में पालतू कुत्तों के हमलों में लोगों की मौत की घटनाओं में वृद्धि हुई है। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी निर्देश के मुताबिक लोगों को पालतू जानवरों के रूप में 23 नस्लों के कुत्तों को रखने की मनाही होगी। केंद्र सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने 12 मार्च को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में यह भी कहा कि कुत्तों की इन नस्लों, जिन्हें पहले से ही पालतू जानवर के रूप में रखा गया है, का आगे प्रजनन नहीं हो, ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए।



## आरोपियों से 20 मोबाइल फोन, चार लैपटॉप और एक पेन ड्राइव जब्त

# 10 लोगों से छह करोड़ की धोखाधड़ी में सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने धोखेबाजों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में सात ठगों व जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर बीमा पॉलिसियों की परिपक्वता (मैच्योर) राशि जारी करवाने में मदद के नाम पर 10 लोगों से करीब छह करोड़ की ठगी का आरोप है।

डीसीपी हेमंत तिवारी के अनुसार शिकायतकर्ता हरिदत्त शर्मा निवासी यू-5ए, दूसरी मंजिल, ग्रीन पार्क मेन ने इनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों जैसे एनपीसीआई, आरबीआई, एसबीआई व अन्य के अधिकारियों बताकर कुछ लोगों ने उनसे करीब 3.5 करोड़ रुपये की ठगी की है। यह सिलसिला अप्रैल 2018 से शुरू हुआ था। 3 जनवरी 2024 को शिकायत पर आईपीसी की धारा 406/420/120-बी के तहत स्पेशल सेल थाने में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मुख्य आरोपी निशांत कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसकी निशानदेही पर अन्य छह सह-अभियुक्तों को भी पकड़ा गया। निशांत ने निर्माण विहार में एक जगह किराए पर ली थी। सह-आरोपी देवेंदर जाली दस्तावेज तैयार करता था। सभी आरोपी व्यक्तियों निशांत कुमार, देवेन्द्र कुमार, मनीष कुमार, भूपेन्द्र कुमार, सुनील यादव और अंकित गौड़ ने शिकायतकर्ता को प्रलोभन देने के लिए फर्जी नामों का इस्तेमाल किया और उन्हें विभिन्न सरकारी एजेंसियों एनपीसीआई, आरबीआई, एसबीआई आदि से जारी किए गए पत्र भेजे। आरोपी अष्टभुजेश पांडे आरोपी अंकित गौड़ और सुनील यादव को बैंक खाते प्रदान करता था। इनके पास से 20 मोबाइल फोन, चार लैपटॉप, एक पेन ड्राइव व पीड़ितों के डाटा वाले विभिन्न दस्तावेज जब्त किए गए हैं। अपराध के शेष अन्य सहयोगियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास जारी है।



# 10 लाख में दो नेपाली नागरिकों को कंबोडिया भेजने का प्लान हुआ फेल

## आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस के हत्थे चढ़े भेजने वाले दो एजेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने वेस्ट बंगाल के दो एजेंट गिरफ्तार किये हैं। इन पर दो नेपाली नागरिकों को जाली कागजातों की मदद से कंबोडिया भेजने की कोशिश का आरोप है। लेकिन एयरपोर्ट पर इनकी चालाकी कामयाब नहीं हो पाई। दोनों यात्रियों को आईजीआई एयरपोर्ट पर पकड़ लिया गया। गत वर्ष ही दोनों बॉर्डर क्रॉस कर भारत आए थे। वहीं गिरफ्तार एजेंटों के नाम सुभान सुभ और अनिल लामा तमांग बताये गये है। दोनों वेस्ट बंगाल के दार्जिलिंग के रहने वाले हैं। डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनानी के अनुसार 25-26 मार्च की रात दो लोग दिनेश सुब्बा और श्याम सुब्बा को आईजीआई एयरपोर्ट पर डॉक्यूमेंट जांच के दौरान पकड़ा गया था। यह लोग बैंकॉक होते हुए कंबोडिया जा रहे थे। डॉक्यूमेंट जांच में पता चला कि यह दोनों नेपाल के रहने वाले नागरिक हैं और इन्होंने भारत का वीजा फर्जी तरीके से लिया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि इनकी मदद दो एजेंटों ने की थी। एक दोस्त के जरिए यह पश्चिम बंगाल के रहने वाले एजेंट के संपर्क में आए थे। एजेंट ने इन्हें 10 लाख रुपए में सारे डॉक्यूमेंट बनाकर कंबोडिया भेजने का वादा किया था। इन्हें भारत का नागरिक बनकर विदेश इसलिए जाना था, क्योंकि यहां के रहने वाले लोगों की सैलरी नेपाल के रहने वाले लोगों से ज्यादा होती है।



### नोएडा पुलिस ने की दिल्ली के नंबर की कार से 11.58 लाख रुपए की नकदी जब्त

**एजेंसी. नई दिल्ली/नोएडा।** लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के बीच, नोएडा पुलिस ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) पर जांच के दौरान दिल्ली-पंजीकृत एक कार से 11.58 लाख रुपए की नकदी जब्त की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि स्थानीय कासना पुलिस की टीम चुनाव के मद्देनजर सोमवार शाम ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के सिरसा टोल पर जांच कर रही थी और इस दौरान एक कार से 11.58 लाख रुपये बरामद किए गए। प्रवक्ता ने बताया कि कार दिल्ली के बदरपुर इलाके के निवासी राकेश कुमार के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने बताया कि आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान : बैरियर बूम टूटने के कारण होने वाले ओएचई ब्रेकडाउन को रोकने के लिए लेवल क्रॉसिंग गेटों पर अतिरिक्त तार व्यवस्था का प्रावधान। |
| 2 | अनुमानित लागत : रु. 92,79,807.56/- |
| 3 | बयाना राशि : रु. 1,85,600/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि : 15.04.2024 (10.30 बजे) से 29.04.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय : 29.04.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत : 29297103 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in |

सं.: 01-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक: 02.04.2024 975/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राष्ट्रीय अंतर-विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 'हुनर' 2024 में डीयू ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के 37वें राष्ट्रीय अंतर-विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 'हुनर' 2024 में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार प्राप्त किए हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय कल्चर काउंसिल के चेयर पर्सन अनूप लाठर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस महोत्सव का आयोजन 28 मार्च से 1 अप्रैल, 2024 तक पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना, पंजाब में किया गया था। डीयू की टीमों ने कुल चार श्रेणियों में



भाग लिया था जिनमें से तीन में उल्लेखनीय स्थान हासिल किए हैं। इस दल का नेतृत्व कल्चर काउंसिल के डीन प्रो. रविंदर ने किया था। डीयू की इस उपलब्धि पर डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कल्चर काउंसिल और विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी है। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना में आयोजित इस महोत्सव के समापन सत्र में डीन कल्चर काउंसिल, प्रो. रविंदर कुमार, टीम प्रभारी डॉ. रिग्जिन कांग और डॉ. सुकन्या टिकादर के

■ कुल चार श्रेणियों में से तीन में हासिल किए उल्लेखनीय स्थान

साथ-साथ डॉ. सुनील और गुरजीत सिंह सहायक स्टाफ के रूप में उपस्थित थे। अनूप लाठर ने जानकारी देते हुए बताया कि कौशल और कलात्मकता के प्रभावशाली प्रदर्शन में, डीयू ने शास्त्रीय वाद्य एकल (पर्क्यूशन) श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय नृत्य (एकल) श्रेणी में भी डीयू के प्रतिभागी ने प्रथम स्थान किया है। इनके अलावा वेस्टर्न वोकल सोलो श्रेणी में डीयू की टीम दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने कहा कि ये उत्कृष्ट उपलब्धियां डीयू की कलात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने, रचनात्मकता को पोषित करने और अपने छात्रों के बीच सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। इस राष्ट्रीय अंतर-विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में प्राप्त सफलता हमारे छात्रों, शिक्षकों और कर्मियों द्वारा प्रदर्शित समर्पण, कड़ी मेहनत और जुनून का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि डीयू भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाने तथा शिक्षा और कला में उत्कृष्टता की अपनी विरासत को जारी रखने के अपने मिशन में दृढ़ है।

## शिक्षा में होना चाहिए भारतीय दृष्टि और दृष्टिकोण पर कार्य : कुलपति

नई दिल्ली। शिक्षा में भारतीय दृष्टि और दृष्टिकोण पर कार्य होना चाहिए। हमारी संस्कृति सबके लिए अच्छा भाव रखने वाली संस्कृति है। यही धर्म है, यही नीति है, यही सत्य है कि सबके लिए अच्छा भाव रखना।



दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज में 'अंडरस्टैंडिंग हिंदू धर्म एंड हिंदू-नेस' विषय पर एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस के आयोजन के दौरान मंगलवार का उद्घाटन सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में यह संबोधन दिया। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने प्राचीन भारतीय दृष्टि का जिक्र करते हुए कहा कि पुराने समय में भारत में किलों का निर्माण ऐसी तकनीक से किया जाता था कि उन्हें ठंडा रखने के लिए बिजली जैसी किसी ऊर्जा की जरूरत नहीं पड़ती थी। लेकिन, आज विदेशों की तर्ज पर भारत में भी शीशे की बहुमंजिला गगनचुंबी इमारतें बनने लगी हैं। जिन देशों की यह तकनीक है वहां धूप कम निकलती है और अधिकाधिक धूप के अंदर आने के लिए इस तकनीक का प्रयोग किया जाता है, जबकि भारत में साल के अधिकतर महीनों में पर्याप्त धूप रहती है। ऐसे में इन इमारतों को ठंडा रखने के लिए चार गुना से ज्यादा ऊर्जा लगती है।

## खबर संक्षेप

### डीडीए सरकारी कर्मचारियों को नेताजी सुभाष स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दे रहा है छूट

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अपने नेताजी सुभाष स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सदस्यता के लिए सरकारी कर्मचारियों को 50 प्रतिशत की छूट दे रहा है। डीडीए ने सरकारी कर्मचारियों को 50 प्रतिशत की छूट देकर लुभाते हुए आह्वान किया है कि आओ और फिटनेस क्रांति में शामिल हों। डीडीए के एक अधिकारी के अनुसार डीडीए दिल्ली वालों की सेहत को लेकर कई कदम उठाता रहा है। इसी कड़ी में लोगों को बेहतरीन माहौल में वर्कआउट व विभिन्न खेल खेलने के लिए डीडीए अपने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सदस्यता लेने के लिए छूट देता है। अधिकारी ने बताया कि डीडीए काफी समय से सरकारी कर्मचारियों को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सदस्यता के लिए 50 प्रतिशत की छूट देता रहा है। ऐसे में डीडीए ने सरकारी कर्मचारियों को सुविधा देते हुए नेताजी सुभाष स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सदस्यता लेने के लिए आह्वान किया है।

### निर्माण के चलते एयरोसिटी-तुगलकाबाद के बीच मध्यम गति से चलेगी मेट्रो

नई दिल्ली। जरूरी कार्य के चलते मंगलवार को येलो लाइन अंतर्गत छतरपुर और सुल्तानपुर मेट्रो स्टेशनों के बीच मेट्रो सेवाएं 20 किमी प्रति घंटा से चलाई गईं। प्रतिबंध गति पर मेट्रो परिचालन से यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। यह अस्थायी व्यवस्था आने वाले कई दिनों तक रह सकती है। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने बताया कि एयरोसिटी-तुगलकाबाद मेट्रो लाइन के लिए एक सुरंग निर्माण का कार्य चल रहा है जिसके मंगलवार को येलो लाइन अंतर्गत छतरपुर-सुल्तानपुर मेट्रो स्टेशनों के बीच मेट्रो परिचालन को सीमित गति पर चलाया गया। डीएमआरसी के अनुसार यात्रियों की सुविधा का देखते हुए पहले ही सोशल मंच एक्स पर सूचना पोस्ट की गई थी। डीएमआरसी की माने तो सुरंग निर्माण के कारण इस खंड पर मेट्रो ट्रेन की आवाजाही लगभग एक महीने तक प्रभावित हो सकती है। यह सुरंग निर्माण डीएमआरसी के चौथे चरण के तहत बन रही एयरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर का हिस्सा है। निर्माण कार्य के चलते छतरपुर और सुल्तानपुर के बीच करीब एक महीने तक या इससे भी अधिक समय के लिए अस्थायी तौर पर 20 किमी प्रति घंटे की गति निर्धारित की गयी है।

## केजरीवाल की पत्नी सुनीता से आप विधायकों ने की मुलाकात

# 'हम केजरीवाल के साथ, जेल से चलाएं सरकार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों और मंत्रियों ने मंगलवार को सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिया कि वो सभी अरविंद केजरीवाल के साथ एकजुट खड़े हैं। दिल्ली की दो करोड़ जनता भी उनके साथ है। इसलिए उनको मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देना चाहिए और जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। बता दें कि सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल से एक साथ विधायकों की यह पहली मुलाकात है। विधायकों ने कहा कि भाजपा तो चाहती है कि सीएम केजरीवाल इस्तीफा दें। इसके लिए भाजपा कैंपेन भी चलाएगी, लेकिन जब वो इस्तीफा दे देंगे तो यही भाजपा कहेगी कि वो भाग गए। अरविंद केजरीवाल दिल्ली के सीएम थे, हैं और आगे भी रहेंगे। सुनीता केजरीवाल विधायकों का यह संदेश अरविंद केजरीवाल तक पहुंचएंगी। उन्होंने कहा कि जेल से सीएम अरविंद केजरीवाल ने आप के सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संदेश भेजा है कि मेरी चिंता न करें। मैं ठीक हूं, मजबूत हूं और मेरे इरादे पहले से ज्यादा मजबूत हैं। इस मुलाकात के दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से कई विधायक अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल से मिलना चाहते थे, लेकिन परिस्थितियां ठीक नहीं थीं। केवल कुछ लोग ही उनसे मिल पा रहे थे। सभी केंद्र सरकार के खिलाफ लगातार धरना प्रदर्शन में व्यस्त थे। इसके बाद सभी विधायक 31 मार्च को रामलीला मैदान में आयोजित महारैली की तैयारियों में लग गए। इसलिए मंगलवार को आम आदमी पार्टी के सभी विधायक सीएम आवास पर सुनीता केजरीवाल से मुलाकात करने आए थे।

उन्होंने बताया कि करीब दो दर्जन विधायकों ने अपनी बात सुनीत केजरीवाल के सामने रखी। विधायकों ने उनसे कहा कि बीजेपी बहुत दबाव बनाएगी, अलग-अलग तर्क-कुतर्क दिए जाएंगे कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दें। भाजपा की तरफ से एक पूरा कैंपेन चलाया जाएगा कि वो अपने पद से इस्तीफा दें। जिस तरह से लोकपाल बिल के समय पर जब वो पास नहीं हो पाया था, तब सीएम पर इस्तीफे का दबाव बनाया गया था। जब उन्होंने इस्तीफा दे दिया तो कहा गया कि वो भाग गए। बीजेपी की यह पॉलिसी है कि इस्तीफा लेने के लिए एक जाल बिछाया जाए। भारद्वाज ने कहा कि अब जब केवल सुनीता केजरीवाल ही जेल में सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर पाएंगी। सुनीता केजरीवाल ही पार्टी का संदेश सीएम केजरीवाल के पास पहुंचा सकती हैं और उनका संदेश पार्टी को दे सकती हैं। इसलिए सभी विधायकों ने उनसे कहा कि जब भी आपकी सीएम से मुलाकात हो या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात हो तो आप हम सभी विधायकों का संदेश उन तक पहुंचाएं कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे, हैं और आगे भी वहीं मुख्यमंत्री रहेंगे। सभी लोगों ने उनसे ये बात स्पष्ट तौर पर कही है।

### रैली की सफलता पर केजरीवाल ने भेजे संदेश में कहा, मुझे आप सब पर है बहुत गर्व : भारद्वाज

सौरभ भारद्वाज ने बताया कि सुनीता केजरीवाल ने सीएम अरविंद केजरीवाल का संदेश सभी विधायकों को दिया, जिसमें सीएम ने कहा है कि उन्हें इस बात पर बहुत गर्व है कि उनके जाने के बाद भी उनके विधायकों, पार्षदों और संगठन के लोगों ने मिलकर रामलीला मैदान में इतनी बड़ी रैली का आयोजन किया। जिसमें लाखों की संख्या में लोग शामिल हुए। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये बात हम सबको समझ आ रही है कि जब तक वो जेल में रहेंगे, बीजेपी के लिए मुश्किलें और बढ़ती जाएंगी। विधायकों ने सुनीता केजरीवाल से सीएम के स्वास्थ्य के बारे में भी पूछा। जिसपर पर सीएम ने कहा है कि विधायक मेरी चिंता न करें, मैं ठीक हूं, मजबूत हूं और मेरे इरादे पहले से भी ज्यादा मजबूत हैं। अगली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वो सीएम अरविंद केजरीवाल को विधायकों के संदेश देंगी। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एक बहुत पुरानी कहावत है कि जब गांव में दही से मक्खन निकाला जाता था तो मां उसको हांडी में बांध देती थी कि बच्चे उसमें से मक्खन न निकाल लें। तब बिल्ली उस हांडी को देखती रहती थी, उसको लगता था कि हांडी अपने आप टूट जाएगी और मक्खन अपने आप नीचे गिर जाएगा।

### आप के पार्षदों ने सुनीता केजरीवाल से की मुलाकात

विधायकों और मंत्रियों के मिलने के बाद दिल्ली नगर निगम में आम आम आदमी पार्टी के सभी पार्षदों ने भी सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। सीएम आवास पर हुई मुलाकात के दौरान पार्षदों ने भरोसा दिया है कि वो पूरी मजबूती के साथ अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। पार्षदों ने कहा कि भाजपा ने षड़यंत्र के तहत सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है ताकि चुनाव प्रचार न कर सकें। इस संकट की घड़ी में सभी पार्षद मुख्यमंत्री के साथ हैं। पार्षदों ने भी कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। उनको किसी भी कीमत पर इस्तीफा नहीं देना चाहिए। पूरी दिल्ली की जनता भी चाहती है कि सीएम अरविंद केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा न दें। इस दौरान पार्षदों ने मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य के बारे में पूछा, जिस पर सुनीता केजरीवाल ने सीएम द्वारा भेजे गए संदेश से उनको अवगत कराया।

### आप नेताओं को आरोपित कर सुनीता भाभी के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता किया जाए साफ : सचदेवा



**नई दिल्ली।** सीएम अरविंद केजरीवाल ने जेल जाने से पहले यह तय किया कि मनीष सिसोदिया, आतिशी एवं सौरभ भारद्वाज को आरोपित कर सुनीता भाभी के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ किया जाए। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने मंगलवार को एक संयुक्त प्रेसवार्ता करके यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि एक कहावत है कि फंदा लगा कसने तो झूठ के गुब्बारे फूटने लगे और आम आदमी पार्टी के साथ आज यही स्थिति है "आप" के विधायकों में सुनीता केजरीवाल के लिए स्वीकृति नहीं है अतः केजरीवाल पार्टी के सभी महत्वपूर्ण नेताओं को संदेह के घेरे में डाल रहे हैं। तिवारी ने कहा कि केजरीवाल जब सात दिन पहले कोर्ट पहुंचे तो उस वक्त उन्होंने सौरभ और आतिशी का नाम नहीं लिया क्योंकि उस वक्त तक उन्हें इस बात का विश्वास था कि शायद सुनीता केजरीवाल को पार्टी अपना अगला मुख्यमंत्री स्वीकार कर लेगी लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के दावेदार आतिशी और सौरभ का नाम लेकर उनके भी जेल जाने का रास्ता तय कर दिया है। नियम स्पष्ट है कि पार्टी सुनीता को मुख्यमंत्री के तौर पर स्वीकार नहीं कर रही है और पार्टी ने जब मना कर दिया तो केजरीवाल के पसीने छूटने लगे हैं और कोर्ट ने जब 15 दिन के कस्टडी भेज लिया तो केजरीवाल ने आतिशी और सौरभ का भी जेल जाने का रास्ता बना दिया। वहीं, प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि सोमवार से आम आदमी पार्टी के नेताओं का चेहरा और जुबान दोनों एक-दूसरे के साथ नहीं दे रहे हैं क्योंकि उन्हें उम्मीद ही नहीं थी कि जिस केजरीवाल को फायदा पहुंचाने के लिए शराब घोटाले तक में साथ दिया वह खुद इनको भी जेल भेजने की तैयारी कर देंगे। प्रेसवार्ता में मीडिया रिलेशन विभाग प्रमुख विक्रम मित्तल भी उपस्थित थे।

## भाजपा में शामिल होने के लिए आया ऑफर, नहीं तो एक महीने में होगी गिरफ्तारी : आतिशी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने मंगलवार को एक सनसनीखेज खुलासा करते हुए बताया कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने का ऑफर आया है। एक बेहद करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। उन्होंने कहा कि मुझे कहा गया- या तो भाजपा में शामिल हो जाओ, अपना राजनीतिक करियर बचा लो वर्ना महीनेभर में ईडी गिरफ्तार करेगी। मुझे कहा गया है कि कुछ दिनों में मेरे आवास पर ईडी की रेड की जाएगी, मेरे रिश्तेदारों-परिवार वालों के घर ईडी की रेड होगी, उसके बाद हमें समन भेजे जाएंगे और फिर गिरफ्तार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा मुझे, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा को गिरफ्तार करने की तैयारी में है। भाजपा को उम्मीद थी कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आप टूट जाएगी, बिखर जाएगी क्योंकि आप का सारा शीर्ष नेतृत्व जेल में है। लेकिन



रामलीला मैदान की रैली और पिछले 10 दिन से सड़क पर आप के संघर्ष के बाद भाजपा को लगता है कि, इनके शीर्ष 4 नेताओं को गिरफ्तार करना काफी नहीं था, इसलिए अगले 4 को गिरफ्तार करेंगे। आतिशी ने कहा कि हम भाजपा की धमकियों से डरने वाले नहीं है, हम अरविंद केजरीवाल के सिपाही है, जब तक आप के हर नेता-कार्यकर्ता में आखिरी सांस बची है, इस देश के संविधान की बचाने के लिए लड़ते रहेंगे। आतिशी ने कहा कि मैं देशभर के लोगों को ये बताना चाहती हूँ कि, भाजपा ने मेरे एक बेहद करीबी व्यक्ति के माध्यम से मुझे भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क किया। मुझे ये कहा गया कि, या तो भाजपा में शामिल हो जाओ, अपना राजनीतिक करियर बचा लो और अगर भाजपा में शामिल नहीं हुए तो आने वाले 1 महीने में मुझे ईडी द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आतिशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपना मन बना लिया है कि आम आदमी पार्टी और उसके सभी नेता को वो कुचलना और खत्म करना चाहते है। पहले उन्होंने आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। सत्येंद्र जैन जी की गिरफ्तारी हुई, मनीष सिसोदिया जी की गिरफ्तारी हुई, संजय सिंह जी की गिरफ्तारी हुई और अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को भी गिरफ्तार कर लिया गया गई।

■ लोकसभा चुनाव से पहले मुझे, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा को गिरफ्तार करने की तैयारी

## आप नेताओं द्वारा किए जा रहे प्रलाप नौटंकी : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा किए जा रहे प्रलाप को नौटंकी बताया है। उन्होंने कहा है कि आप विधायकों को खरीदने के आरोपों की सच्चाई जनता समझ चुकी है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है लेकिन आप नेता कोई सबूत देने की बजाय नित्य नई झूठी कहानी गढ़ रहे हैं। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी को तो झूठों की महारानी कहा जाना चाहिए क्योंकि इस मामले में उन्होंने अपने गुरू अरविंद केजरीवाल को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्हें पता है कि शराब घोटाले में उनकी, उनके साथी मंत्री सौरभ भारद्वाज के साथ-साथ अन्य आप नेताओं की भी भूमिका रही है। उनकी भूमिका के बारे में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी ईडी को पूछताछ में बता दिया है। अब इन नेताओं को भी गिरफ्तारी का डर सता रहा है। इसलिए वे कह रहे हैं कि उन पर छापेमारी की जाएगी, नोटिस भेजे जाएंगे और गिरफ्तार किया जाएगा। अगर घोटाले में नाम आया है तो फिर कानून अपना काम करेगा ही। इसके लिए किसी और को दोष देने की बजाय ये नेता अपने गिरेबार में झांककर देखें। बिधूड़ी ने कहा कि आप नेता फिर से घिसा-पिटा आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें खरीदने की कोशिश हो रही है।

### भ्रष्टाचार के कारण कम हुआ दिल्ली नगर निगम का संपत्ति कर : इकबाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के भ्रष्टाचार के कारण दिल्ली नगर निगम का संपत्ति कर कम हुआ है। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने मंगलवार को निगम में आप सरकार को लेकर यह बातें कही। उन्होंने बताया कि आप के भ्रष्टाचार के कारण दिल्ली नगर निगम के संपत्तिकर संग्रहण में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष लगभग 300 करोड़ रुपये की कमी आई है। उन्होंने आंकड़ों के साथ बताया कि दिल्ली नगर निगम को पिछले वित्तीय वर्ष में 2417 करोड़ रुपये संपत्ति कर के रूप में प्राप्त हुए थे। वहीं, इस वित्तीय वर्ष में दिल्ली नगर निगम को लगभग 2120 करोड़ रुपये संपत्ति कर के रूप में प्राप्त हुआ है यानी लगभग 300 करोड़ रुपये इस वित्तीय वर्ष में संपत्ति कर के रूप में कम प्राप्त हुआ है। वहीं दूसरी ओर, इस वर्ष करदाताओं की संख्या में भी लगभग एक लाख की कमी आई है। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा था कि पहली तिमाही में करदाताओं की संख्या बढ़ी है जिससे संपत्ति कर में इजाफा हुआ है। मगर पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष करदाताओं की संख्या में कमी आप के दावों की पोल खोल रही है।

## खड़गे यमुनापार से आज करेंगे लोकसभा चुनाव के लिए डोर टू डोर गारंटी कार्ड की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आगामी लोकसभा चुनावों के चलते कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज बुधवार को यमुना पार उत्तर पूर्वी संसदीय क्षेत्र की घोंडा विधानसभा से कांग्रेस का गांरटी कार्ड बांटकर लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। इस बारे में दिल्ली अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने बताया कि लोकसभा चुनावों में मतदाताओं के लिए कांग्रेस अपना गांरटी कार्ड जारी करेगी जिसे घर घर पहुंचाने की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे करने जा रहे है। खड़गे बुधवार को घोंडा विधानसभा के दूसरा पुस्ता, कैथवाड़ा क्षेत्र की आम जनता के घर घर जाकर अपने हाथों से कांग्रेस का गांरटी कार्ड बांटकर इस अभियान की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि इसस पहले 31 मार्च 2024 को रामलीला मैदान की लोकतंत्र बचाओ रैली में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने देश की 95 प्रतिशत जनसंख्या के लिए युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, किसान न्याय, हिस्सेदारी न्याय जैसे पांच न्याय के अंतर्गत 25 न्याय की माँगो को प्रमुखता से उठाया था। लवली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी परम्परा, इतिहास और विचारधारा के अनुरुप लोगों के जीवन के विकास, उत्थान और जीवन शैली को मजबूत बनाने के लिए आजादी के बाद से लगातार कार्य करती है। परंतु पिछले 10 वर्षों में भाजपा की तानाशाही सरकार ने बेरोजगारी और महंगाई पर नियंत्रण करने की बजाय देश को आर्थिक संकट की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों को स्वावलंबी बनाने की बजाय 85 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज लेने को मजबूर कर दिया है , जिसके बाद गरीब आदमी आत्मनिर्भर बनने की बजाय सरकार पर आश्रित बनकर रह गया है।

## सीवर एवं जल सप्लाई इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज में बढ़ोतरी कर दिल्ली वालों पर किया कुठाराघात : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मंगलवार को दिल्ली में सीवर एवं जल सप्लाई इंफ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि कर साबित कर दिया है कि वह एक जन विरोधी सरकार है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने इस मामले में मंगलवार को कहा कि दिल्ली में पहले ही जल बोर्ड के इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज बहुत अधिक है जिनका नागरिक एवं व्यापारिक संगठन विरोध करते रहे हैं और अब दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली जल बोर्ड से करवाई गई यह इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज वृद्धि आश्चर्यजनक है क्योंकि यह चुनाव से जुड़े मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के बीच की गई है। आश्चर्यजनक है कि केजरीवाल सरकार चुनाव का हवाला देकर भ्रष्टाचार के मुकदमों में राहत चाहती है पर जनता पर बोझ डालते हुऐ एक बार भी नहीं सोचा। सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज वृद्धि का बड़ा भार गरीबों पर डाला है पर निम्न वर्ग वाली ई.एफ.जी.एच. कॉलोनियों का जल सप्लाई इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज 10 प्रतिशत बढ़ाया है जबकि पाश ए एवं बी कैटेग्ररी कॉलोनियों पर केवल 5 प्रतिशत वृद्धि की गई है। इस तरह सीवर लाइन इंफ्रास्ट्रक्चर में भी 5 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि की गई है जो निम्न आय कॉलोनियों के लोगों को सीवर कनेक्शन लेने से हतोत्साहित करेगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने मांग की है कि दिल्ली जल बोर्ड अविलंब सीवर एवं जल सप्लाई इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज वृद्धि को वापस ले अन्यथा नागरिकों के विरोध के लिए तैयार रहे।

## संजय सिंह की पत्नी ने कहा, खुशियां अधूरी हैं क्योंकि मेरे तीन भाई अब भी हैं सलाखों के पीछे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को उच्चतम न्यायालय द्वारा मंगलवार को जमानत दिए जाने के बाद उनकी पत्नी अनीता सिंह ने कहा कि उनके तीन भाइयों अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के अब भी सलाखों के पीछे होने के कारण खुशियां अधूरी हैं।

सिंह की जमानत को सच्चाई की जीत करार देते हुए उनकी पत्नी ने कहा कि आप तब जश्न मनाएगी, जब उसके सभी नेता मामले में रिहा होंगे। अनिता सिंह ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि जब तक मेरे तीनों भाई अरविंद



जी, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन हिरासत से बाहर नहीं आ जाते, ये खुशी अधूरी है। ये सत्य की जीत है। मुझे न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा था। उन्होंने कहा कि यह जश्न मनाने का सही मौका नहीं है। जब मेरे सभी भाई बाहर होंगे, तो हम एक साथ जश्न मनाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या शराब घोटाले में 'आप' के शीर्ष नेताओं के फंसने से पार्टी की राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है, तो इसपर अनीता सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी की राजनीति को कोई खतरा नहीं है। मेरे भाई जेल से बाहर आ जायेंगे। संजय जी पहले ही बाहर हैं। हम अब उनका इंतजार कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने के बाद सिंह के आवास पर जश्न मनाया गया तथा उनके परिवार के सदस्यों और समर्थकों ने लोगों के बीच मिठाइयां बांटीं।

# आनलाइन गेमिंग व निवेश के नाम पर ठगी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़

◆ आनलाइन गेमिंग में ज्यादा प्रॉफिट का प्रलोभन देकर अलग-अलग कंपनियों में गेम खिलाने तथा इन्वेस्टमेंट कराने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

आनलाइन गेमिंग में ज्यादा प्रॉफिट का प्रलोभन देकर अलग-अलग कंपनियों में गेम खिलाने तथा इन्वेस्टमेंट कराने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 28 मोबाइल फोन व 3 लैपटॉप बरामद कर कार्रवाई शुरु कर दी है।



**सरगना सहित आठ गिरफ्तार, 28 मोबाइल व 3 लैपटॉप बरामद**

### मुनाफे का दिया झांसा

एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान के निर्देशन में गठित टीम ने सेक्टर-52 स्थित ऑफिस पर रेड की। टीम ने पाया कि आफिस अवैध तरीके से संचालित किया जा रहा है। जिसमें आरोपियों द्वारा गेम खिला कर निवेश करने के नाम पर धोखाधड़ी कर ठगी करना पाया गया। पुलिस टीम ने रैकेट के मालिक/संचालक सहित आठ आरोपियों को काबू कर लिया। जिनकी पहचान रैकेट के संचालक 42 वर्षीय सुनील कुमार उर्फ सोनू, पवन, अर्शदीप, तरुण, सिरसा के पारसदीप, दीपक, हिमांशु व जम्मू कश्मीर के राजेंद्र के रुप में हुई।

### सेलरी व कमीशन बेस पर काम करते थे आरोपी

पुलिस द्वारा काबू किए गए आरोपी 18 से 25 साल तक के युवा हैं। इस रैकेट का एक सदस्य श्रीलंका से भी इस तरह की अवैध गतिविधियां चलाता है। सुनील ने आरोपियों को सेलरी/ कमीशन पर रखा है और ठगी गई राशि में से कमीशन/ बोनस के तौर पर 2 प्रतिशत देता था। सुनील पिछले 1 वर्ष से अपने एक अन्य साथी तथा आरोपियों के साथ मिलकर यह काम कर रहा है। ये खुद को विभिन्न कंपनियों के कर्मचारी बताकर लोगों से बातचीत करके उनको गेमिंग तथा निवेश का लालच देता है।

## खबर संक्षेप

### बिना कारण आपत्ति वापस, 3 पर जुर्माना




**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम आयुक्त ने 3 कर्मचारियों द्वारा बिना किसी ठोस कारणों के 3 व्यक्तियों द्वारा लगाई गई आपत्ति को वापस लिए जाने पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना लगाकर उनके वेतन से काटने के निर्देश दिए। आयुक्त ए मोना श्रीनिवास ने कराधान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों द्वारा किए गए आपत्ति का जल्द निपटारा करें तथा बिना कारण के आपत्ति वापस न लें।

### अध्यापक मंच ने किया शिक्षामंत्री का स्वागत



**फरीदाबाद।** बड़खल विधायक एवं प्रदेश की नवनियुक्त शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा का राजकीय अतिथि अध्यापक मंच के पदाधिकारी उनके निवास पर जाकर उनसे मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। मंच के जिला संयोजक ईनामी सिंह तेवतिया ने इस अवसर पर कहा कि फरीदाबाद का यह सौभाग्य है जो शिक्षा मंत्रालय जिले के हिस्से में आया है। अध्यापक वर्ग अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### युवती को भगाने के मामले में दो आरोपी बरी



**फरीदाबाद।** शादी की नीयत से युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में दो आरोपियों को अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। मामला वर्ष 2020 से अदालत में विचाराधीन था। व्यक्ति ने थाना बीपीटीपी पुलिस में गांव के ही अमित व राजू उर्फ भूरा पर अपनी पुत्री को शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर भाग ले जाने का आरोप लगाया था।

### ब्लैक फिल्म लगे 104 वाहनों के काटे चालान



**फरीदाबाद।** यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर वाहन चालकों के चालान काटे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि वाहनों पर ब्लैक फिल्म लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ब्लैक फिल्म लगाने की वजह से वाहनों के अंदर कुछ दिखाई नहीं देता जिसकी वजह से आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं।

### बाइक चोरी की वारदात को 4 घंटे में सुलझाया



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी दयालबाग प्रभारी विजयपाल की टीम ने बाइक चोरी की वारदात को मात्र चार घंटे में सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी का नाम पप्पू है । 29 मार्च को दीपक नामक व्यक्ति ने पुलिस चौकी में शिकायत दी थी कि वह दयालबाग आया था । वहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने नाकाबंदी कर थोड़ी देर में आरोपी पप्पू को काबू कर लिया।

### देशी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा 48 प्रभारी हिमांशु की टीम ने आरोपी को देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी कुंदन को क्राइम ब्रांच ने पर्वतीय कॉलोनी सरपंच चौक से अवैध हथियार सहित काबू किया था। आरोपी को सारन थाने लाकर मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई, जिसमें सामने आया कि आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी चोरी के मुकदमे दर्ज हैं ।

## गाजियाबाद लोस की जीत को ऐतिहासिक बनाने भाजपा व रालोद की बैठक

# राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं ने भाजपा प्रत्याशी को जिताने का लिया संकल्प

भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल की समंवय बैठक का आयोजन लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में किया गया। बैठक का उद्देश्य दोनों दलों और कार्यकर्ताओं के समंवय को स्थापित करना था जिससे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को बहुमत से जिताया जा सके।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल की समंवय बैठक का आयोजन लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में किया गया। बैठक का उद्देश्य दोनों दलों और कार्यकर्ताओं के समंवय को स्थापित करना था ताकि भाजपा प्रत्याशी को जिताया जा सके। गाजियाबाद लोकसभा की जीत को ऐतिहासिक बनाने का रहा। इस महत्त्वपूर्ण बैठक के संयोजक पूर्व महापौर आशु वर्मा थे।।

राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव त्रिलोक त्यागी ने अपने संबोधन में कहा देश के प्रधानमंत्री मोदी ने स्व. चौधरी चरण सिंह का सम्मान करके हम सभी के दिलों को जीता है हम अपने आप को एनडीए का मजबूत हिस्सा साबित करने के लिए अतुल गर्ग की जीत को ऐतिहासिक बनाने का काम करेंगे हमारे पार्टी के कार्यकर्ता और नेता की उपयोगिता आपके साथ पूरे लोकसभा क्षेत्र में जहां चाहे वहां उपयोग में तत्पर रहेगी। भाजपा के प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने कहा एनडीए गठबंधन इस बार 400 पार के नारे को साकार करने की शुरुआत गाजियाबाद की ऐतिहासिक जीत के साथ करेंगे।

**खास बातें**

- पीएम मोदी ने स्व. चौधरी चरण सिंह का सम्मान कर सभी का दिल जीत लिया
- दोनों दलों ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया



### ये नेता रहे मौजूद

बैठक में आरएलडी जिलाध्यक्ष अमित त्यागी, महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, विधायक अजीत पाल त्यागी लोकसभा एनडीए प्रत्याशी अतुल गर्ग, पूर्व अध्यक्ष मनोज धामा, इंद्रजीत सिंह टीटू, अमरजीत बिड्डी, धर्मपाल, मनवीर चौधरी, अजय वीर चौधरी, ओडी त्यागी, महामंत्री पप्पू पहलवान आदि मौजूद थे।

**चौधरी चरण सिंह और दीनदयाल की सोच थी एक जैसी थी**

*कार्यक्रम के संयोजक आशु वर्मा ने कहा दलों की मजबूरी कभी-कभी राजनीतिक पृष्ठभूमि में हो सकती है लेकिन हम सभी के दिल तो पहले से ही मिले हुए थे क्योंकि किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह और पं. दीनदयाल उपाध्याय की सोच बिल्कुल एक जैसी थी। भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और लोकदल की महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने बारी-बारी से दोनों दलों के परिवार से आए सभी नेताओं का कार्यकर्ताओं का दिल से आभार जताते हुए लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग को उनके ऐतिहासिक जीत के लिए आश्वत किया।*

## कुत्ते को घर के सामने

# शौच कराने से मना किया तो परिवार पर हमला

▶▶ घर के बाहर कुत्ते को शौच कराने से मना करने पर युवक ने अपने परिजनों के साथ मिलकर परिवार पर हमला कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

न्यू कॉलोनी थाना एरिया में घर के बाहर कुत्ते को शौच कराने से मना करने पर युवक ने अपने परिजनों के साथ मिलकर परिवार पर हमला कर दिया। आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मौके पर पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में ज्योति पार्क की पूनम ने कहा कि बीती सुबह करीब छह बजे उनके घर के पास फिरोज गांधी कॉलोनी का शिवम अपना डॉग लेकर आया। वह डॉग को उनके घर के बाहर ही शौच कराने लगा। इसके लिए उनके बेटे शुभम ने मना किया तो शिवम ने शुभम को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद शिवम अपने परिजनों को लेकर आ गया और उनके परिवार पर हमला कर दिया।




### परिवार को काफी चोटे आईं

आरोप है कि शिवम व उनके परिवार ने लोहे की रॉड, डंडे, स्टील की रॉड आदि से उनके परिवार पर हमला कर दिया। जिसमें उन्हें व उनके परिवार को काफी अधिक चोटे लगी हैं। वारदात के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चले गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## लंदन जाने का था प्लान

# वीजा लगवाने के नाम पर एडवोकेट से डेढ़ लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




सेक्टर-40 थाना एरिया में लंदन का वीजा लगवाने के नाम पर एक एडवोकेट से डेढ़ लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-31 के संचित कक्स ने कहा कि वे पेशे से एडवोकेट हैं और गुरुग्राम की अदालत में प्रेक्टिस करते हैं। उन्होंने लंदन जाने का प्लान बनाया था।

ऐसे में वह दिसंबर 2023 में वीजा प्रोसेस पूरा करने के लिए दिल्ली के कनॉट प्लेस गए थे। यहां उनकी मुलाकात राजा कुमार सिंह से हुई। राजा ने उन्हें वीजा दिलाने में मदद करने की बात कही। इस काम में डेढ़ लाख रुपए खर्च होने की बात कही। रुपए देने के लिए जब संचित कक्स ने हामी भरी तो राजा ने उन्हें इजी माई ट्रिप के कथित डायरेक्टर आरके सिंह से महिपालपुर एक्सटेंशन में मिलवाया। फॉरमेलिटी पूरी करने के नाम पर उसने पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज लेने के साथ ही डेढ़ लाख रुपए ले लिए। वीजा 15 दिन में पोस्ट के जरिए घर भेजे जाने की बात कही। आरोप है कि रुपए लेने के बाद से आरोपी उन्हें वीजा के नाम पर टरकाने लगा। 15 दिन बाद भी जब वीजा नहीं आया तो उन्होंने आरोपी से संपर्क किया, लेकिन वह कोई संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दे रहा था। जब वह आरके सिंह के ऑफिस गए तो पता लगा कि आरोपी ने अपना ऑफिस बंद कर दिया है। इस पर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी।

## लूट का विरोध करने पर की थी हत्या

# दिल्ली के कारोबारी की गला घोंटकर हत्या करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

लूट का विरोध करने पर युवक की हत्या करने वाले एक ऑटो चालक के हेल्पर को गिरफ्तार किया है। मृतक का शव टीला मोड़ थाना इलाके में मिला था। जबकि वह कश्मीरी गेट दिल्ली का निवासी था। उसके कब्जे से एक ऑटो भी बरामद किया गया है। डीसीपी ट्रांसहिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि 9 अक्टूबर 2023 को टीला मोड़ थाना इलाके में एक युवक का शव बरामद हुआ था। जिसकी पहचान उसकी राजू श्रीवास्तव के रूप में हुई थी।

पत्नी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7 अक्टूबर 2023 को मेरे पति दुकान बंद करके घर पर आ रहे थे परन्तु मेरे पति घर नहीं पहुंचे। मैंने अपने पति को सभी रिश्तेदारी और मिलने-जुलने वाले व्यक्तियों से काफी पता किया। लेकिन मेरे पति का कुछ पता नहीं चला। शव मिलने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### पोस्टमार्टम में दम घुटने से मृत्यु बताया

पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में राजू की मृत्यु दम घोटने के कारण होना पाया गया है । पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया। थाना टीला मोड़ पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इनपुट, सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व मुखबिर की सूचना के आधार पर घटना में संलिप्त शुभम चौहान निवासी ए-1/163 प्रेम विहार शिव विहार करावल नगर दिल्ली को भोपुरा तिराहे से गिरफ्तार किया गया ।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

# सेहतमंद व्यक्ति ही प्राप्त कर सकता है अपना लक्ष्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव के राजकीय प्राइमरी स्कूल में एकॉर्ड अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने किया। विधायक राजेश नागर ने कहा कि एक सेहतमंद व्यक्ति ही अपने जीवन में तय किए लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है क्योंकि बीमारी और रोगी व्यक्ति अपनी संपूर्ण क्षमता के साथ काम नहीं कर पाता है। लेकिन जो व्यक्ति पूरी तरह से स्वस्थ होता है कि वह योजनाओं को बना भी सकता है और उन्हें लागू भी कर सकता है।

उन्होंने कहा कि सेहत को अपनी प्राथमिकता में शामिल करें और कोई भी परेशानी महसूस होने पर तुरंत योग्य चिकित्सक से जांच करवाएं जिससे समय रहते बीमारी को पकड़कर उसका निदान किया जा सके। नागर ने लोगों से अपील की कि वह खुद को स्वस्थ रखने के लिए प्रातः टहलने का नियम बनाएं और अच्छा भोजन करें।

### हेपेटाइटिस बी एवं सी की भी जांच की गई

शिविर में पेट, आंतों, लिवर रोगों, दिमाग और स्पाइन रोगों, श्वास रोग, महिला रोगों की निशुल्क जांच की गई वहीं बीपी, शुगर, ईसीजी, हीमोग्लोबिन, हेपेटाइटिस बी एवं सी की भी जांच की गई। इस अवसर पर डॉ आरसी सोनी, तिगांव के सरपंच विक्रम प्रताप नागर, अमन नागर, अजय पाल, खलीफा धर्मवीर, सतराम नागर, विनोद भड़ाना, पवन बीडीसी जगदीश मैंबर, राजकुमार मैंबर, दुष्यंत पंडित, पहलवानजी, सुनील बीडीसी, ईश्वर यादव, नरेश मैंबर आदि अनेक लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## आरटीआई से हुआ खुलासा

# बुजुर्गों की रेल टिकट छूट खत्म कर रेलवे ने कमाए चार साल में 5800 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

रेल टिकट में कोरोना काल से पहले मिलती आ रही छूट को बहाल करने की अपील कई बार वरिष्ठ नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की है लेकिन अभी तक उनकी अपील पर कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की गई है। पहले महिला यात्रियों को ट्रेन किराए में 50 प्रतिशत व वरिष्ठ नागरिकों को 40 प्रतिशत की छूट मिलती थी। एक आरटीआई से मिले जवाब से खुलासा हुआ है कि बुजुर्ग यात्रियों से छूट वापस लेकर रेलवे ने रोज करीब 4 करोड़ रुपए व चार साल में 5800 करोड़ रुपए कमाए हैं।

### बुजुर्गों ने 13287 राजस्व अदा कर रेल यात्राएं की



मध्य प्रदेश निवासी चंद्र शेखर गौड़ द्वारा आरटीआई के द्वारा मांगी गई जानकारी से यह भी खुलासा हुआ है कि चार साल की अवधि में लगभग 13 सौ करोड़ पुरुष, नौ करोड़ महिला और 33700 ट्रांसजेंडर वरिष्ठ नागरिकों ने लगभग 13287 करोड़ रुपए का कुल राजस्व देकर ट्रेन यात्राएं की हैं । पहले मिलती आ रही रेल टिकट छूट की गणना करने पर यह राशि 5875 करोड़ से अधिक बैठती है। सीनियर सिटीजन व हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि माल ढुलाई में रेलवे ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, काफी राजस्व कमाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पुनः अपील की है कि रेलवे के बढ़ते राजस्व को देखते हुए रेल टिकट में मिलती आ रही छूट को बहाल किया जाए।

## आईपीएल में सट्टा लगाने की सूचना पर

# रेड करने पहुंची पुलिस पर पथराव, 3 कर्मी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

थाना सूरजकुंड अंतर्गत गांव बडख़ल में बीती रात क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम सट्टा खेलने और खिलाने की सूचना मिलने के बाद छापेमारी करने के लिए पहुंची थी। इस दौरान टीम को आता देख सभी स्टोरिए मौके से फरार हो गए। जिसके बाद टीम ने उनकी तलाश शुरू की तो वहां मौजूद महिला-पुरुषों ने टीम पर पथराव कर दियाए इस दौरान क्राइम ब्रांच टीम की गाड़ी का शीशा टूट गया और 3 पुलिस कर्मी घायल हो गए।

क्राइम ब्रांच इंचार्ज नवीन ने बताया कि उन्हें सूचना थी कि बड़खल के रहने वाले अख्तर के घर में आईपीएल मैच को लेकर सट्टा लगाया जा रहा है, जिसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम लगभग 10 बजे बीती रात जब वहां पर छापेमारी करने पहुंची तब क्राइम ब्रांच की टीम को आता देख सट्टा खेलने वाले सभी सटोरी मौका पाकर फरार हो गए।




### सिविल अस्पताल में घायलों का कराया इलाज

आरोपियों की तलाश में जब अपराध शाखा की टीम ने आस-पास के घरों की तलाशी लेने शुरू की तो वहां पर मौजूद महिलाओं व पुरुषों ने पुलिस कर्मियों पर पथराव कर दिया। जिसके चलते क्राइम ब्रांच की गाड़ी का शीशा टूट गया। वहीं, तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इस मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 के इंचार्ज नवीन ने बताया कि उनकी टीम पर हुए पथराव में क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 से हेड कांस्टेबल सहदेव और संदीप घायल हुए हैं। इस घटना की सूचना मिलने के बाद चौकी इंचार्ज विनोद के साथ मौके पर पहुंच गए। हेड कांस्टेबल राकेश को भी चोट आई हैं। तीनों घायल जवानों का बादशाह खान सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार और मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा।



तेजस

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर उतरेंगे जगुआर, मिराज, सुखोई और तेजस, 12 अप्रैल तक वाहनों की आवाजाही रहेगी बंद

## 'गगन शक्ति' अभियान नाम से यूपी में वायु सेना का बड़ा युद्धाभ्यास


जगुआर

- 2 अप्रैल को सुबह 8 बजे से 11 अप्रैल को दोपहर बारह बजे तक यातायात सर्विस रोड से होगा
- बांगरमऊ, उन्नाव के पास बनी एयरस्ट्रिप पर लड़ाकू विमान अभ्यास के लिए टेक ऑफ व लैंडिंग करेंगे
- 2 से 11 अप्रैल तक हवाई पट्टी के साढ़े तीन किमी क्षेत्र को ब्लाक रखा जाएगा
- अभियान में देश के सभी वायु सेना स्टेशन की भागीदारी होगी
- वायु सेना के लड़ाकू विमान जगुआर, मिराज, सुखोई और तेजस हिस्सा लेंगे
- एक्सप्रेसवे की एयरस्ट्रिप में तीसरी बार हो रही लड़ाकू विमानों की रिहर्सल
- 6 और 7 अप्रैल को जगुआर, सुखोई, मिराज-2000 विमान यहां उतरेंगे
- इससे पहले पहली बार 2016 में भारतीय वायु सेना ने छह लड़ाकू विमान उतारे थे




सुखोई


मिराज

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भारतीय वायु सेना ने देश भर के सैन्य हवाई अड्डों के जरिए अब तक सबसे बड़ा युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। इस युद्धाभ्यास के दायरे में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे भी है। यूपीडा ने इस एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा 12 अप्रैल तक बंद करने का निर्णय लिया है। विकल्प के तौर पर सर्विस रोड से वाहन गुजर सकेंगे। यूपीडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीहरि प्रताप शाही ने इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि भारतीय वायु सेना के गगन शक्ति के अंतर्गत अभ्यास के लिए आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे एयरस्ट्रिप का उपयोग किया जाएगा।

### सीएम योगी ने पीलीभीत, बरेली और बदायूं में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा

# भाजपा ही भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने में सक्षम आम चुनाव भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस के बीच

एजेंसी ▶▶ पीलीभीत

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव को 'भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस' का मुकाबला करार देते हुए दावा किया कि सिर्फ भाजपा ही भ्रष्टाचारियों और माफिया तत्वों को जेल में डाल सकती है। आदित्यनाथ ने पीलीभीत लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार जितिन प्रसाद के समर्थन में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों और माफिया की जगह जेल में होनी चाहिए। यह तय करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की सरकार चाहिए। यह कार्य भाजपा के नेतृत्व में ही हो सकता है।

सीएम ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले देश में अविश्वास और अराजकता थी। आम जनमानस में सरकार, सत्ता और राजनीतिज्ञों के प्रति विश्वास नहीं रह गया था। ऐसे में दुनिया ने भारतवासियों को सम्मान देना बंद कर दिया था। वह एक दौर था, जब अन्नदाता किसान आत्महत्या कर रहे थे। युवा पलायन को मजबूर थे, देश में उग्रवाद और नक्सलवाद हावी था। वहीं 2014 के बाद केंद्र में भाजपा की सरकार बनने पर देश की तस्वीर बदल गयी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव को पीलीभीत, बरेली और बदायूं में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों और माफिया की जगह जेल में होनी चाहिए। यह तय करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की सरकार चाहिए। यह कार्य भाजपा के नेतृत्व में ही हो सकता है।

**खास बातें**
- वर्ष 2014 के पहले देश में अविश्वास और अराजकता थी
- नौजवान अब पलायन नहीं करता
- बेटियां सुरक्षित महसूस करती हैं



**यूपी में 'बमबाजी' नहीं, 'हर-हर बम' होगा**



सीएम योगी ने जनपद बदायूं में कहा कि यहां की धरा ऋषि-मुनियों और वेदों की पावन धरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन सके, इसके लिए यहां की जनता का आशीर्वाद और समर्थन भाजपा के साथ है। उन्होंने कहा कि यूपी में 'बमबाजी' नहीं होगी, 'हर-हर, बम-बम' होगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव 'जातिवाद' बनाम 'गरीब-कल्याण' का है। पीएम नरेंद्र मोदी ने वो कार्य किए हैं जो पहले असंभव लगते थे।

**दुनिया में देश का सम्मान बढ़ा**

योगी ने कहा कि आज दुनिया नए भारत का दर्शन कर रही है। इसमें सुरक्षा, समृद्धि, नौजवान को रोजगार और आमजन को आस्था की गारंटी मिल रही है। आज दुनिया में देश का सम्मान बढ़ा है। देश और प्रदेश का नौजवान अब पलायन नहीं करता है बल्कि खुद का स्टार्टअप स्थापित कर रहा है। बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं, बल्कि फाइटर प्लेन पायलट बनकर भारत की सुरक्षा का सिंहनाद कर रही हैं। देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर के राज्यों का उग्रवाद और नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो चुका है।

**यूपी में अपराधी-माफिया पस्त**

सीएम ने कहा कि यूपी में अपराधी-माफिया पस्त और बेटी-व्यापारी सुरक्षित हैं। प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। प्रदेश में कर्फ्यू पर पूरी तरह से लगाम लगी है, लेकिन कांवड़ यात्रा धूमधाम से निकल रही है। सीएम ने कहा कि भारत अपनी विरासत और विकास दोनों में बेहतर समन्वय बनाकर कार्य कर रहा है। पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज, रोड और पुल के सारे प्रस्ताव को स्वीकृत कर सरकार ने विकास की नई धारा के साथ इसे जोड़ने का काम किया है।

**जंगली जानवरों से हुआ नुकसान आपदा श्रेणी में**

योगी ने कहा कि पीलीभीत में वन्य जीव और मानव के संघर्ष को रोकने के लिए जंगल के बीच में पड़ने वाली किसानों की जमीन के चारों ओर इलेक्ट्रिक फेंसिंग का काम किया गया है। इसके अलावा जंगली जानवरों से किसानों को बचाने और जनहानि को आपदा की श्रेणी में शामिल कर अन्नदाताओं के लिए मुआवजे की व्यवस्था प्रदेश सरकार लागू कर चुकी है। डबल इंजन सरकार में एक जिला, एक उत्पाद के अंतर्गत पीलीभीत का बांसुरी उद्योग और अधिक समृद्ध हुआ है।

# विपक्ष के छलिया व गुमराह करने वाले एजेंडे को ध्वस्त करेंगे कार्यकर्ता: सीएम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़/करनाल

लोकसभा चुनाव और करनाल विधानसभा के उपचुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने करनाल विधानसभा कोर कमेटी एवं यहां के चार मंडलों की बैठकों में शामिल होकर चुनावी रणनीति को धार दी। इन पांचों बैठकों में मुख्यमंत्री ने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों और योजनाओं का फीडबैक लिया तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। लोस चुनाव और करनाल विधानसभा के उपचुनाव को जीतने की रणनीति पर पदाधिकारियों संग व्यापक स्तर पर चर्चा की। पहली बैठक विस कोर कमेटी की हुई। इसमें कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों को लेकर बातचीत की। कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने भी अब तक हुई चुनाव की तैयारियों के संबंध में नायब सिह सैनी को बताया।करनाल विधानसभा कोर कमेटी और अर्बन मंडल, कर्ण मंडल, शहरी मंडल और राम नगर मंडल में प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं को विपक्ष के जनता को छलने वाले और गुमराह करने वाले एजेंडों से आगाह करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियां वोटों के लिए राष्ट्रीय हितों से समझौता करने की किसी भी हद तक जा सकती है। भाजपा कार्यकर्ताओं को विपक्ष के मंसूबों को सफल नहीं होने देना है।


करनाल। पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

## पूर्व सीएम हुड्डा और केजरीवाल पर भी हमला

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की जनता जानती है कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में किस तरह से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। भाजपा के कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर कांग्रेस व घमंडियां गठबंधन के इन्हीं भ्रष्टाचारों को बताना है। सैनी ने कहा कि मोदी सरकार और डबल इंजन सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर बताएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम जारी रखें। सीएम सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा के प्रत्याशी मनोहरलाल को ऐतिहासिक मार्जिन से जीतने के साथ-साथ उपचुनाव की जीत को भी प्रचंड एवं एतिहासिक बनाना है। उधर करनाल में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने करनाल में घमंडिया गठबंधन के नेताओं के भ्रष्टाचार पर तीखा हमला बोला है। मंगलवार को संगठनात्मक बैठकों में शामिल होने से पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल पार्टियों के कई नेताओं पर भ्रष्टाचार के दाग लगे हुए हैं, जो जनता को साफ-साफ दिखाई दे रहे हैं। दिल्ली रामलीला मैदान में इन भ्रष्ट नेताओं ने इस तरह का दृश्य पेश किया है जैसे कि ये भ्रष्टाचार में गोल्ड मैडल लेकर आए हैं। संगठनात्मक बैठने लेने से पहले मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जमकर विपक्ष पर हमला बोला। यहां उन्होंने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल की कथनी और करनी अलग-अलग है। केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं, लेकिन अभी पद का मोह नहीं छूट रहा है।

# पेज एक का शेष

### आप नेता 6 महीने बाद...

यह भी पूछा कि क्या कोई पैसा है बरामद किया गया या कुर्क किया गया। ईडी के पास इसका कोई जवाब नहीं है। उनकी रिहाई ऐसे समय में हुई है जब आप पार्टी 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले नेतृत्व की कमी से जूझ रही है। इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया तिहाड़ जेल में बंद हैं। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि आप नेता अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं, लेकिन मामले के संबंध में कोई बयान नहीं दे सकते। पीठ ने कहा कि सिंह पूरे मुकदमे के दौरान जमानत पर बाहर रहेंगे और जमानत के नियम और शर्तें विशेष अदालत द्वारा तय की जाएंगी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि उन्होंने जांच एजेंसी से निर्देश ले लिए हैं और अगर संजय सिंह को जमानत दी जाती है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है।

### इस आधार पर...

शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय को प्राप्त करने, रखने, छिपाने, फैलाने और उपयोग करने में शामिल थे।

### कांग्रेस ने 30 वर्ष...

नड्डा ने कहा कि डॉ. यादव को मुख्यमंत्री बने हुए केवल 3 महीने ही हुए हैं। 3 महीने में ही उन्होंने इस इलाके के लिए, किसानों के लिए, आम आदमी के लिए, युवाओं के लिए, गरीबों के लिए, महिलाओं के लिए जो काम किया उसका रिपोर्ट कार्ड आपके सामने रख दिया। यह परिवर्तन है, यह राजनीतिक दृष्टि से सोचने का तरीका है। प्रधानमंत्री का अनुकरण करते हुए डॉ. यादव के नेतृत्व में सरकार मप्र की चिंता कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा कार्यक्रम को संबोधित किया। नड्डा ने पिछले एक दशक की मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों को उपस्थित प्रबुद्धजनों के समक्ष रखते हुए विपक्षी इंडी गठबंधन पर भ्रष्टाचार एवं परिवारवाद का आरोप लगाते हुए जमकर निशाना साधा। इस मौके पर मप्र सरकार के मंत्री राकेश सिंह, जबलपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित समाज के प्रबुद्धजन मौजूद थे। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने ऐसी मानसिकता बना दी थी, जहां लोगों को अहसास होने लगा कि अब कुछ नहीं होने वाला है। देश ऐसे ही चलता रहेगा और कोई बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल में जन-जन के मन में यह विश्वास आया है कि देश में बदलाव हो सकता है, बदलाव हुआ है और आगे भी बदलाव होगा।

### कांग्रेस के नेता ...

और जा सकते हैं। अपने अमरकंटक के अंदर शहडोल की पट्टी पर उतरकर के वहां से लोग आएंगे और दर्शन करके जाएंगे। हमने निर्णय किया है कि हमारी हवाई पट्टी पर इंटर स्टेट एविएशन के माध्यम से जिनको अर्जेंट में जाना हो छोटे प्लेन के माध्यम से हमारे यात्री उसका भी लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले के अंदर अलग-अलग प्रकार के उद्योग लगाने की श्रृंखला तैयार कर रहे हैं। हमने तय किया है कि कोदो कुटकी पर 1000 प्रति क्विंटल सरकार अलग से बोनस देगी। 125 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस हमने गेहूं पर दिया है। धान का भी बोनस हमारे किसानों को दिया जाएगा।

### ऑटो ओवरटेक कर...

ऑटो किसी गाड़ी को ओवरटेक कर रहा था, तभी सामने से आ रही डंपर से टकरा गया। दोनों की रफ्तार काफी तेज थी। हादसे के बाद ऑटो पिचक गया। कुछ लोग गाड़ी में फंस गए, तो कुछ छिटक कर हाईवे पर गिर गए। सभी खून से लथपथ थे। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने हाईवे पर पड़े लोगों को अस्पताल भेजा। जबकि ऑटो में फंसे लोगों को क्रेन की मदद से निकाला गया। इस दौरान मौके पर ही 3 की मौत हो गई। जबकि 4 ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा।

**कर्वी रेलवे स्टेशन से चित्रकूट जा रहे थे:** लोगों ने बताया कि मंगलवार सुबह ट्रेन से कुछ श्रद्धालु कर्वी रेलवे स्टेशन पर उतरे। इसके बाद वह ऑटो से चित्रकूट जा रहे थे। ऑटो में ड्राइवर समेत 8 लोग सवार थे। मृतकों में एक युवती समेत 7 लोग हैं। मृतकों में तीन लोग अखिलेश (30) और अनिरुद्ध (22), अतर सिंह (50) कन्नौज के रहने वाले थे। वहीं दो लोग युवती निधि सोनी (19) और उसका भाई धर्मेंद्र सोनी (30) हमीरपुर की रहने वाले थे। वहीं ऑटो ड्राइवर निर्भय निवासी चित्रकूट और अहमदगंज निवासी प्रेमलाल का 17 वर्षीय बेटे सूरज की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

### ले.जनरल सिदाना ने...

ने 1 अप्रैल, 2024 को इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियर्स (डीजीईएमई) के 33वें महानिदेशक और ईएमई कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट के रूप में पदभार संभाला। अपने 38 वर्षों से अधिक के करियर के दौरान, उन्होंने कई महत्वपूर्ण रेजिमेंट, कमान, अनुदेशात्मक और स्टाफ नियुक्तियों के पद संभाले हैं। अपनी वर्तमान नियुक्ति से पहले, वे दो साल की अवधि के लिए ईएमई के मिलिट्री कॉलेज के कमांडेंट पद पर थे। सिदाना मध्य कमान मुख्यालय के ईएमई के मास्टर जनरल रहे हैं और उन्होंने आर्मी बेस वर्कशॉप और ईएमई सेंटर की कमान संभाली है।

### गले में फंदा डालकर...

देखा। परिजन और पुलिस को सूचना दी। मामला सोमवार का है। पुलिस को मौके पर अभिषेक के मोबाइल पर वीडियो कॉल के लिए कैमरा चालू मिला। हालांकि, दूसरी तरफ से कॉल कट किया जा चुका था। इसके आधार पर मंगलवार को पुलिस ने गलती से फांसी लगने के पॉइंट्स पर जांच आगे बढ़ाई है। अभिषेक के पिता कैलाश रघुवंशी इंदौर कलेक्ट्रेट में एसडीएम के ड्राइवर हैं। परिवार मल्हारगंज थाना इलाके के कंडीलपुरा में रहता है। कैलाश के तीन बेटे हैं। अभिषेक सबसे छोटा बेटा था। बड़ा बेटा शहर से बाहर रहता है।

**माता-पिता और भाई घर से बाहर गए थे:** सोमवार को कैलाश पत्नी समेत घर से बाहर गए थे। मंझला बेटा मोटरसाइकिल की सर्विसिंग कराने मैकेनिक शॉप पर गया था। लौटा तो घटना का पता चला। एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया, 'पुलिस को पहले लगा था कि मामला सुसाइड का है। जांच के दौरान पता चला है कि अभिषेक किसी को मोबाइल पर कॉल कर कह रहा था कि वह सुसाइड कर रहा है। उसने गले में फंदा लगाया और स्टूल पर खड़ा हो गया। इस दौरान स्टूल खिसक गया। हमें शक है कि अभिषेक ने जिसे कॉल किया था, वह कोई लड़की है।' उन्होंने कहा कि जिस कमरे में घटना हुई है, उसे फिलहाल सील कर दिया गया है। भाई द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पॉइंट्स नोट किए हैं। आगे की जांच की जा रही है।

### पांच राज्यों में बदले 8 ...

सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के नामों का एक पैनल आयोग को भेजें और स्थानांतरित किए गए अधिकारियों के स्थान पर 'शॉर्टलिस्ट' किए गए लोगों को नियुक्त किया जाएगा

### विस्तारा की 80 से..

और डिले की वजह से पैसेंजर्स को रही असुविधा के लिए भी खेद जताया है। इस असुविधा से निबटने के लिए कंपनी ग्राहकों को या तो अल्टनेट फ्लाइट का ऑप्शन दे रही है या फर उन्हें नियमानुसार रिफंड दिया जा रहा है।

### भारत में 12 हजार...

भूमिका निभाएगा। प्लांट का निर्माण 2024 में शुरू होने वाला है। 2026 की पहली तिमाही में इसके चालू होने की उम्मीद है। पेप्सिको के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत व दक्षिण एशिया) जागृत कोटेचा ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार के समर्थन से हमारा लक्ष्य क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बढ़ाने में प्रभावशाली प्रगति करते हुए अपनी पहुंच का विस्तार करना है। पेप्सिको इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेवरेजेज जॉर्ज कोवूर ने कहा कि नई इकाई भारत में कंपनी की दूसरी (फ्लेवर) विनिर्माण सुविधा होगी। कंपनी की वर्तमान में पंजाब के चन्नो में एक (फ्लेवर) विनिर्माण सुविधा है।

### पेप्सिको के प्लांट में ...

बनाने के लिए असम कौशल विकास मिशन और रोजगार और शिल्पकार प्रशिक्षण निदेशालय के साथ एक त्रिपक्षीय एमओयू साइन किया है। कंपनी का लक्ष्य कम से कम 75 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व का है।

### सपा और कांग्रेस की अन्य दलों से हुई डील

# अखिलेश को महान दल ने, भाकियू के अंबावता गुट ने राहुल को दिया समर्थन



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव को एक बार फिर महान दल का साथ मिल गया है। लोकसभा चुनाव में दो सीटें महान दल को देने का फैसला भी हुआ है। हालांकि दोनों सीटों पर महान दल के प्रत्याशी सपा के चुनाव चिह्न पर ही मैदान में उतरेंगे। सपा को फिर से समर्थन का ऐलान करते हुए केशव देव मौर्य ने कहा कि सपा के साथ था और रहूंगा। लोकसभा चुनाव में गठबंधन मजबूती से लड़ेगा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव सूबे में यादव-मुस्लिम के पुराने कॉम्बिनेशन को बचाए रखने के साथ ही गैर यादव ओबीसी और दलित समाज को गोलबंद करने की कोशिश में जुटे हैं।

**राहुल की किसान न्याय गारंटी से प्रभावित हुए**



भारतीय किसान यूनियन अम्बावता गुट के अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अम्बावता ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा और कांग्रेस की किसान न्याय गारंटी से प्रभावित होकर उन्होंने यह फैसला किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में ऋषिपाल अम्बावता ने कहा कि उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को हराने का संकल्प लिया है।

### 7 सीटों पर किसी दल ने घोषित नहीं किए प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा ने अपने लगभग 90 प्रतिशत प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं लेकिन यूपी की 7 सीटें ऐसी हैं जिन पर भाजपा तथा पीडीए गठबंधन के तहत साथ चुनाव लड़ने वाली समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने भी अपने-अपने कोटे की सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतारे हैं। ऐसा लगता है कि ये दल एक दूसरे के प्रत्याशियों के नाम जानने का इंतजार कर रहे हैं। भाजपा, सपा और कांग्रेस ने जिन सीटों पर अपने लोकसभा प्रत्याशियों के नाम का ऐलान नहीं किया है, ये सीटें- रायबरेली, कैसरगंज, इलाहाबाद, फूलपुर, बलिया, कौशांबी और मछलीशहर हैं। ये सभी सीटें तीनों ही दलों के लिए लोकसभा चुनाव 2024 के लिहाज से अहम हैं। इन सातों सीटों में सबसे अहम सीट रायबरेली मानी जा रही है। इस सीट से पहले कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा और यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी सांसद थीं लेकिन इस बार उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। कैसरगंज लोकसभा सीट की बात करें तो इस सीट से भाजपा के फायरब्रांड और विवादित नेता बृजभूषण शरण सिंह सांसद हैं जो कि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।



# अल्लू के बर्थडे पर आउट होगा पुष्पा 2 का टीजर

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन कुछ दिनों बाद अपना 42वां बर्थडे सेलिब्रेट करने जा रहे हैं। इस मौके को और खास बनाने के लिए पुष्पा 2 की टीम फिल्म का दूसरा टीजर रिलीज करने जा रही है। मंगलवार को पुष्पा 2 के टीजर रिलीज की आधिकारिक घोषणा की गई है। फिल्म का नया पोस्टर रिलीज करने हुए मेकर्स ने फिल्म के टीजर रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। पुष्पा 2 का टीजर अल्लू अर्जुन के बर्थडे यानी 8 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। वहीं, फिल्म के नए पोस्ट की बात करें, तो इसमें पैर में घुंघरू बांधे एक पैर को दिखाया गया है, जो पुष्पा राज का हो सकता है।

लाइफ Style



# सामंथा

## एटली की अपकमिंग मूवी में एंट्री

क्या आप साउथ के तीन जाने-माने चेहरों की तिकड़ी को साथ में देखना चाहते हैं? ये तिकड़ी है शाहरुख खान की 'जवान' फिल्म के डायरेक्टर एटली, 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन और फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु की। सामंथा ने पहले अल्लू अर्जुन और एटली दोनों के साथ ही काम किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एटली अपनी अपकमिंग मूवी के लिए अल्लू अर्जुन का नाम फाइनल कर चुके हैं और अब वो हीरोइन के रूप में सामंथा को बोर्ड में लेना चाह रहे हैं। दोनों के बीच बातचीत चल रही है। अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट आना बाकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, एटली अब अल्लू अर्जुन के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। दोनों अक्टूबर 2024 से इस फिल्म पर काम शुरू करेंगे। दोनों ने सब्जेक्ट को फाइनल कर लिया है और एटली ने इस प्रोजेक्ट के लिए कास्टिंग का प्रोसेस शुरू कर दिया है।


प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एटली अपनी फिल्म की हीरोइन के लिए सामंथा रुथ प्रभु से बातचीत कर रहे हैं। अगर ये खबर सही साबित होती है तो सामंथा और अल्लू एक बार फिर से साथ में स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। 'पुष्पाः द राइज' फिल्म में सामंथा का आइटम सॉन्ग था, जो खूब पॉप्युलर हुआ था। सूत्र का कहना है कि सामंथा और एटली के बीच पुराने समय से ही बहुत अच्छा रिश्ता रहा है। दोनों पहले 'थेरी' फिल्म में साथ काम कर चुके हैं। अगर सामंथा, अल्लू अर्जुन और एटली की तिकड़ी साथ में काम करती है तो ये उनका री-यूनियन होगा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का बजट बहुत ज्यादा होने वाला है।

हॉलीवुड मसाला




# ट्रैक सूट में दिखा कूल लुक

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल जूलिया फॉक्स को उनके रिस्की और डेरिंग आउटफिट्स के लिए जाना जाता है। लो-राइज जींस हो या कोई क्लासिक लेदर आउटफिट एक्ट्रेस हर ड्रेस को अपने ही स्टाइल में कैरी करती हैं। हाल ही में जूलिया फॉक्स की एयरपोर्ट से कुछ तस्वीरें सामने आईं, जिसमें उनका कूल लुक देखने को मिल रहा है। तस्वीरों में जूलिया फॉक्स ब्लू कलर के वेलवेट ट्रैक सूट में नजर आ रही हैं। उन्होंने मिनिमल मेकअप, शेड्स से लुक को पूरा किया है। एयरपोर्ट पर हसीना स्टाइलिश अंदाज में पोज दे रही हैं।




# क्रू ने किया 30 करोड़ का आकड़ा पार

**मुंबई।** फिल्म 'क्रू' ने 29 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक दी है। इस फिल्म को रिलीज के साथ ही बेहतरीन रिस्पॉन्स मिल रहा है। मूवी में तीनों हसीनाओं ने अपनी एक्टिंग का ऐसा जादू बिखेरा की फिल्म ने महज तीन दिनों में ही शानदार कमाई कर डाला। ऐसे में अब 'क्रू' के चौथे दिन के शुरुआती आंकड़े सामने आ चुके हैं। 'क्रू' में करीना, तब्बू और कृति ने एयर होस्टेस का रोल निभाया है। तीनों की तिकड़ी ने ऑडियंस को जमकर एंटरटेन तो किया ही है साथ ही खूब हंसाया भी है। चार दिन में फिल्म की कुल कमाई 30.78 करोड़ रुपए हो गई है। क्रू भले ही बॉक्स ऑफिस पर अपना कब्जा जमा रही है, लेकिन इसके सामने कई बड़ी फिल्में मुकाबले के लिए खड़ी हैं। अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' लगातार बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड बना रही है तो वहीं दूसरी तरफ सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'योद्धा' भी सामने खड़ी है।



# मोस्ट अवेटेड फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। काफी समय से इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे फैंस ट्रेलर देखकर काफी खुश हैं और अब फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत होती है प्रियमणि से, जो कहती हैं वैसे पूरी इंडिया में किसी को नहीं लगता कि हम जीते हैं पर आपको लगता है। कब? इसके बाद दिखाया जाता है कि अजय भारत के लिए एक फुटबॉल की टीम तैयार कर रहे हैं। वह चुन-चुनकर खिलाड़ी लेकर आते हैं जहां मैनेजमेंट से भी उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। देश का नाम रोशन करने के बीच अजय के खिलाफ जब पूरी दुनिया हो जाती है तो कैसे वह लड़ते हैं यही मैदान की कहानी है। ट्रेलर को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।



# ट्रोलिंग से परेशान लिज्जो ने ट्रोलर्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**लॉस एंजेलिस।** सिंगर-सॉन्गराइटर लिज्जो ने अपने आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। 35 वर्षीय सिंगर ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक लंबा नोट शेयर किया और कहा कि वह लोगों द्वारा किए जाने वाले इंटरनेट ट्रोलिंग से थक गई हैं। लिज्जो ने लिखा, मैं बस अच्छा म्यूजिक बनाना चाहती हूं, ताकि लोगों को खुश कर सकूं और दुनिया को जैसा मैंने पाया, उससे थोड़ा बेहतर बनाने में मदद कर सकूं। लेकिन मुझे ऐसा लगने लगा है कि दुनिया मुझसे ऐसा नहीं चाहती। मैं लगातार मेरे बारे में बोले जाने वाले झूठ का विरोध करती हूं। मैं कैसी दिखती हूं, इसको लेकर हर बार मजाक बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके करेक्टर को वो लोग गलत ठहरा रहे हैं, जो उन्हें जानते तक नहीं और उनके नाम को बदनाम कर रहे हैं। हालांकि, सिंगर ने यह नहीं बताया कि इस पोस्ट के पीछे क्या कारण है, लेकिन कमेंट सेक्शन में उनके दोस्त और फैंस उत्साहवर्धक कमेंट कर रहे हैं।

# पूजा की लाइफ में प्यार की एंट्री रोहन मेहरा संग स्पॉट हुई एक्ट्रेस

**मुंबई।** एक्ट्रेस पूजा हेगड़े अपनी निजी जिंदगी के मामले में लो प्रोफाइल रहती हैं। लेकिन वो इस बार कथित बॉयफ्रेंड रोहन मेहरा के साथ स्पॉट की गईं। दोनों की तस्वीरें मुंबई के बांद्रा में पपाराज़ी ने लीं। पूजा और रोहन को एक ही कार में साथ जाते हुए भी देखा गया। पूजा कथित तौर पर पिछले कुछ समय से रोहन को डेट कर रही हैं। वह दिवंगत एक्टर विनोद मेहरा के बेटे हैं। रोहन ने 2018 में सैफ अली खान के साथ 'बाजार' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। रोहन का नाम पहले 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' स्टार तारा सुतारिया के साथ जोड़ा गया था। हालांकि, मई 2019 में दोनों के अलग होने की खबरें आने लगीं। 2023 में पूजा तब सुर्खियों में आईं जब कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि वह मुंबई के एक क्रिकेटर को डेट कर रही हैं और जल्द ही उनके साथ शादी के बंधन में बंधेंगी। एक्ट्रेस ने इन अफवाहों को झूठ बताते हुए खारिज कर दिया। पिछले महीने पूजा मिस वर्ल्ड 2024 के ग्रैंड फिनाले में जजों में से एक थीं। पपाराज़ी के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लाइफ सर्कल पूरा हो गया है क्योंकि मैं कॉम्पटिशन में रनर अप रही थी, लेकिन आज मैं इसे जज कर रही हूं। वर्कफ्रंट पर, पूजा को आखिरी बार सलमान खान के साथ 'किसी का भाई किसी की जान' में देखा गया था।



# मोहिना कुमारी के घर गूंजी नन्हीं शहजादी की किलकारी



**मुंबई।** टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता फेम मोहिना कुमारी सिंह के घर हाल ही खुशियों ने दस्तक दी है। मोहिना कुमारी का घर आखिरकार किलकारियां गूंज उठी है। एक्ट्रेस ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया। बता दें कि अभी तक खुद मोहिना ने सोशल मीडिया के जरिए ये जानकारी अपने फैंस को नहीं दी है। इस बारे में हालांकि अभी और जानकारी सामने नहीं आ पाई है हालांकि उनके फैन पेज ने मोहिना के दूसरी बार मां बनने की खबरों को लेकर कई पोस्ट किए हैं। देखना होगा कि अदाकारा के परिवार से ये न्यूज कब तक कंफर्म हो पाती है। मोहिना ने 14 अक्टूबर 2019 को उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री व आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज के छोटे बेटे सुयश रावत के साथ शादी रचाई थी। उस समय इस शाही शादी की चर्चा पूरे देश में हुई थी। शादी के करीब ढाई साल बाद कपल ने 15 अप्रैल 2022 एक प्यारे से बेटे का स्वागत किया, जिसका नाम उन्होंने रेयांश रखा है। वहीं अब कपल दूसरी बार पेरेंट्स बना। फिलहाल हमें एक्ट्रेस की बेटी की तस्वीर का इंतजार है। हम मोहिना और सुयश रावत को बच्चे को ढेर सारी बधाई देते हैं।

# 2025 में आएगा फर्जी का सीक्वल



**मुंबई।** शाहिद कपूर ने 'फर्जी' से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर खूब धूम मचाई। इस सीरीज को काफी पसंद किया गया। वहीं फैंस इस सीरीज़ के सीक्वल का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। इस बीच 'फर्जी 2' की रिलीज को लेकर नया अपडेट सामने आया हैं। इसमें बताया गया कि फर्जी 2 अगले साल की शुरुआत में शुरू होगी। वहीं शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू में फर्जी के सीक्वल को लेकर कहा था, तो निश्चित रूप से फ़र्ज़ी का दूसरा सीज़न आएगा। जिस तरह से इस सीरीज़ का पहला पार्ट खत्म हुआ था वह काफी अच्छा था। इसलिए बहुत कुछ होने की संभावना है। हालांकि मैंने अभी तक ओटीटी के लिए किसी भी चीज़ के लिए हां नहीं कहा है, लेकिन फर्जी 2 ज़रूर बनेगी। बता दें फर्जी वेब सीरीज में विजय सेतुपति एक पुलिसकर्मी की भूमिका में नजर आए थे, जबकि शाहिद कपूर ने एक चोर की भूमिका निभाई थी, जिसने सभी को चौंका दिया था। इस सीरीज में शाहिद कपूर और विजय सेतुपति के अलावा केके मेनन, राशि खन्ना और भुवन अरोड़ा भी नजर आए थे।



# टॉक्सिक में नजर आएंगी करीना और कियारा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार यश इन दिनों अपकमिंग मूवी 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन का काम जारी है। अब कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि फिल्म में एक नहीं, बल्कि तीन-तीन हसीनाएं होंगी, जिनमें से दो का नाम भी फाइनल हो गया है। ये दो हसीनाएं बॉलीवुड से चुनी गई हैं। इनका नाम करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, टॉक्सिक में तीन-तीन लीडिंग एक्ट्रेसेस होंगी। बोर्ड में करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी को शामिल कर लिया गया है। मेकर्स जल्द ही इसको लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी करने वाले हैं। सूत्र ने ये भी खुलासा किया है कि करीना फिल्म में यश की बहन का रोल करने वाली हैं। अगर ऐसा होता है तो करीना इस फिल्म से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगी। बताया जा रहा है कि ये फिल्म ड्रग कार्टेल पर बेस्ड है, जो गोवा में समंदर के किनारे धड़ल्ले से चल रहा है। हाल ही में फिल्म के सेट से एक फोटो और वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें यश डायरेक्टर के साथ शूटिंग और लोकेशन को लेकर प्लानिंग बना रहे थे। इस फिल्म को रिलीज होने में अभी काफी वक्त है। कहा जा रहा है कि ये अगले साल 2025 में रिलीज हो सकती है।

## सलीम ने कर दी थी संजीव की तारीफ, खफा हो गए थे राजेश, बंद कर दी बातचीत

# संजीव कुमार के कारण आ गई थी सलीम खान और राजेश खन्ना की दोस्ती में खटास

**मुंबई।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार राजेश खन्ना के रुतबे और रौब की कई कहानियां सुनने को मिल जाती हैं। फैंस के दिलों पर राज करने वाले राजेश खन्ना किसी के आगे झुकने वालों में से नहीं थे। कई बार काका का ये रवैया उनके रिश्तों के बीच भी आया। ऐसा ही एक किस्सा राजेश खन्ना का सलीम खान से जुड़ा हुआ है, जब संजीव कुमार की तारीफ करने पर वो नाराज हो गए थे। राजेश खन्ना और सलीम खान के बीच गहरी दोस्ती रही थी।



### कैसे शुरू हुआ किस्सा

राजेश खन्ना और सलीम खान की दोस्ती में खटास तब आ गई थी, जब एक मैग्जीन में संजीव कुमार का आर्टिकल छपा और उसमें सलीम खान का जिक्र था। रिपोर्ट के अनुसार, एक बार राजेश खन्ना बांद्रा के महबूब स्टूडियो में अपनी किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। इस दौरान उनके हाथ एक मैग्जीन लगी, जिसने संजीव कुमार पर कवर स्टोरी की थी, इसमें सलीम जावेद ने उनकी तारीफ की थी और उन्हें एक मंझा हुआ कलाकार बताया था।

### सलीम को भेजा बुलावा

राजेश खन्ना ने मैग्जीन पढ़ते ही अपने ड्राइवर से सलीम खान को लेकर आने के लिए कहा। उनका घर महबूब स्टूडियो के पास ही था। ड्राइवर उन्हें लेने पहुंचा और कहा कि काका ने आपको बुलाया है। इस पर सलीम खान ने कहा कि ठीक है मैं तैयार होकर आता हूं, लेकिन ड्राइवर ने जोर देते हुए कहा कि अभी चलना होगा काका ने तुरंत बुलाया है।



### सलीम से रूठे काका

राजेश खन्ना ने सलीम जावेद से पूछा तो आपको लगता है कि संजीव कुमार एक अच्छे अभिनेता हैं? जवाब देते हुए सलीम खान ने कहा-हां, बिल्कुल। अगर कोई मैग्जीन आप पर कवर स्टोरी करेगा, तो मैं आपकी भी तारीफ करूंगा। इतना सुनते ही राजेश खन्ना उठे और वहां से चले गए। इसके बाद 6 महीनों तक उन्होंने सलीम खान से कोई बात नहीं की और राब्ता खत्म कर दिया।

**लोकसभा क्षेत्र**
सागर

1 भाजपा प्रत्याशी
लता वानखेड़े

2 कांग्रेस प्रत्याशी
चंद्रशेखर गुड्डू राजा

**पिछली बार कौन जीता**
राज बहादुर सिंह

**जीत का अंतर**
3 लाख 05 हजार 542

## क्या रहेंगे मुद्दे?

प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की तरह सागर में भी राष्ट्रीय, प्रादेशिक और स्थानीय मुद्दे चर्चा में हैं, इसके साथ भाजपा बाहरी बनाम क्षेत्रीय का मुद्दा भी उछाल रही है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस किस तरह उप्र के दबंग परिवार के एक क्षत्रिय नेता को सागर पर थोपना चाहती है। दूसरी तरफ गुड्डू राजा का कहना है कि उन्होंने बहुत पहले से सागर जिले को अपना कार्यक्षेत्र बना रखा है। वे लोगों के सुख-दुःख में शामिल होते रहे हैं। हालांकि कांग्रेस नेताओं के रुख से भी बाहरी बनाम क्षेत्रीय के मुद्दे को हवा मिल रही है। वे न पार्टी के प्रति समर्पण दिखा रहे हैं, न पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का दबाव काम आ रहा है। लिहाजा, गुड्डू को अपने बूते ही चुनाव लड़ना पड़ सकता है।

### कांग्रेस को मिल सकता क्षत्रियों की नाराजगी का फायदा, गुड्डू राजा का बाहरी होना भाजपा के लिए 'सोने पे सोहागा'

# गुड्डू राजा कर रहे कांग्रेसियों की मान-मनौव्वल, लता को सरकार-संगठन की मदद

*भाजपा का गढ़ बन चुकी बुंदेलखंड अंचल की सागर लोकसभा सीट का चुनाव इस बार अलग अंदाज में देखने को मिलेगा। वजह है कांग्रेस प्रत्याशी का प्रदेश की सीमा से सटे उप्र के ललितपुर के दबंग परिवार से होना। जी हां, कांग्रेस ने चर्चित बुंदेला परिवार के चंद्रशेखर उर्फ गुड्डू राजा बुंदेला को प्रत्याशी बनाया है। गुड्डू ने विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस ज्वाइन की थी। इधर, भाजपा की ओर से राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष लता वानखेड़े मैदान में हैं। पलड़ा भाजपा का ही भारी है, पार्टी प्रत्याशी को संगठन और सरकार दोनों की मदद मिल रही है। फिर भी बुंदेला परिवार के मैदान में होने से मुकाबला दिलचस्प हो चला है, हालांकि गुड्डू राजा को कांग्रेस नेताओं की मान-मनौव्वल करना पड़ रही है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

हर चुनाव की तरह सागर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा जीत भले जाए लेकिन मुकाबला रोचक होगा। यह सच है कि सागर में सांगठनिक दृष्ट से भाजपा बहुत मजबूत है। भाजपा नेतृत्व ने अपने विधायकों को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि जिस प्रकार उन्होंने विधानसभा का चुनाव लड़ा, उसी तरह और उतनी ही ताकत से अपने अपने-अपने क्षेत्रों में लोकसभा का चुनाव लड़ें। बावजूद इसके कांग्रेस प्रत्याशी गुड्डू राजा कड़ी टक्कर दे सकते हैं। भाजपा ने सांसद राज बहादुर सिंह का टिकट काट कर लता वानखेड़े को प्रत्याशी बनाया है। इससे क्षेत्र के क्षत्रियों में नाराजगी है। सागर क्षेत्र


चंद्रशेखर गुड्डू राजा बुंदेला


लता वानखेड़े

में क्षत्रिय मतदाताओं की तादाद निर्णायक लगभग 2 लाख के आसपास है। इसके अलावा कांग्रेस को परंपरागत अजा, एवं मुस्लिमों का वोट भी काफी तादाद में मिलता है। गुड्डू राजा हैं भले बाहरी लेकिन उनका ललितपुर से सटे एक बड़े इलाके में खासा असर है। यहां वे क्षत्रियों के अलावा अन्य समाजों के वोट भी काफी मात्रा में ले सकते हैं। वे उप्र में बसपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। इस नाते बसपा से जुड़ा मतदाता भी उनके संपर्क में है। इसलिए भाजपा भले गुड्डू के बाहरी होने को अपने लिए 'सोने पे सोहागा' मान रही है लेकिन उसके लिए राह इतनी आसान भी नहीं है। हालांकि गुड्डू के लिए कांग्रेसी ही समस्या बने हुए हैं। गुड्डू को पार्टी नेताओं के घर-घर जाकर मान-मनौव्वल करना पड़ रही है। फिर भी वे घर से नहीं निकल रहे। वर्ष 1991 के चुनाव को छोड़ दें, जब कांग्रेस के आनंद अहिरवार चुनाव जीते थे, उसके बाद से सीट पर भाजपा का ही कब्जा है। वर्ष 2004 तक यह सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित रही, तब तक भाजपा के वीरेंद्र कुमार चुनाव जीतते रहे। 2008 के परिसीमन के बाद सागर सीट सामान्य हो गई। इसके बाद भाजपा से पहली बार 2009 में भूपेंद्र सिंह, दूसरी बार 2014 में लक्ष्मीनारायण यादव और तीसरी बार 2019 में राज बहादुर सिंह चुनाव जीते और सांसद बने।

### दो जिलों में फैला है सागर लोकसभा क्षेत्र

सागर लोकसभा क्षेत्र का विस्तार भौगोलिक आधार पर दो जिलों में है। इसमें तहत सागर जिले की 5 एवं विदिशा जिले की 3 विधानसभा सीटें आती हैं। सागर जिले की पांच विधानसभा सीटों में से सागर, नरयावली, सुरखी और खुरई में भाजपा का कब्जा है जबकि जिले की बीना सीट कांग्रेस के पास है। विदिशा जिले की तीनों सीटों कुरवाई, सिरोंज और शमशाबाद भाजपा के कब्जे में हैं। सागर और विदिशा दोनों भाजपा के गढ़ माने जाते हैं। विदिशा से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं, इसका फायदा भी भाजपा की लता वानखेड़े को मिलेगा। इस जिले में गुड्डू राजा का कोई खास संपर्क नहीं है। सागर लोससभा सीट में भाजपा की जीत का अंतर कभी कम नहीं रहा। 1991 में कांग्रेस के आनंद अहिरवार महज 9348 वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे जबकि भाजपा की जीत का अंतर तीन लाख तक से ज्यादा रहा।

### अजा, क्षत्रिय, ब्राह्मण, कुर्मी समाज का दबदबा

सागर सीट में वैसे तो सभी जातियों के मतदाता हैं लेकिन दबदबा अजा, क्षत्रिय, ब्राह्मण और कुर्मी समाज के वोटर्स का ज्यादा है। क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता अजा वर्ग के लगभग 3 लाख बताए जाते हैं। दूसरे नंबर पर लगभग 2 लाख वोटर क्षत्रिय समाज के हैं। राजबहादुर सिंह का टिकट कटने से यह वर्ग भाजपा से नाराज है और कांग्रेस ने इसी समाज के गुड्डू राजा को टिकट दे दिया है। तीसरे नंबर पर डेढ़ लाख के आसपास ब्राह्मण और एक लाख के आसपास कुर्मी समाज के मतदाता हैं। भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े कुर्मी समाज से हैं। लगभग 60 हजार जैन और इतने ही लोधी समाज के मतदाता हैं। यादव और मुस्लिम मतदाता भी अच्छे खासे हैं। क्षत्रिय, अजा और मुस्लिम कांग्रेस की ताकत हैं जबकि कुर्मी, ब्राह्मण सहित अन्य जातियां भाजपा के साथ बताई जाती हैं।

### आठ में से 7 विस सीटों पर भाजपा का कब्जा

विधानसभा की ताकत के लिहाज से सागर क्षेत्र में भाजपा बहुत मजबूत है। क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में से सात पर उसका कब्जा है। भाजपा के खाते में खुरई, सुरखी, नरयावली, सागर, कुरवाई, सिरोंज, शमशाबाद विधानसभा सीटें हैं और कांग्रेस के खाते में सिर्फ एक बीना सीट। जीत के अंतर में भी बड़ा फर्क है। कांग्रेस ने बीना में महज 6155 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है जबकि सभी सीटों में कुल मिला कर भाजपा की जीत का अंतर 1 लाख 51 हजार 951 वोट है। डेढ़ लाख वोटों के इस अंतर को कांग्रेस के गुड्डू राजा कैसे कवर कर पाएंगे, यह बड़ा सवाल है।

## चाय पे चर्चा

▶▶ छोला दशहरा मैदान स्थित मां कर्मा टी स्टॉल पर चुनाव प्रचार को लेकर हुई चर्चा

# मतदाता चुप जरूर हैं, लेकिन अपनी समझदारी से डालेगा वोट

इस बार का मतदाता शांत है, आम लोगों में चुनाव को लेकर उत्साह नजर नहीं आ रहा है, लेकिन नामांकन जमा होने के बाद उम्मीदवार चुनाव प्रचार शुरू करेंगे, तो चुनावी माहौल भी बनेगा। हालांकि इस बार मतदाता शांत नजर आ रहा है। यह चर्चा इन दिनों चाय की दुकानों पर सुनी जा रही है। सोमवार को हरिभूमि की टीम छोला दशहरा मैदान स्थित मां कर्मा टी स्टॉल पर पहुंची, जहां कमल मीणा, दुर्गेश साहू और दिनेश सिंह चाय पर चर्चा करते नजर आए। दुर्गेश साहू ने कहा कि इस बार केंद्र में मोदी सरकार बनना तो तय नजर आ रहा है, लेकिन भाजपा की सीटें कम हो जाएंगी। भाजपा सरकार पहले से दो कार्यकाल पूरा कर चुकी है। ऐसे में सीटें कम होना तो लाजिमी है। चाय पी रहे कमल मीणा ने कहा कि भोपाल में इस बार भाजपा ने आलोक शर्मा को मदान में उतारा है। इस बार भोपाल में



शर्मा को जीत मिलेगी, जीत का अंतर कम हो सकता है। उम्मीद जताई जा रही है कि विधानसभा चुनाव में हारे शर्मा को भोपाल की जनता भारी मतों से जिताएगी। कांग्रेस ने इस बार अरुण श्रीवास्तव को मौका दिया है, लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार की पकड़ वोटर्स पर नहीं दिख रही। हालांकि चुनावी प्रचार बढ़ने के बाद आम मतदाता का रुझान भी समझ आएगा।

### सी-विजिल एप पर आईं 1473 शिकायतें

भोपाल। मप्र में 16 मार्च से आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी-विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं। एक अप्रैल तक प्रदेश के सभी जिलों से इस एप के माध्यम से कुल 1473 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। इसके लिए आम लोगों को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। सीईओ अनुपम राजन ने बताया कि मुख्य रूप से सागर जिले में 165, ग्वालियर में 128, उज्जैन में 111, खरगोन में 70, शहडोल में 69, सीहोर में 60, रीवा में 59, धार में 57, भोपाल में 53, निवाड़ी में 51, रायसेन में 44 और राजगढ़ में 41 शिकायतों के साथ अन्य जिलों में भी शिकायतें मिली हैं। यदि नागरिक निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए गूगल प्ले स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा।

## जो हो न सका...

# भोपाल को औद्योगिक कॉरिडोर से जोड़ने की चर्चा तो खूब चली, लेकिन काम कुछ नहीं हुआ

औद्योगिक मामलों में भोपाल अभी काफी पीछे है और इसको लेकर घोषणाएं तो होती हैं, लेकिन लाभ नहीं मिल पाता है। करीब 8 साल पहले दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर (डीएमआईसी) एक महत्वाकांक्षी परियोजना बनाने की तैयारी हुई तो उम्मीद थी कि इंदौर और पीथमपुर व प्रदेश के अन्य हिस्सों की तरह भोपाल को भी लाभ मिलेगा। इसके लिए बाकायदा चर्चा और फाइलें भी चलीं, लेकिन परिणाम नहीं निकला। इसको लेकर राज्य सरकार ने भी प्रायस किए और आश्वासन भी मिले। आज भी भोपाल के उद्योगपतियों को इंतजार है कि प्रदेश से गुजरने वाले कॉरिडोर का लाभ उन्हें मिल सके।

इस कॉरिडोर के आसपास विकसित होने वाली औद्योगिक टाउनशिप में रोज़गार के अपार अवसर होंगे। एक छोटे-मोटे शहर की तरह विकसित होने वाली इन औद्योगिक टाउनशिप में लोगों को उनकी योग्यता के अनुसार काम मिलना तय है। 1483 किलोमीटर लंबाई वाले इस कॉरिडोर के प्रभाव क्षेत्र में



मध्यप्रदेश की 372 वर्ग किलोमीटर भू-भाग वाली इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप बस रही है। यह बहुत बड़ा इलाका है। इसके माध्यम से मध्य प्रदेश की आर्थिक तस्वीर में आमूलचूल बदलाव देखने को मिल सकता है। निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण बात यह भी है कि इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप तक सड़क-हवाई अथवा रेल मार्ग से आसानी से पहुंचा जा सकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग- 3 (आगरा-मुंबई) इसे सड़क मार्ग से जोड़ता है, जबकि इंदौर शहर इसे रेल और हवाई संपर्क प्रदान करता है। इसलिए उद्योगपतियों को इस बात का इंतजार है कि भोपाल को भी इस कॉरिडोर का लाभ मिले।

## गर्मी में कैसे करें प्रचार

### प्रचार पथ पर पसीना बहा रहे उम्मीदवारों को रखनी होगी विशेष सावधानी



लोकसभा चुनाव के पहले चरण की तारीख जैसे-जैसे नजतीक आ रही है। वैसे-वैसे सियासी पारा चढ़ने लगा है। उम्मीदवार व कार्यकर्ताओं ने प्रचार-प्रसार तेज कर दिया है तो वहीं 40 डिग्री से भी ज्यादा तापमान में चुनाव प्रचार में उतरे उम्मीदवारों को गर्मी ने बेहाल कर दिया है। डॉक्टरों के अनुसार गर्मी के सीजन में प्रचार-प्रसार के दौरान सभी उम्मीदवारों को जनसभाएं व डोर-टू-डोर संपर्क के दौरान विशेष सावधानी रखनी होगी। डॉ. जेपी पालीवाल के अनुसार गर्मी के मौसम में प्रचार-प्रसार के दौरान उम्मीदवार व कार्यकर्ताओं को पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इसकी वजह से वह कई बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पानी और मौसमी फलों और सब्जियों का सेवन करें। इसके अलावा नींबू पानी, लस्सी जैसी ड्रिंक्स भी पिएं। जरूरत पड़ने पर ओआरएस भी लें।

#### चाय, कॉफी से करें परहेज

डॉ. पालीवाल ने बताया कि अक्सर चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान उम्मीदवार व कार्यकर्ता चाय, कॉफी अधिक पीते हैं, लेकिन गर्मी के इस सीजन में इनसे परहेज करना चाहिए। चाय-कॉफी की जगह ठंडा पेय पदार्थों को पीना चाहिए। एक दम से अधिक पानी भी नहीं पीना चाहिए।

#### मसालेदार भोजन से करें परहेज

हीटवेव से बचने के लिए मसालेदार भोजन से भी दूरी बनाए रखें। साथ ही कोशिश करें कि इस मौसम में ज्यादा से ज्यादा प्लांट बेस्ड डाइट का सेवन करें और ताजे फल और सब्जियों के जूस को भी अपनी डाइट में शामिल करें। प्याज को खाना चाहिए तो वहीं प्रचार के दौरान सिर पर तौलिया या कपड़े को सिर पर रखें।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### मैं विकास के मुद्दे पर करूंगी अपना पहला मतदान...

18 साल की आयु पूरी होने के बाद मैं पहली बार वोट डालूंगी। ये मेरे लिए काफी बड़ा पल होगा। मुझे केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिलेगा। मेरा वोट विकास व रोजगार के मुद्दे पर होगा। जो भी पार्टी या उम्मीदवार विकास व युवाओं को रोजगार देगा, मैं उसको वोट करूंगी। पार्टी के घोषणा पत्र देख व परिजनों से सलाह लेकर मतदान करूंगी। मैं स्वयं वोट करूंगी साथ ही अपने कॉलेज व घर के आस-पास रहने वाली सहेलियों को वोट डालने के लिए प्रेरित करूंगी।



**कशिश पांडे**, युवा मतदाता

### समझदार है आज का युवा, योग्य जनप्रतिनिधि ही चुनेगा...

आज का युवा शिक्षित और समझदार हो चुका है। पहला मतदान अहम होता है। इसलिए आज का युवा योग्य जनप्रतिनिधि को ही अपना मतदान करेगा, साथ ही वह यह भी देखेगा कि जनप्रतिनिधि किस पार्टी से जुड़ा हुआ है। जिस पार्टी में देश का विकास, युवाओं का भविष्य दिखाई देगा उस प्रत्याशी का चुनाव युवा करेगा। युवा देश के भविष्य होते हैं, अतः सोच समझकर ही चुनाव करना चाहिए। इस चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करूंगी।



**प्रतिभा यादव**, युवा मतदाता

**जैसा मैंने देखा**

## चुनाव...

### पहले शुचिता वाले चुनाव होते थे, शंका कुशंका नहीं, पूरी ईमानदारी से होते थे...

चुनाव को लेकर नई पीढ़ी से लेकर पुरानी पीढ़ी तक में चर्चाएं खास जगह बनाने लगी हैं। हाल-फिलहाल 15, 20 साल पहले तक के चुनाव तो वर्तमान पीढ़ी ने आसानी से देखे होंगे, लेकिन 40-50 साल पहले के चुनाव को लेकर वयोवृद्ध वरिष्ठ पत्रकार दिनकर शुक्ला ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर बताया कि आज चुनावी प्रक्रिया काफी सरल और हाईटेक हो गई है। यह अच्छी बात है, लेकिन पुराने समय में चुनाव शुचिता वाले होते थे। मत पत्रों से होने वाले चुनाव इतनी ईमानदारी और शंकारहित होते थे कि नकारात्मकता की बातें दूर की कौड़ी जैसी होती थीं। हर घर का दरवाजा खटखटाने की बात तो अलग है, उम्मीदवार लोगों के दिल जीतने वाले होते थे, जिन्हें वोट मांगने की नहीं, आम दिनों की तरह लोगों के बीच जाकर लोगों से बस मेलजोल की ही जरूरत होती थी। मत पेटी की बात हो या बैलेट की, सभी को लेकर कोई शंका-कुशंका नहीं होती थी। मत पत्रों की गिनती वाले दिन लोग गर्मी के दिनों में भी धूप में दिन-दिनभर मत गणना स्थल पर खड़े होकर अपने उम्मीदवार की जीत का इंतजार करते थे।

वयोवृद्ध वरिष्ठ पत्रकार **दिनकर शुक्ला** ने जैसा बताया। 92 वर्षीय श्री शुक्ला राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के पत्रकार हैं। उन्होंने अपने समय में वर्षों तक प्रधानमंत्री, प्रदेश के तत्काली मुख्यमंत्री सहित कई हस्तियों के साथ विभिन्न देशों की यात्राएं कीं। वे बीबीसी, यूएनआई, पीटीआई जैसी विभिन्न समाचार एजेंसियों को अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### 5 को दीपक सक्सेना भाजपा में होंगे शामिल, रीवा से पूर्व विधायक लक्ष्मण कांग्रेस में हुए शामिल

# छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके समेत दर्जनों कांग्रेस पदाधिकारियों ने ली भाजपा की सदस्यता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा से विधायक कमलेश शाह को बेईमान व गद्दार बोलना कमलनाथ के सांसद बेटे और छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ को शोभा नहीं देता। आदिवासी भाइयों का अपमान करना कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं की पुरानी आदत है। कांग्रेस ने जनजातीय समाज को हमेशा वोट बैंक समझा और विकास से उन्हें दूर रखा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके व अन्य कांग्रेस नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए यह बात कही। यह कार्यक्रम सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित हुआ। इस मौके पर छिंदवाड़ा नगर निगम के सभापति प्रमोद शर्मा, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सिद्धांत थनेसर, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आशीष साहू, पूर्व एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष धीरज राऊत, पूर्व एनएसयूआई जिला कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य उपाध्याय, पूर्व एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सुमित दुबे ने भाजपा की रीति नीति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष ने सभी को भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

#### सक्सेना टीम के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे

महापौर अहाके ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मीडिया से चर्चा में कहा कि 5 अप्रैल को वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपक सक्सेना अपनी पूरी टीम के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस दौरान सैकड़ों कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल होंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस ने भाजपा में आने वाले नेताओं का सिलसिला अभी थमा नहीं है।

#### अपमान से आहत होकर छिंदवाड़ा के महापौर भाजपा में आए

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जनता ने तय कर लिया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में छिंदवाड़ा में भी कमल का फूल खिलेगा। अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह के अपमान से आहत होकर छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहाके सहित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

#### छिंदवाड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में कमलनाथ ने बहुत गड़बड़ किया है। नकुलनाथ ने आदिवासी भाइयों का अपमान किया है। गोड़ समाज के अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह को बेईमान और गद्दार बोलना नकुलनाथ को शोभा नहीं देता है। इन सब बातों से आहत होकर आज छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहाके सहित कांग्रेस पदाधिकारियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस पदाधिकारियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि छिंदवाड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शर्मा ने कहा कि जिन कांग्रेस पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है, उनका भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत करता हूं। छिंदवाड़ा के अंदर कमलनाथ एक्सपोज हो गए हैं, आयकर विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस कार्यालय से लेकर कमलनाथ आवास तक सब भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इसके कारण भ्रष्टाचारी करप्शननाथ कमलनाथ के प्रति छिंदवाड़ा की जनता एवं जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा प्रधानमंत्री मोदी की गरीब कल्याण की योजनाओं का गढ़ है।

#### पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी कांग्रेस में



*रीवा से पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी आज पीसीसी में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस में शामिल हो गए। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने उन्हे कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। तिवारी ने इससे पहले 2018 में भी भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे, किंतु बाद में उन्होंने फिर से भाजपा में शामिल हो गए थे। अब उन्होंने फिर से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है।*

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

### बच्चे को पैसे देकर पता लगाने भेजा था घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर के खरोरा थाना क्षेत्र में बदमाश घर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने लगा। इस दौरान नाबालिग के चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी युवक चालाकी से घर में कौन-कौन हैं, इसका पता लगाने के लिए एक बच्चा का सहारा लिया। उसने एक बच्चा को पांच सौ रुपए देकर उसके घर भेजा। बच्चा पीड़िता को पांच सौ रुपए को देकर आरोपी युवक से बात करने को कहा, जिससे उसे भागा दिया गया। इसके बाद आरोपी युवक ने घर आकर छेड़छाड़ की। प्रार्थीया नें एक अप्रैल को खरोरा थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी। रिपोर्ट में बताया कि 31 मार्च को दोपहर साढ़े 12 बजे के लगभग प्रार्थीया अपने घर में अकेली थी। इस दौरान आरोपी संजय उर्फ संजू ढीढ़ी ने एक बच्चा को 500 रुपये देकर नाबालिग के घर भेजा था। बच्चा प्रार्थीया के घर जाकर पांच सौ रुपये देते हुए संजय बात करने को कहा है बोला। प्रार्थीया ने बच्चा को घर से भगा दिया। तभी आरोपी संजय पीड़िता के घर में घुस गया और छेड़छाड़ करने लगा। इस दौरान पीड़ति जोर से चिल्लाने लगी, जिससे आरोपी प्रार्थिया के हाथ को छोड़कर भाग निकला। पीड़िता ने खरोरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।

चिंतन

# चीन को 'चीनी अंदाज' में कड़ा जवाब दे भारत

अरुणाचल प्रदेश के शहरों, गांवों, नदियों, झीलों, वन क्षेत्र आदि के बार बार नाम बदलने की चीनी हिमाकत का करारा जवाब दिया जाना जरूरी है। पहली बार 2017 में जब पहली बार चीन ने यह हिमाकत की थी, तभी भारत को कठोर एक्शन लेना चाहिए था। इस बार अरुणाचल प्रदेश के 30 जगहों के चीनी नाम चीन ने रख दिया है, इससे पहले तीन बार ऐसा कर चुका है। हर बार भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और चीनी करतूतों को खारिज किया, पर इससे बात नहीं बन रही है। चीन बार बार भारत को उकसावे वाली गतिविधियां करता रहा है। नाम रखने के अलावा, कभी अरुणाचल के लोगों को वीजा से इनकार तो कभी नेताओं के अरुणाचल दौरे पर आपत्ति जताता है। भारत व चीन सीमा क्षेत्र के बीच 1914 से मैकमोहन रेखा निर्धारित है, इसके बावजूद, चीन कभी लद्दाख में, कभी अरुणाचल प्रदेश में, कभी उत्तराखंड में सीमा पर विवाद खड़ा करता रहता है। गलवान की हिसंक झड़प के बावजूद चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन अरुणाचल प्रदेश के पास सीमा पार अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रहा है। चीन कभी भी भरोसेमंद पड़ोसी नहीं रहा है, भारत के भरोसा जताने के बावजूद चीन ने धोखा ही दिया है। भारत और चीन के बीच हिमालय पर्वत क्षेत्र है, जो भौगोलिक रूप से दोनों देशों को विभाजित करता है, लेकिन हिमालय क्षेत्र में भारत की ओर के क्षेत्र पर चीन की हमेशा बुरी नजर रही है। कभी चीनी दीवार तक सिमटा चीन ने अपनी विस्तारवादी नीति के तहत पड़ोस के कई क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर चुका है। शिनझियांग, मकाऊ, तिब्बत आदि क्षेत्र कभी भी चीन का हिस्सा नहीं रहे, भारत से युद्ध के बाद भारत के क्षेत्र अक्साई चिन पर अवैध कब्जा जमाए हुए है। भारत को अरुणाचल में स्थानों का नाम बदलने के चीन के ''मूर्खतापूर्ण प्रयासों'' को सदा के लिए बंद करने के उपाय करने होंगे। पूर्व पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू की गलतियों को ठीक करते हुए, भारत को तिब्बत को लेकर नया मोर्चा खोलना चाहिए। चीन बेशक मजबूत है, लेकिन अभेद्य नहीं है। भारत को सामरिक और कूटनीतिक दोनों स्तर पर चीन को घेरना चाहिए। केवल चेतावनी देने से बात नहीं बन रही है। भारत के मजबूत नेता को चीन के दुस्साहस के खिलाफ मजबूत फैसले लेने होंगे। चीन की करतूतों को हर वैश्विक मंच पर बेनकाब करना होगा। चाणक्य के देश भारत को चीन के खिलाफ सतत कूटनीतिक माइंडगेम के हथियार का इस्तेमाल करते रहना पड़ेगा। सामरिक व सीमा विवाद मामले पर देश में राजनीति नहीं होनी चाहिए, जैसा अक्सर कांग्रेस करती रहती है। चीन के साथ विवाद कांग्रेस सरकार की गतलियों की वजह से ही बढ़ी है। 'हिंदी चीनी भाई भाई' नारे की कितनी भारी कीमत भारत ने उठाई, यह कांग्रेस की ही पंचशील नीति का खामियाजा थी। यह वास्तविकता जरूर है कि किसी के नाम बदलने या नया नाम रख देने से वह उसका नहीं हो जाएगा, लेकिन यह हिमाकत करना ही दूसरे राष्ट्र को उकसाना है। चीन यही कर रहा है। चीन भारत के साथ सीमा विवाद जानबूझ कर नहीं सुलझाना चाहता है, ऐसे में भारत को भी चीनी अंदाज में ही जवाब देना चाहिए। तिब्बत पर मोर्चा खोलना चाहिए, अक्साई चिन लेने का प्रयास करना चाहिए, कैलाश मानसरोवर समेत सभी भारतीय ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्र तक पहुंच भारतीय क्षेत्र से सुनिश्चित करनी चाहिए, पीओके और गिलगित-बाल्टिस्तान को भारतीय क्षेत्र में मिलाने के प्रयास से भी चीन के सीपेक को धक्का लगेगा। चीन के साथ ट्रेड को धीरे-धीरे जीरो स्तर पर लाना होगा।

सवाल

आर.के. सिन्हा



# बांग्लादेश में भारत के दुश्मन कौन

जिस भारत ने 1970 तक के पूर्वी पाकिस्तान, की प्रताड़ित और पीड़ित आम जनता के हितों की रक्षा के लिए पाकिस्तान से युद्ध मोल लिया, उस बांग्लादेश का प्रमुख विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) लगातार भारत के खिलाफ जहर उगलता रहता है। उसके जहरीले अभियान से पड़ोसी मुल्क के कठमुल्लों को भी भारत और अपने ही बांग्लादेश के हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा करने का मौका मिल जाता है। बांग्लादेश में बीएनपी ने हाल ही में भारत के उत्पादों के बॉयकाट का आह्वान भी किया हुआ है। इसके चलते वहां प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार और विपक्ष आमने-सामने हैं। मुस्लिम बहुल बांग्लादेश में भारत विरोधी भावना कोई नई बात नहीं है। पिछले साल क्रिकेट विश्व कप में भारत की हार के बाद ढाका और कई शहरों में जश्न मना था। मैं स्वयं 1970 के भारत -पाक युद्ध में 'युद्ध संवाददाता' के हैसियत से बांग्लादेश में भारतीय सेना के साथ रहा था। युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने लाखों बांग्लाभाषी मुसलमानों को क़त्लेआम से बचाया। इन सभी अत्याचारों का मैं प्रत्यक्षदर्शी गवाह हूं,लेकिन बांग्लादेश की आज़ादी के बाद जब बंगबंधु शेख़ मुज़ीबुर रहमान ने सभी युद्ध संवाददाताओं के साथ वरिष्ठ संपादकों को एक विशेष ट्रेन भेजकर बुलाया, तभी जगह-जगह 'इंडियाज़ जिनीस-पत्तर भालो नेई' के वाल पेंटिंग देखने को मिले। जब मैंने शेख़ मुजीब के पीआरओ से पूछा कि भारत ने तो युद्ध के बाद लाखों बांग्लादेशियों को भुखमरी से बचाया, हज़ारों मकान बनवाए, फिर यह क्या चल रहा है?' तब पीआरओ ने कहा 'आप चिंता मत कीजिए। कुछ हिंदू विरोधी कट्टरपंथी हैं, उन्हें ठीक करने में सरकार लगी हुई है।' लेकिन वे तो आज भी बने हुए हैं, बल्कि कई गुना बढ़ गए हैं। बांग्लादेश में भारत के कथित हस्तक्षेप को लेकर विरोध और असहमति 1990 के दशक से देखी जा रही है, लेकिन हाल के वर्षों में विरोध के ये सुर कहीं ज़्यादा मुखर हुए हैं। बीएनपी और उसकी सहयोगी पार्टियों ने देश में बीती जनवरी में हुए आम चुनाव का बहिष्कार किया था। इस चुनाव में जीत के बाद शेख़ हसीना चौथी बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनी थीं। आम चुनाव के बाद से बीएनपी के अधिकांश नेता ये माहौल बनाने में जुटे हुए हैं कि बांग्लादेश के एकतरफ़ा चुनाव को सिर्फ़ भारत की वजह से वैधता मिली है और इसलिए लोगों को भारत और उसके उत्पादों का बहिष्कार करना चाहिए। संकेत बहुत साफ है कि बीएनपी भारत से नफरत करती है। हालांकि उसकी नफरत की वजह समझ से परे है। भारत का 1947 में बंटवारा हुआ। पंजाब और बंगाल सूबों के कुछ हिस्से पाकिस्तान में चले गए। आगे चलकर पाकिस्तान का वह भाग, जिसे पूर्वी पाकिस्तान कहते थे, 1971 में एक स्वतंत्र देश के रूप में विश्व मानचित्र पर उभरा । नए देश का नाम बांग्लादेश के रूप में जाना गया। उसकी स्थापना में भारत का योगदान रहा। वहां कट्टरता की एक तस्वीर लगातार देखने को मिलती रहती है। हिन्दुओं और प्राचीन हिन्दू मंदिरों पर हमले लगातार होते रहते हैं। कुछ साल पहले बांग्लादेश में अमेरिकी ब्लॉगर अविजित रॉय की निर्मम हत्या और उनकी पत्नी के ऊपर हुए जानलेवा हमले से वहां पर कट्टरता की बढ़ती ताकत का पता चलता है। वहां पर धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिए स्पेस जीवन के सभी क्षेत्रों में घट रहा है। अविजित रॉय बांग्लादेश मूल के अमेरिकी थे। वे हिन्दू थे। वे और उनकी पत्नी बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे थे। अविजित की हत्या से बांग्लादेश में हिन्दुओं की भयावह होती स्थिति पर पूरी दुनिया का ध्यान गया था। यह अफसोसजनक बात है कि बांग्लादेश में हिन्दू सुरक्षित नहीं हैं। जिस बांग्लादेश में 'हिफ़ाज़त-ए-इस्लाम' जैसा जहरीला संगठन सक्रिय होगा उसका भगवान ही मालिक है। यह अपने देश के लोगों को यह समझाने में सफल रहा कि इस्लाम खतरे में है। कैसे खतरे में है? यह कोई नहीं बता सकता। बांग्लादेश में 90 फीसदी से अधिक मुसलमान हैं। तस्लीमा नसरीन ने भी अपने उपन्यास लज्जा में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की दर्दनाक स्थिति पर विश्तार से लिखा है, इसलिए ही उनकी जान के दुश्मन हो गए यह कट्टरपंथी। उसी विरोध के कारण तसलीमा को बांग्लादेश छोड़ना पड़ा था। तसलीमा लसरीन का उपन्यास 1993 में पहली बार प्रकाशित हुआ था। वह लज्जा में साम्प्रदायिक उन्माद के नृशंस रूप को सामने लाती हैं। लज्जा के आने के बाद कट्टरपंथियों ने उनके खिलाफ फतवा जारी किया था। बांग्लादेश की स्थापना के बाद लग रहा था कि वहां पर हिन्दुओं की स्थिति सुधर जाएगी। भारत की चाहत रही है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सत्तासीन रहें। निश्चित रूप से बांग्लादेश में शेख हसीना का सत्ता पर काबिज होना भारत और वहां के हिन्दुओं के हित में है।

(लेखक पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



एक देश, एक चुनाव

डॉ..रमेश ठाकुर

# चुनावों में फिजूल खर्ची रुकेगी

देश में चुनाव पर बहुत ज्यादा पैसा फिजूल खर्च होता है। सवाल ये है आखिर ये समस्या रुके कैसे, हालांकि इसको लेकर एक चुनाव एक देश की मुहिम कारगर साबित हो सकती है। वन नेशन, वन इलेक्शन की मांग लंबे समय से उठती रही है। अब तो परिस्थितियां ऐसी हो गई हैं कि हर एक-दो साल के अंतराल पर किसी न किसी बड़ी विधानसभा के चुनाव करने पड़ते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ न होने से चुनावों में लगने वाले लंबे-चौड़े अमले, नेताओं और जनता के बहुमूल्य समय के साथ-साथ अकूत धन का क्षरण होता है। साथ ही बार-बार होने वाले चुनावों से विकास की गति बाधित होती है।

चुनाव बहुत खर्चीले हो गए हैं, बिना पैसों के लड़ना अब संभव नहीं? सवाल ये है आखिर ये समस्या रुके कैसे, हालांकि इसको लेकर एक चुनाव एक देश की मुहिम कारगर साबित हो सकती है, क्योंकि हमारे यहां हर वक़्त चुनावी मौसम रहता है। इनमें काफी समय, धन और संसाधन बर्बाद होता है। यही वजह है कि वन नेशन, वन इलेक्शन की मांग लंबे समय से उठती रही है। प्रधानमंत्री मोदी की भी यही तमन्ना रही है, इसलिए गाहे-बगाहे वह अपनी इच्छा जताते रहे हैं। हाल ही में उनकी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक राष्ट्र, एक चुनाव की संभावनाओं की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी गठित कर इस मुद्दे को फिर से छेड़ दिया है।

गौरतलब है कि देश में एक साथ चुनाव की अवधारणा नई नहीं है। आजादी के बाद 1951-52 में पहले चुनाव से लेकर 1967 तक एक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे, लेकिन 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय से पूर्व भंग होने के कारण यह चलन जारी नहीं रह सका। अब तो परिस्थितियां ऐसी हो गई हैं कि हर एक-दो साल के अंतराल पर किसी न किसी बड़ी विधानसभा के चुनाव करने पड़ते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ न होने से चुनावों में लगने वाले लंबे-चौड़े अमले, नेताओं और जनता के बहुमूल्य समय के साथ-साथ अकूत धन का क्षरण होता है। साथ ही बार-बार होने वाले चुनावों से विकास की गति बाधित होती है, क्योंकि हर चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता से लागू हो जाती है। फिर आचार संहिता इतनी लंबी चलती है कि अगले दो-ढाई महीने तक तरक्की पर ब्रेक लग जाता है। निःसंदेह एक साथ चुनाव से इन तमाम विसंगतियों पर काबू पाया जा सकता है। गौर फरमाएं तो प्रधानमंत्री मोदी भी यही तर्क देकर कभी लाल किला की प्राचीर से तो कभी पीठासीन अधिकारियों की सम्मलेन में इसकी पुरजोर वकालत करते रहे हैं। उनके कार्यकाल में ही लॉ कमीशन, नीति आयोग और संसद की स्थायी समिति के जरिये इसकी समीक्षा की जा चुकी है। इस तरह मोदी सरकार द्वारा रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित यह चौथी समिति है। हालांकि इससे पूर्व की समितियों की सिफारिशों पर अब तक वर्तमान सरकार ने कोई निर्णय लिया है। इसकी वजह यह है कि यह कहने-सुनने में जितना व्यावहारिक और उचित लगता है, उतना शायद भारत जैसे संघीय और संवैधानिक ढांचे वाले मुल्क में आसान नहीं है। वैसे, मकसद और उद्देश्य अगर केवल समय और धन की बचत है तो फिर यह भी दलील दी जा सकती है कि हर पांच वर्ष में ही चुनाव क्यों कराए जाएं? उनकी समयावधि बढ़ाकर छह-सात वर्ष क्यों न कर दी जाए? इससे समय और धन की बचत तो हो जाएगी, लेकिन कई और समस्याएं खड़ी हो जाएंगी। मसलन अगर इनमें जीत दर्ज करने वाली कोई सियासी पार्टी अच्छा काम नहीं कर रही है और जन अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है तो उसे फिर जनता को पांच से अधिक वर्षों तक बर्दाश्त करने के लिए विवश होना पड़ेगा। हमारे देश में वैसे ही इसकी संभावनाएं प्रबल हैं



क्योंकि चुनावी वादे करके भूलना हमारे नेताओं और राजनीति दलों की आदत में शुमार है। चुनाव सुधारों के तौर पर मतदाताओं को अक्षम जनप्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार देने की मांग बेमानी हो जाएगी।

देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव फिलहाल अलग-अलग होने के बावजूद इसे शांतिपूर्वक सम्पन्न कराना निर्वाचन आयोग और सुरक्षा बलों के लिए बड़ी चुनौती होती है। इसमें काफी समय लगता है। मसलन 2019 के आम चुनाव सात चरणों में संपन्न हुए और इसमें 39 दिन अर्थात सवा महीने का समय लगा। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगभग 2.7 लाख अर्द्धसैनिक बलों और 20 लाख पुलिस फोर्स का सहारा लेना पड़ा। इसी तरह बड़े राज्यों के विधानसभा चुनावों को कई फेज में कराना पड़ता है जिनके लिए काफी सुरक्षा बलों की तैनाती करनी पड़ती है। ऐसे में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव करवाने में लगने वाले समय और संसाधन का अंदाजा बखूबी लगाया जा सकता है। बात केवल इतनी भर नहीं है। असल में विविधता वाले हमारे देश में राजनीतिक परिस्थितियां इसके अनुकूल नहीं हैं। बहु-दलीय राजनीतिक व्यवस्था वाले हमारे देश में जनता के चुनावी मुद्दे एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र, एक राज्य से दूसरे राज्य और फिर राज्य से राष्ट्रीय स्तर तक अलग-अलग हैं। मुद्दों के साथ-साथ उनकी चुनावी प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं। किसी राज्य में लोग अपने यहां के क्षेत्रीय दलों को पसंद करते हैं तो किसी राज्य के राष्ट्रीय दलों को तरजीह देते हैं। भू-सामाजिक और राजनीतिक वैविधता से लोगों के सामने बहुत से विकल्प खुले होते हैं और जन-मानस अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही अलग-अलग प्रशासनिक स्तर पर दलों का चयन करते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराने से क्षेत्रीय दलों को काफी नुकसान होगा और उनकी संभावनाएं क्षीण होती जाएंगी, क्योंकि बदली हुई निर्वाचन प्रणाली में राष्ट्रीय मुद्दों और जनभावनाओं का प्रभुत्व होगा। हमारे देश में वैसे ही गठबंधन सरकारों का एक लंबा दौर रहा है। कई बार किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने और फिर आपस में गठबंधन की सहमति नहीं बन पाने से त्रिशंकु जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। एक साथ चुनाव कराने की स्थिति में अगर केंद्र में किसी दल या गठबंधन की सरकार बन जाती है और किसी राज्य में त्रिशंकु परिस्थितियां उत्पन्न हो गईं, ऐसे में हालात बड़े विचित्र हो जाएंगे। फिर यही बात केंद्र के लिए भी लागू होती है। ऐसी परिस्थितियों में क्या त्रिशंकु लोकसभा या विधानसभाओं को अगले पांच वर्षों तक फिर से एक साथ चुनाव होने की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी या फिर से फौरन चुनाव करवा कर समय, धन और संसाधनों की बर्बादी की जाएगी?

भारतीय संविधान में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के अपने-अपने अधिकार प्रदत्त हैं। इनके अनुसार ही यह कार्य करती हैं और जनहित वाली योजनाओं का सृजन करती हैं। इसके अतिरिक्त शासन का तीसरा स्तर भी है जो स्थानीय निकायों के जरिये चलता है। इसका मकसद स्थानीय सतह पर योजनाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करना है। लोकसभा और विधानसभाओं के एक साथ चुनाव करवाने से स्थानीय निकायों में भी इसका प्रयोग किए जाने की मांग उठने लगेगी। सबसे बड़ी दिक्कत तो संसद के उच्च सदन राज्यसभा के सामने पेश आएगी जिसके सदस्यों का कार्यकाल 6 साल का होता है और इसमें से हर दो वर्ष पर एक-तिहाई सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होता है।

ऐसे में जाहिर तौर पर तो चुनाव संबंधी धन-संसाधन एवं समय की बर्बादी को कम करने, स्थिर शासन और बार-बार चुनाव से होने वाले अवरोधों को कम करने के लिए एक साथ चुनाव प्रासंगिक लगते हैं, लेकिन क्या यह व्यावहारिक भी हैं। इसका जवाब तलाश करने के लिए इस पर व्यापक चर्चा जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी है...



संकलित

दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## बहरूपियों से हमेशा सतर्क एवं सावधान रहें



संकलित

प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

अंतर्मन





## आज की पाती

### नया वित्त वर्ष मंगलमय हो

हमारे देश में हर वर्ष वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है। देश में वर्ष 1867 में अंग्रेजों ने पहली बार बजट प्रस्तुत किया था। उन्होंने 1 अप्रैल से 31 मार्च को वित्तीय वर्ष घोषित करके इसे अपनी सुविधा के लिए रखा था। तब से ही हमारे देश में वित्तीय वर्ष की परंपरा 1 अप्रैल से 31 मार्च तक चलती आ रही है। उम्मीद है कि हमारे देश के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 महत्वपूर्ण रहेगा और केंद्र में जो भी सरकार सत्ता में आएगी, वो देश के आर्थिक विकास के लिए काम करेगी। कुछ अर्थशास्त्री यह भी अनुमान लगाए हुए हैं कि यह वर्ष देश की जीडीपी अर्थात सकल घरेलू उत्पाद के लिए बेहतर हो सकता है। इस वित्त वर्ष में सभी का कारोबार खूब फले-फूले, यह कामना करनी होगी। - **विकास परसाई**, रायगढ़

करंट अफेयर

# इजराइल अल जजीरा का संचालन बंद करेगा



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संसद द्वारा अल जजीरा चैनल को बंद करने जैसे फैसले के लिए कानून पारित किए जाने के बाद सोमवार को संकल्प जताया कि देश में इस चैनल का परिचालन बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि यह 'आंतकवादी चैनल' है जो उकसाता है। प्रसारक ने नेतन्याहू के उकसाने वाले दावे की निंदा करते हुए इसे 'खतरनाक, हास्यास्पद झूठ' बताया। अल जजीरा ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा कि वह नेतन्याहू को अपने कर्मचारियों और कार्यालयों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार मानता है। चैनल के मुताबिक, उसके पत्रकार अपने साहसिक और पेशेवर कवरेज को जारी रखेंगे, और वह ''हर कानूनी कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।'' इजराइल के अल जजीरा के साथ लंबे समय से खराब संबंध रहे हैं। इजराइल चैनल पर उसके प्रति पूर्वाग्रह रखने का आरोप लगाता है। लगभग दो साल पहले दोनों के संबंध तब और बिगड़ गए जब इजराइली कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इजराइली सैन्य हमले के दौरान अल जजीरा की संवाददाता शिरीन अबू अकलेह की हत्या कर दी गई थी। अल जजीरा उन कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया घरानों में से एक है जिसने पूरे युद्ध के दौरान गाजा से खबरें दीं।

ऑफ बीट


# जीवित पक्षियों के लिए नए 'जीवन वृक्ष' का पता चला



पक्षी जीनोम के अब तक के सबसे बड़े अध्ययन से पक्षी परिवार के पेड़ की उल्लेखनीय रूप से स्पष्ट तस्वीर सामने आई है। अध्ययन से पता चलता है कि पक्षियों के अधिकांश आधुनिक समूह डायनासोर के विलुप्त होने के 50 लाख वर्षों के भीतर पहली बार दिखाई दिए। पक्षी हमारे जीवन का एक बड़ा हिस्सा हैं, शहरों में भी यह प्रकृति का प्रतीक हैं। वे आम जनता के बीच लोकप्रिय हैं और वैज्ञानिकों द्वारा उनपर काफी अध्ययन किया गया है। लेकिन इन सभी पक्षियों को एक पारिवारिक वृक्ष में रखना निराशाजनक रूप से कठिन रहा है। 360 से अधिक पक्षी प्रजातियों के जीनोम का विश्लेषण करके, हमारे अध्ययन ने जीवित पक्षियों के प्रमुख समूहों के बीच मौलिक संबंधों की पहचान की है। नया पारिवारिक वृक्ष पक्षी संबंधों के बारे में कुछ पिछले विचारों को उलट देता है, साथ ही कुछ नए समूहों का भी खुलासा करता है। पक्षी परिवार के पेड़ की तीन प्रमुख शाखाएँ हैं। पहली शाखा में टिनमस और रैटाइट्स शामिल हैं, जिनमें एमु, कीवी और शुतुरमुर्ग जैसे बिना उड़ने वाले पक्षी शामिल हैं। दूसरी शाखा में भूमिपक्षी और जलपक्षी – मुर्गियाँ, बत्तखें इत्यादि हैं। अन्य सभी पक्षी तीसरी शाखा में आते हैं, जिसे निओवेस के नाम से जाना जाता है, जिसमें 95% पक्षी प्रजातियाँ शामिल हैं।

ट्रेंड


### एकजुट होने का क्षण



ऑटिस्टिक लोग शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समावेशन के अपने मौलिक अधिकारों में बाधाओं का सामना करना जारी रखते हैं। विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस उनके महत्वपूर्ण योगदान का जश्न मनाने, अपने अधिकारों को समझने के लिए एकजुट होने का एक क्षण है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### दुनिया अलग जगह होगी



यदि हम इस दुनिया में पर्याप्त संख्या में ऐसे लोगों का निर्माण कर सकें जिनका जीवन का अनुभव शारीरिक और मानसिक से परे हो, तो यह दुनिया एक बहुत अलग जगह होगी।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु


### चीन का नाम नहीं लेते



प्रधानमंत्री चीन का नाम नहीं लेते, विदेश मंत्री ना जाने क्यों चीन से घबराते हैं? चीन ने हमारे अरुणाचल की 30 जगहों के नाम बदल दिए-जयशंकर जी कहते हैं, क्या फ़र्क़ पड़ता है- मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो वह घर मेरा थोड़े ही हो जाएगा

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### नवाचार बढ़ने के प्रमाण



पूरे भारत में तकनीकी नवाचार के बढ़ने के प्रमाण। एक इंजीनियर जो अभी तक कोई अन्य डिलीवरी ऐप नहीं बना रहा है। संजीव आईआईटीआर स्तर 5 की स्वायत्तता को लक्षित करने के लिए जटिल गणित का उपयोग कर रहा है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




भाजपा सरकार की बताई उपलब्धियां और कांग्रेस को कोसा

# मोदी 10 साल से इनकी लगाई हुई आग को बुझा रहा लोकसभा चुनाव भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकेगा

## कोटपुतली में विजय शंखनाद रैली में पीएम ने कांग्रेस पर किया हमला

## रुद्रपुर में बोले- धूप में तपने की आपकी तपस्या को बेकार नहीं जाने दूंगा

एजेंसी ▶▶ कोटपुतली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राजस्थान के कोटपुतली में विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह उत्साह 4 जून का संकेत दे रहा है। राजस्थान के लोग हमेशा देश की मजबूती के लिए खड़े रहे हैं और जयपुर का जलवा तो कुछ दिन पहले पूरी दुनिया देक चुकी है।

पीएम ने कहा कि 2024 के इस चुनाव में देश की सियासत फिर 2 खेमों में बंटी नजर आ रही है। एक तरफ राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेकर चलने वाली भाजपा है, तो दूसरी तरफ देश को लूटने के मौके तलाशने वाली कांग्रेस पार्टी है। पीएम मोदी ने कहा कि आज एक ओर देश को परिवार मानने वाली भाजपा है, तो दूसरी ओर अपने परिवार को देश से बड़ा मानने वाली कांग्रेस है। कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज एक ओर दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने वाली भाजपा है, तो दूसरी ओर विदेश में जाकर भारत को गाली देने वाली कांग्रेस है। ऐसी देशविरोधी, परिवारवादी ताकतों के खिलाफ राजस्थान हमेशा खड़ा रहा है।पीएम मोदी ने कहा कि ये पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें कांग्रेस के बड़े नेता खुद के चुनाव जीतने की बात पर मौन हैं। लेकिन, वो देश को धमकी दे रहे हैं कि अगर भाजपा जीती तो देश में आग लग जाएगी। मोदी 10 साल से इनकी लगाई हुई आग को बुझा रहा है।






### 4 जून- 400 पार

पीएम मोदी नेदावा किया कि 2024 का ये चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। ये चुनाव, विकसित राजस्थान और विकसित भारत के संकल्प का चुनाव है। पूरा राजस्थान कह रहा है 4 जून - 400 पार! उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है। भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए है। आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने के लिए है। किसानों की समृद्धि के संकल्प का चुनाव है और घर-घर नल से जल पहुंचाने का चुनाव है।

**कांग्रेस सरकारों ने केवल देश को लूटा**

### दाल बाटी चूरमा, वोटर हमारा सूरमा

पीएम ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने चुनावी रैली में कहा कि आज देश की सियासत दो धुरों पर टिकी है। एक तरफ देश को परिवार मानने वाली भाजपा है और दूसरी तरफ अपना परिवार बड़ा मानने वाली कांग्रेस है। पीएम मोदी ने कहा कि एक तरफ देश के विकास के संकल्प को लेकर आगे बढ़ने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ देश को लूटने वाली कांग्रेस है। स्थानीय देवी देवताओं को नमन करने करते हुए कहा कि मोदी मौज करने के लिए नहीं मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है। राजस्थान के लोग हमेशा देश की मजबूती के लिए खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा 'दाल बाटी चूरमा, वोटर हमारा सूरमा'।

**भाजपा देश को आत्मनिर्भर बना रही**

पीएम ने कहा कि ये चुनाव भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है। ये चुनाव भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए है। ये भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन मात्र अपने स्वार्थ के लिए लड़ रहे हैं। वे परिवारवादी पार्टियां परिवारों को बचाने के लिए लड़ रही हैं। हम कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचार बचाओ। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि वह देश की हर समस्या की जड़ है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी तुम्हारी लगाई आग को बुझा रहा है।

गृहमंत्री शाह का कांग्रेस और इंडि गठबंधन पर तंज

## पीएम मोदी कभी छुट्टी नहीं लेते राहुल गर्मियों में जाते रहे विदेश

भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा कि मोदी नीत राजग और विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन में कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन को 'परिवारवादियों' और भ्रष्टाचारियों' का गठबंधन करार दिया और भरोसा जताया कि भाजपा '400 पार' के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी। शाह ने भरोसा जताया कि भाजपा कर्नाटक की सभी 28 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। विपक्षी गठबंधन भ्रष्टाचार और घोटालों का जमावड़ा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कभी छुट्टी नहीं लेने वाले पीएम मोदी का कांग्रेस नेता राहुल गांधी से कोई मुकाबला नहीं, जो गर्मी शुरू होते ही विदेश का दौरा करते हैं। शाह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में एक तरफ मोदी के नेतृत्व में भाजपा और राजग है तथा हम मोदी के नेतृत्व में चुनाव मैदान में हैं जबकि दूसरी तरफ 'परिवारवादियों' और 'भ्रष्टाचारियों' का 'इंडिया' गठबंधन है।



लगभग सभी राज्यों में हो रही मोदी-मोदी की जयकार

शाह ने बेंगलुरु में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने देश भर के लगभग 60 प्रतिशत राज्यों का दौरा किया है और दावा किया कि हर जगह लोग 'मोदी, मोदी' के नारे लगा रहे हैं। पीएम ने इस बार भाजपा के समक्ष '400 पार' का लक्ष्य रखा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक की जनता ने 43 प्रतिशत मत और 17 सीट हमें दी थी। 2019 के चुनाव में यहां की जनता ने 51 प्रतिशत मत के साथ हमें 25 सीट दी। इस बार मेरी लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि वे 60 प्रतिशत मत और सभी 28 सीट पर भाजपा गठबंधन की जीत सुनिश्चित करें।



**रुद्रपुर में देसी अंदाज में हाल-चाल जाना**

### भीड़ से तय नहीं हो रहा यह प्रचार रैली है या विजय रैली

*उत्तराखंड के रुद्रपुर में पीएम ने चुनावी जनसभा की। पीएम ने देशी अंदाज में हाल चाल लिया। पीएम ने कहा कि भीड़ को देखकर यह तय नहीं हो पा रहा कि यह प्रचार सभा या विजय रैली। मैदान में बैठे लोगों को धूप लगने पर पीएम मोदी ने कहा कि भीड़ के लिए पंडाल छोटा पड़ गया है। हमारी व्यवस्था में कुछ कमी रही इसके लिए मैं क्षमा मांगता हूं। आपको विश्वास दिलाता हूं कि धूप में तपने की आपकी तपस्या को बेकार नहीं जाने दूंगा। मैं इसे विकास कर करके लौटा दूंगा। हम उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाकर रहेंगे। इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। 10 वर्षों में जितना विकास उत्तराखंड का हुआ है उतना आजादी के बाद के 60-65 साल में भी नहीं हुआ। 12 लाख घरों को पानी कनेक्शन दिया। 3 लाख को स्वामित्व योजना का लाभ मिला। 35 लाख लोगों को बैंक खाते खोले गए। छोटे किसानों के खाते में किसान निधि दी।*

**कांग्रेस की एक और सूची सामने आई**

### 17 उम्मीदवारों में शर्मिला और राजू भी शामिल



कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। वाईएस शर्मिला रेड्डी आंध्र प्रदेश के कडप्पा से, एमएम पल्लम राजू काकीनाडा से चुनाव लड़ेंगे। मो. जावेद को किशनगंज और तारिक अनवर को कटिहार से चुनावी मैदान में उतारा गया है।

**ओडिशा विधानसभा चुनाव**

### भाजपा ने 112 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए



ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। सूची में 112 उम्मीदवारों का ऐलान किया है। राज्य में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ ही होंगे। ओडिशा विधानसभा में 147 सीटें हैं। भाजपा-बीजू जनता दल के बीच गठबंधन की चर्चा थी।

**पशुपति ने की नड्डा से मुलाकात**

### एनडीए के समर्थन की बात दोहराई



राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के मुखिया पशुपति कुमार पारस ने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद पारस ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। हमारी रालोजपा के ऊपर पुनः विश्वास व्यक्त करने के लिए हृदयतल से आभारी हूं।

**खबर संक्षेप**

### मोइत्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज



**नई दिल्ली।** पूर्व सांसद और टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली है। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने हाल ही में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए महुआ को नया समन जारी किया था, जिसे उन्होंने नजरअंदाज कर दिया था। सीबीआई पहले से ही जांच कर रही है।

### नवी मुंबई की केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग



**मुंबई।** नवी मुंबई के एमआईडीसी में एक इंडस्ट्रियल केमिकल कंपनी में भीषण आग लग गई। मौके पर दमकल की गाड़ियां मौजूद हैं और आग बुझाने का काम जारी है। किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पूरी इमारत में आग लग चुकी है। फायरब्रिगेड के अधिकारी आग बुझाने के काम में जुटे हैं। फिलहाल जनहानि की खबर नहीं है।

7 घंटे तक चली ताबड़तोड़ कार्रवाई, अब तक शवों की शिनाख्त नहीं

ऑटोमेटिक एलएमजी, थ्री नॉट थ्री रायफल, बीजीएल सेल लांचर व अन्य हथियार बरामद

# गंगालूर के लेण्ड्रा जंगल में मुठभेड़ मारे गए 1 महिला समेत 10 नक्सली

*छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 10 नक्सलियों को मार गिराया है। गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सोमवार को सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। दल में डीआरजी, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे। इस दौरान बड़ी मात्रा में हथियार और नक्सल साहित्य बरामद किया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/बीजापुर

बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित लेण्ड्रा के जंगल में सुबह 6 बजे से मुठभेड़ शुरू हुई। इसके बाद सुरक्षा बलों ने एक महिला समेत 10 नक्सलियों के शव और भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार व नक्सल सामग्री बरामद किए हैं।

मारे गए अधिकांश नक्सली पीएलजीए कंपनी नंबर दो के मेंबर बताए जा रहे है, हालांकि देर शाम तक मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि थाना गंगालूर क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान सुबह लगभग 6 बजे लेण्ड्रा के जंगल में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो लगभग 7 घंटे तक जारी रही। सुबह मुठभेड़ के बाद 4 नक्सलियों के मारे जाने की खबर आ रही थी, जो शाम होते तक 10 हो गई। भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद के अलावा दैनिक उपयोग की सामग्री जब्त की गई है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना है।





**आपॅरेशन में शामिल सभी जवान सुरक्षित**

बताया जा रहा है कि लेण्ड्रा मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में पीएलजीए कंपनी नम्बर दो के शीर्ष लाखों के इनामी नक्सली सदस्य भी शामिल है। अब तक 10 नक्सलियों के शव बरामद कर लिया गया है और इनकी संख्या में इजाफा होने की संभावना है। मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं और उन्हें बीजापुर मुख्यालय लाने की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि मारे गए सभी नक्सली माओवादी संगठन के पीएलजीए के सदस्य हैं, जिनकी गिनती बड़े कैडर के नक्सलियों में होती है। आईजी ने बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित है।

### 22 जवानों की हुई थी शहादत

गौरतलब है कि इससे पूर्व 3 अप्रैल 2021 को बीजापुर और सुकमा की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया गया था। कोबरा 210 बटालियन व जिला बल के जवान इस ऑपरेशन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान टेकलगुड़ा गांव में नक्सलियों ने जवानों को एम्बुश में फंसाकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। नक्सलियों के इस हमले में कोबरा 210 बटालियन व जिला पुलिस के 22 जवान शहीद हो गए थे। वर्ष 2021 से पहले कोबरा बटालियन को इतना बड़ा नुकसान पहले कभी बस्तर में नहीं हुआ था। जवानों की शहादत के बाद नक्सलियों का मनोबल बढ़ गया था।

### सुकमा जिले में मारे गए माओवादी की हुई शिनाख्त

सोमवार को सुकमा व तेलंगाना राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स व 208 कोबरा की संयुक्त पार्टी ने तेलंगाना राज्य के सीमावर्ती ग्राम पेसेलपाड़ एवं दोरामंगू के मध्य जंगल पहाड़ी में माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसमें एक पुरुष माओवादी के शव के अलावा बीजीएल रायफल पिट्ठु, स्केनर सेट, बीजीएल सेल, बीजीएल कॉर्ट्रिज, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर व अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया गया था। मृतक माओवादी की शिनाख्त दिरदो हिड़मा लगभग 25 वर्ष निवासी पेसलपाड़ थाना किस्टाराम जिला सुकमा के रूप में की गई है, जो नक्सल संगठन में टेटेमड़गू आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर के रूप में सक्रिय था।

### 2024 में अब तक 43 नक्सली मारे गए, 181 अरेस्ट

आईजी सुंदरराजन ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई में इस वर्ष अब तक 43 नक्सली को मुठभेड़ में ढेर किया जा चुका है। वहीं 181 नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है। प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस बल तथा केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल द्वारा विगत दिनों में बेहतर तालमेल एवं रणनीति के साथ काम किया जा रहा है। शासन की योजनाओं व अलग अलग जिलों में अलग अलग नाम से चलाए जा रहे अभियान से प्रभावित होकर 120 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

**आम चुनाव में चुनाव आयोग ने दिखाई सख्ती**

# विशेष पर्यवेक्षक करेंगे प्रशासन-सुरक्षा और खर्च की निगरानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को कई राज्यों के लिए विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। ये पर्यवेक्षक प्रशासन, सुरक्षा और खर्चे की निगरानी के लिए मकसद से तैनात किए जाएंगे।

आयोग ने कहा कि शानदार ट्रैक रिकॉर्ड वाले इन पूर्व लोक सेवकों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान सतर्कता के साथ देखरेख का काम सौंपा गया है। ये पर्यवेक्षक खासकर पैसा, ताकत और फर्जी सूचना से पैदा होने वाली चुनौतियों की निगरानी करेंगे। पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार में आबादी सात करोड़ से ज्यादा है। आयोग चुनावी राज्यों में सामान्य व्यय पर्यवेक्षकों के अलावा विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात कर रहा है। विशेष पर्यवेक्षक राज्य मुख्यालय में खुद को तैनात करेंगे और जरूरत पड़ने पर उन क्षेत्रों का दौरा करेंगे, जो अधिक संवेदनशील हैं और जहां जरूरी समन्वय की जरूरत है।

पूर्व लोक सेवकों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान सतर्कता के साथ देखरेख का काम सौंपा



### समय-समय पर जानकारी भी लेंगे

आयोग ने कहा कि ये विशेष पर्यवेक्षक जहां भी जरूरी हो, संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों, विधानसभा क्षेत्रों या जिलों में तैनात पर्यवेक्षकों से समय-समय पर जानकारी मांग सकते हैं। उन्हें इनपुट हासिल करने और निगरानी गतिविधियों में शामिल विभिन्न एजेंसियों के क्षेत्रीय प्रमुखों और नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय करने करने के लिए भी कहा गया है।इनका सीमावर्ती क्षेत्रों पर फोकस होगा और प्रलोभनों के प्रवाह को रोकने की दिशा में काम करेंगे। जनता की शिकायतों के समाधान पर काम करेंगे।

### सामान्य विशेष पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए

*आईएएस के सेवानिवृत्त अधिकारी मंजीत सिंह को बिहार में सामान्य विशेष पर्यवेक्षक तैनात किया है। विवेक दुबे को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक बनाया है। महाराष्ट्र में धर्मेंद्र एस. गंगवार को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। एनके मिश्रा को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में अजय वी नायक को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक और पूर्व आईपीएस अधिकारी मनमोहन सिंह को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। आंध्र प्रदेश में सामान्य विशेष पर्यवेक्षक राम मोहन मिश्रा को बनाया गया है और पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक पूर्व आईपीएस दीपक मिश्रा को बनाया गया है। ओडिशा में योगेंद्र त्रिपाठी को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक और सेवानिवृत्त आईपीएस रजनीकांत मिश्रा को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।*

**आईआईएम संबलपुर का नया कदम**

नई स्किल को बढ़ावा मिलेगा और संगठनात्मक विकास होगा

# अब नौकरीपेशा लोग कर सकेंगे व्यावसायिक पढ़ाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नौकरीपेशा युवाओं के स्किल को बढ़ाने भारत के टॉप संस्थानों में शुमार आईआईएम संबलपुर ने अपने दिल्ली कैंपस में एमबीए फॉर वर्किंग प्रोफेशनल्स (2024-2026) प्रोग्राम में एडमिशन के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया है।

आवेदन की आखिरी तारीख 15 अप्रैल है। 2साल के इस प्रोग्राम को उद्यमशीलता के साथ नई स्किल को बढ़ावा देने और संगठनात्मक विकास को आगे बढ़ाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। कक्षाएं हर वीकेंड पर हाइब्रिड तरीके से आयोजित की जाएगी।

**लोगों के हिसाब से तैयार किया सिलेबस**



इस प्रोग्राम में एडमिशन लेने वाले युवाओं को बिजनेस मैनेजमेंट के अलग-अलग क्षेत्रों की जानकारी दी जाएगी। इसमें वित्त, मार्केटिंग, रणनीति, मानव संसाधन प्रबंधन और संचालन के बारे में बताया जाता है। एग्जीक्यूटिव एमबीए कोर्स के सिलेबस को भी कामकाजी पेशेवर यानी नौकरी करने वाले लोगों के हिसाब से तैयार किया गया है।

### इस तरह किया जाएगा चयन

इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों के पास स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना जरूरी है। इसके अलावा आवेदक के पास कम से कम 3 साल नौकरी करने का अनुभव होना जरूरी है। इस कोर्स के लिए आवेदन करने के बाद आपका इंटरव्यू लिया जाएगा और इसके आधार पर ही चयन किया जाएगा।

## उत्पादन और ऑर्डर अक्टूबर 2020 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचे

# मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी, 16 साल के उच्चतम स्तर पर पीएमआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


भारत का मार्च मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 16 साल के हाई पर पहुंच गया है। उत्पादन और ऑर्डर अक्टूबर 2020 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं। एक निजी सर्वेक्षण से पता चला है कि मार्च में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने वित्त वर्ष 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। इसके पीछे की वजह यह है कि कंपनियों ने मजबूत प्रोडक्शन और नए ऑर्डर के जवाब में नियुक्तियां बढ़ा दीं। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई फरवरी में 56.9 से बढ़कर मार्च में 16 साल के उच्चतम 59.1 पर पहुंच गया। जबकि, यह फरवरी 2008 के बाद से सबसे अधिक है।

### निवेश में तेज वृद्धि

पिछले महीने में भारत का मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट लगातार 33वें महीने बढ़ा है। यह उपभोक्ता, मध्यवर्ती और निवेश सामान क्षेत्रों में वृद्धि तेज होने के कारण हुआ है। फर्म ने मंगलवार को एक कहा, 'अक्टूबर 2020 के बाद से आउटपुट और नए ऑर्डर में सबसे मजबूत वृद्धि के कारण था। यह सर्वेक्षण के इतिहास में इनपुट इन्वेंट्री में दूसरे सबसे तेज उछाल के समानांतर था।'

**खास बातें**

- पीएमआई फरवरी में 56.9 से बढ़कर मार्च में 59.1 पर पहुंचा
- पीएमआई फरवरी 2008 के बाद से सबसे अधिक है
- कंपनियों ने नए ऑर्डर के कारण नियुक्तियां भी बढ़ा दी



### मुद्रास्फीति मार्च में बढ़ी

एचएसबीसी के अर्थशास्त्री लैम ने कहा, 'भारत का मार्च मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों ने मजबूत उत्पादन और नए ऑर्डर के जवाब में नियुक्तियों का विस्तार किया। हाई डिमांड और क्षमता में थोड़ी सख्ती के कारण, इनपुट लागत मुद्रास्फीति मार्च में बढ़ी।' इन्वेंट्री पर्चेज सर्वे के इतिहास में मई 2023 के बाद 'दूसरी सबसे बड़ी सीमा' तक पहुंच गई। जबकि, रोजगार सृजन की गति हल्की थी, इसके बावजूद यह सितंबर 2023 के बाद से सबसे अच्छी स्थिति है।

### कंपनियां कुछ चीजों को लेकर आशावादी

*सर्वे से पता चला है कि भारतीय कंपनियां कुछ चीजों को लेकर आशावादी थीं, लेकिन समग्र भावना चार महीने के निचले स्तर पर आ गई। क्योंकि महंगाई की चिंता उनके आत्मविश्वास पर भारी पड़ रही थी। लागत का दबाव पांच महीनों में सबसे अधिक हो गया। कंपनियों ने कपास, लोहा, मशीनरी उपकरण, प्लास्टिक और स्टील के लिए अधिक कीमत चुकाई।*

### सरकार ने निर्धारित कर लक्ष्य संग्रह हासिल किया

*सरकार ने मजबूत आर्थिक गतिविधियों और बेहतर अनुपालन की मदद से वित्त वर्ष 2023-24 में 34.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर संग्रह के लक्ष्य को काफी हद तक हासिल कर लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कर राजस्व का कुल लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।'*

### संशोधित बजट में अनुमान बढ़ाया गया

*सरकार ने अप्रैल 2023- मार्च 2024 के लिए संशोधित बजट अनुमान में प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य बढ़ाकर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया था जबकि अप्रत्यक्ष कर (जीएसटी, सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क) के लिए अनुमान को घटाकर 14.84 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया था। इस दौरान 17 मार्च तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह (कॉरपोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर मिलाकर) 18.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया था।*

## सोने में 50 रुपये की गिरावट, चांदी 430 रुपये चढ़ी

**नई दिल्ली**। अबतक के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर के रुख की वजह से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 430 रुपये की तेजी के साथ 79,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी बाजारों में, कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,255 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर कम है। अमेरिकी डॉलर सूचकांक पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिससे कीमती धातु की कीमतों पर भी असर पड़ा।'' हालांकि, चांदी की कीमतें 25.55 डॉलर प्रति औंस पर ऊंची थीं। इसका पिछला बंद भाव 25.13 डॉलर प्रति औंस था। कॉमेक्स हाजिर सोने के भाव के 2,270 डॉलर के स्तर को पार करने के बाद तेजी का रुख फिर से शुरू हो जाएगा।

## जनवरी-मार्च में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 40 फीसदी घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कार्यालय, आवासीय और भंडारण परिसंपत्तियों में धन का प्रवाह कम होने के कारण जनवरी-मार्च में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश सालाना आधार पर 40 प्रतिशत घटकर 99.51 करोड़ अमेरिकी डॉलर रह गया। कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, एक साल पहले की अवधि में संस्थागत निवेश 165.83 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। रियल एस्टेट सलाहकार ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि विदेशी कोषों ने 55 प्रतिशत, जबकि घरेलू निवेशकों ने 45 प्रतिशत का योगदान दिया। आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी-मार्च में कार्यालय में संस्थागत निवेश 38 प्रतिशत गिरकर 56.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा जो पिछले साल 90.76 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। आवासीय क्षेत्र में निवेश में 72 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। यह 36.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर 10.26 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। औद्योगिक व भंडारण संपत्तियों में धन का प्रवाह 21.63 करोड़ अमेरिकी डॉलर से 18 प्रतिशत घटकर 17.77 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया।

- कोलियर्स की रिपोर्ट के अनुसार निवेश घटकर 99.5 करोड़ डॉलर

## भरोसे के कारण पूंजी बाजार में मूल्यांकन अधिकः सेबी प्रमुख

**मुंबई**। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की प्रमुख माधबी पुरी बुच ने मंगलवार को कहा कि भारत के पूंजी बाजार में उच्च मूल्यांकन का कारण विदेशी निवेशकों की देश को लेकर उम्मीद और भरोसा है। उन्होंने कहा कि मूल्य-आय अनुपात 22.2 है जो दुनिया के कई सूचकांकों के औसत से अधिक है। बुच ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के कंपनी संचालन पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'निश्चित रूप से कुछ लोग कहते हैं कि हमारा बाजार महंगा है लेकिन फिर भी निवेश क्यों आ रहा है? क्योंकि यह उस आशावाद और विश्वास का प्रतिबिंब है जो दुनिया आज भारत में रखती है...।' सेबी प्रमुख ने कुछ सप्ताह पहले छोटे और मझोली कंपनियों के शेयर खंड में उच्च मूल्यांकन पर चिंता जतायी थी। उन्होंने कहा था कि यह एक 'बुलबुले' में तब्दील हो सकता है। बुच ने कहा कि वह मिली जिम्मेदारियों के तहत नियमित रूप से विदेशी निवेशकों से मिलती रहती हैं।

**विदेशों में भारत के प्रति रूचि बढ़ीः** कई साल की मजबूत वृद्धि के बाद देश की अर्थव्यवस्था में जो गति आई है, उसके कारण उनमें भारत के प्रति रुचि बढ़ी है। उन्होंने कहा कि उन्हें अर्थव्यवस्था की ताकत का संकेत देने वाले आंकड़ों से प्रोत्साहन मिलता है। ये जीएसटी संग्रह, अग्रिम कर भुगतान, बिजली और ऊर्जा खपत में वृद्धि जैसे आंकड़े हैं।

## स्पाइसजेट को जल्द एक क्यू400 विमान मिलेगा

**नई दिल्ली**। घरेलू एयरलाइन स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि पट्टे पर विमान मुहैया कराने वाली कंपनी नॉर्डिक एविएशन कैपिटल (एनएसी) के साथ हुए समझौते के तहत उसे जल्द ही एक क्यू400 विमान मिलेगा। एयरलाइन ने एनएसी से पट्टे पर लिए गए क्यू400 विमानों के लिए सभी पिछली देनदारियों का भुगतान कर दिया है। निपटान समझौते के तहत उसके पास पहले से ही पांच क्यू400 विमान मौजूद हैं।

**NOTICE**

We, Sanjay S/o Sh. Mawasi Ram and Smt. Meena Kushwaha W/o Sh. Sanjay R/o H.No. C-498, Gali No. 11, Majlis Park, Adarsh Nagar, Delhi-110033 declare that our son Mr. Dheeraj Kushwaha and daughter-in-law Preeti are out of our control. So we evict both of them from our movable and immovable property. Both of them themselves will be responsible for their act and conduct.

## शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी पर लगा ब्रेक

- सेंसेक्स 111 और निफ्टी 8.70 अंक टूटा
- निजी बैंक व वाहन शेयरों में रही मुनाफा वसूली

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 111 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच चुनिंदा निजी बैंकों और वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 110.64 अंक गिरावट के साथ 73,903.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 270.78 अंक तक नीचे चला गया था। निफ्टी भी 8.70 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,453.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सोमवार को कारोबार के दौरान अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू शेयर बाजारों के कल कारोबार के दौरान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के साथ बाजार में आज गिरावट आई।

### अदाणी के शेयर दूसरे दिन भी चढ़े

*अदाणी समूह के 10 सूचीबद्ध शेयरों में से नौ मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। लगातार दूसरे दिन समूह की कंपनियों के शेयरों में बढ़त जारी रही।*

### आदित्य बिड़ला फैशन 12 प्रतिशत चढ़ा

आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) का शेयर मंगलवार को करीब 12 प्रतिशत तेजी के साथ बंद हुआ। कंपनी ने सोमवार को अपने मदुरा फैशन एंड लाइफस्टाइल कारोबार को कंपनी से अलग से शेयर में तेजी आई। दिन में कारोबार के

## एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री, भुनाने के लिए एसओपी का खुलासा करने से किया इनकार

**नई दिल्ली (भाषा)**। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उसकी शाखाओं से जारी किए गए चुनावी बॉन्ड की बिक्री और उन्हें भुनाने के लिए अपनी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का खुलासा करने से इनकार कर दिया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एक आरटीआई के जवाब में व्यावसायिक गोपनीयता के तहत दी गई छूट का हवाला देते हुए यह जानकारी देने से मना किया। सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत दायर एक आवेदन में अंजलि भारद्वाज ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री और उन्हें भुनाने के लिए एसओपी का विवरण मांगा था। एसबीआई के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी और उप महाप्रबंधक एम कन्ना बाबू ने अपने जवाब में 30 मार्च को कहा, ''अधिकृत शाखाओं को समय-समय पर जारी चुनावी बॉन्ड योजना-2018 की मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) आंतरिक दिशानिर्देश हैं, जिन्हें सूचना का अधिकार कानून की धारा 8(1) (डी) के तहत छूट दी गई है।''आरटीआई कानून की धारा 8(1)(डी) वाणिज्यिक विश्वास, कारोबारी गोपनीयता या बौद्धिक संपदा सहित ऐसी जानकारी के खुलासे से छूट देती है, जिसे बताने से प्रतिस्पर्धी स्थिति को नुकसान होगा।

## एचएमएसआई की बिक्री में 81 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली**। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की घरेलू बाजार में थोक बिक्री मार्च में सालाना आधार पर 81 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,58,151 इकाई रही।

## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम, निवास और परिवार अज्ञात है, जो दिनांक 11.03.2024 को शाम 06:30 बजे प्लेटफार्म नंबर 10, सीढ़ियों के पास, फुट ओवर ब्रिज के निचे, ओडीआरएस, दिल्ली पर मृत पाया गया। इस संबंध में **डीडी संख्या 40ए, दिनांक 11.03.2024, को पुलिस थाना ओडीआरएस, दिल्ली** में दर्ज किया गया है।

इस अज्ञात मृत व्यक्ति का विवरण इस प्रकार है :

**लिंग** : पुरुष, **उम्र** : लगभग 65 वर्ष, **कद** : 5'4'', **रंग** : सांवला, **पहनावा** : सफेद जैकेट, नारंगी निकर।

इस अज्ञात मृत शरीर के बारे में यदी कोई जानकारी मिले तो कृपया एसएचओ/ओडीआरएस, दिल्ली को सूचित करें।

थानाध्यक्ष
पुलिस थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन नं. : 8750871302
DP/3859/Rly/2024
ई–मेल : sho-rly-delhimain-dl@delhipolice.gov.in

## रुपया 83.42 रुपये प्रति डॉलर के भाव पर

**मुंबई**। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.42 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 83.34 के उच्चस्तर और 83.44 प्रति डॉलर के निचले स्तर के बीच घट-बढ़ के बाद अंत में तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.42 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले सप्ताह बृहस्पतिवार को रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 83.39 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**ज्योतिष**

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59
8586896357

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कार्बन मुक्त हरित पर्यावरण की दिशा में बीमा लोकपाल परिषद् की महत्वपूर्ण पहल

**मुंबई** | बीमा लोकपाल संस्थान की स्थापना आरपीजी नियम 1998 के तहत की गई थी। इसके बाद, बीमा नियामक की धारा 24 द्वारा प्रदत्त शक्ति के अनुसार विकास प्राधिकरण अधिनियम 1999 {1999 का 41}, प्राधिकरण ने राजपत्र अधिसूचना संख्या जीएसटी 413(ई). के माध्यम से बीमा लोकपाल नियम 2017 बनाया जो 25.04.2017 को लागू हुआ। इस नियम का उद्देश्य एकल स्वामित्व और सूक्ष्म उपक्रमों को जारी सभी व्यक्तिगत बीमा, समूह बीमा पॉलिसियाँ, पॉलिसियाँ, एक लागत में बीमा कंपनियों और उनके एजेंटों और मध्यस्थों की ओर से प्रभावी और निष्पक्ष रूप सभी शिकायतों का समाधान करना है। बीमा लोकपाल कार्यालय (संख्या में पूरे भारत में 17) प्रशासनिक व्यवस्था के तहत काम कर रहे हैं। बीमा लोकपाल परिषद, मुंबई के नियंत्रण ने वित्त वर्ष 2023-24 में दिनांक 31.03.2024 को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया है। वर्ष 2023-24 में इसकी एक उल्लेखनीय उपलब्धि सर्वकालिक उच्च संख्या में शिकायतों के निपटान वाले संस्थान के रूप में देखी गई। बीमा लोकपाल परिषद द्वारा की गई सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है, अप्रैल 2023 में सभी लोकपालों के लिए डिजिटल हस्ताक्षर की शुरूआत, जिससे सभी पुरस्कार, बीमा लोकपाल द्वारा पारित मध्यस्थता (संस्तुति) पर डिजिटल रूप से हस्ताक्षर किए गए थे। शिकायतकर्ताओं और संबंधित बीमाकर्ताओं दोनों को तुरंत मेल किया गया। इस विशेष पहल ने लगभग 2.00 लाख कागजात (ए 4 आकार) बचाए हैं जो बीमा लोकपाल परिषद का कार्बन मुक्त हरा पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## संजय नायर ने एसोचैम के अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नई दिल्ली (भाषा)**। सोरिन इन्वेस्टमेंट फंड के चेयरमैन संजय नायर ने 2024-25 के लिए उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष का पदभार संभाला है। एसोचैम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नायर ने स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह की जगह ली। एसोचैम के अध्यक्ष के तौर पर सिंह का कार्यकाल पूरा हो गया था। एसोचैम ने बयान में कहा, '' नायर के पास वैश्विक वित्तीय और पूंजी बाजारों में चार दशक का अनुभव है। पिछले साल सेवानिवृत्त होने से पहले उन्होंने सिटी में 25 साल और केकेआर में करीब 14 साल काम किया। नायर ने सिटीग्रुप छोड़ने के बाद 2009 में केकेआर इंडिया ऑपरेशन की स्थापना की थी..'' उन्होंने भारत, ब्रिटेन और अमेरिका में 25 वर्षों तक सिटीग्रुप में वरिष्ठ नेतृत्व पदों पर काम किया। वह उनके और उनकी पत्नी फाल्गुनी नायर द्वारा स्थापित नायका में एक गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में सेवाएं देते हैं।

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नामः** अज्ञात, **पुत्रः** अज्ञात, **पताः** अज्ञात, **उम्रः** लगभग 35–40 साल, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 5 फुट 7 इंच, **रंगः** गेहुआ, **पहनावाः** डार्क रंग का लोअर (अर्द्ध नग्न) पहने हुए है दिनांक 13.07.2023 को समय 06.31 बजे सुबह पाकेट नं0 4 के सामने, जिला पार्क के पास, सुल्तानपुरी, दिल्ली थाना अन्तर्गत अमन विहार, दिल्ली पर मृत अवस्था में पाया गया।

इस संदर्भ में **DD No. 16A, dated 13.07.2023** थाना अमन विहार, दिल्ली में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना– अमन विहार, दिल्ली
फोनः 011-27581812, 8750870321
DP/3872/RD/2024 (UIDB)

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान–सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान–सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5470



**बाएँ से दाए**


1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 5469 का हल**





## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| दिल्ली | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
**203 रन**
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



मुस्तफिजुर रहमान
**07 विकेट**
चेन्नई

# आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले 10वें खिलाड़ी बने रविचंद्रन अश्विन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 14वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस (MI) को 6 विकेट से हराते हुए अपना लगातार तीसरा मैच जीता। ये मुकाबला आरआर के रविचंद्रन अश्विन के लिए भी खास रहा।

दरअसल, मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया ये मुकाबला उनके आईपीएल करियर का 200वां मैच रहा। हालांकि वह इस मैच में कोई विकेट नहीं ले सके।

### सबसे ज्यादा मैच का रिकॉर्ड धोनी के नाम

भारत की प्रतिष्ठित लीग में सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी (253) ने सर्वाधिक मैच खेले हैं। उनके अलावा दिनेश कार्तिक (245), रोहित शर्मा (246), विराट कोहली (240), रविंद्र जडेजा (229), शिखर धवन (220), सुरेश रैना (205), रॉबिन उथप्पा (205) और अम्बाती रायडू (204) ऐसा कर चुके हैं। बता दें कि अश्विन ने 2009 में अपना पहला आईपीएल मैच खेला था। अश्विन आईपीएल इतिहास के 10वें ऐसे खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने लीग में 200 मैच खेले हैं।



### 5 टीमों से खेल चुके हैं अश्विन

अश्विन आरआर से पहले चेन्नई सुपरकिंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स की ओर से खेल चुके हैं। उन्होंने सीएसके की जर्सी में 24.22 की औसत के साथ 90 विकेट अपने नाम किए थे। DC की ओर से उन्होंने 36.10 की औसत से 20 विकेट चटकाए थे। इसके अलावा पीबीकेएस और आरपीएस से उन्होंने क्रमशः 25 और 10 विकेट लिए थे। आरआर की ओर से उन्होंने 27 विकेट लिए हैं।

### 5वें सबसे ज्यादा विकेट चटकाए

अश्विन ने 18 अप्रैल, 2009 को मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का आगाज किया था। उन्होंने 200 मैचों में 29.03 की औसत और 7.03 की इकॉनमी रेट से 172 विकेट अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/34 विकेट का रहा है। वह लीग में फिलहाल 5वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में उन्होंने 1 अर्धशतक की मदद से 759 रन बनाए हैं।

### आईपीएल में रिटायर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी

*आईपीएल 2022 में अश्विन ने एलएसजी के खिलाफ रिटायर आउट होने का फैसला किया था। अश्विन 19वें ओवर की 2 गेंद होने के बाद अचानक मैदान छोड़कर चले गए। नियमों के मुताबिक, वह रिटायर आउट हुए और रियान पराग बल्लेबाजी के लिए आए थे। अश्विन जानते थे कि रियान तेजी से रन बनाने में सक्षम हैं और उन्हें मौका देना टीम के हित में होगा। वह आईपीएल इतिहास में रिटायर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी बने थे।*

### बेमिसाल रहा है अश्विन का टी-20 करियर

*अश्विन का टी-20 क्रिकेट करियर बेमिसाल रहा है। उन्होंने 312 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें लगभग 26 की औसत और 7 की इकॉनमी रेट के साथ 302 विकेट लिए हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8 रन देते हुए 4 विकेट लेना रहा है। वह टी-20 प्रारूप में 4 बार 4 विकेट हॉल ले चुके हैं। वह घरेलू क्रिकेट में तमिलनाडु क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 1,100 से अधिक रन बनाए हैं।*

## खबर संक्षेप



### भारत के अनिरूद्ध और विजय एटीपी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

**ह्यूस्टन।** भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की जोड़ी अमेरिका में एटीपी टूर पर पुरूषों की क्लेकोर्ट चैम्पियनशिप के युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। भारतीय जोड़ी ने अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी माइकल एममो और फ्रांसिस टियाफो को 6-3 , 6-4 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के चौथी वरीयता प्राप्त एम पर्सल और जे थॉम्पसन से होगा। प्रशांत इस समय युगल रैंकिंग में 101वें और चंद्रशेखर 113वें स्थान पर है।

### कोहली ने फिर खुद को निखार लिया : हसी



**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड हसी का मानना है कि विराट कोहली 'फिर से निखर' गए हैं। उन्होंने इस भारतीय बल्लेबाज के स्ट्राइक रेट पर बहस के बीच इस चैंपियन खिलाड़ी को नजरअंदाज करने के खिलाफ चेतावनी दी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में सबसे आगे होने के बावजूद कोहली को पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पर्याप्त आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी नहीं करने के लिए कुछ आलोचना का सामना करना पड़ा। हसी से जब पूछा गया कि कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर चल रही बहस पर उनका क्या कहना है तो उन्होंने कहा, ''विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, क्या वह इस समय आईपीएल में नहीं हैं?'' उन्होंने कहा, ''वह काफी अच्छे खिलाड़ी हैं।

### लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर निकले धोनी, अगला मैच खेलने पर संशय



**मुंबई।** शुक्रवार को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के सामने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी। दोनों टीमें हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में आमने-सामने होंगी लेकिन महेन्द्र सिंह धोनी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलने पर संशय छाया हुआ है। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में धोनी को लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर जाते देखा गया। इसके बाद ऐसा माना जा रहा है कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ कैप्टन कूल प्लेइंग इलेवन से बाहर हो सकते हैं। मालूम हो कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में महेन्द्र सिंह धोनी ने ताबड़तोड़ पारी खेली। कैप्टन कूल ने 16 गेंदों पर 37 रन नॉटआउट बना डाले।

## लखनऊ की लगातार दूसरी जीत, मयंक यादव को तीन विकेट

# डिकॉक-मयंक के दम पर एलएसजी ने आरसीबी को 28 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

क्विंटन डिकॉक की 81 गेंद की ताबड़तोड़ पारी के बाद मैन ऑफ द मैच मयंक यादव (14 रन पर तीन विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 28 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। एलएसजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 181 रन बनाने के बाद आरसीबी की पारी को 19.4 ओवर में 153 पर आउट कर दिया। आरसीबी की चार मैचों में यह तीसरी हार है। एलएसजी के पिछले मैच में अपने पदार्पण पर रफ्तार से प्रभावित करने वाले मयंक ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे बल्लेबाजों को अपनी गति से परेशान कर आउट किया। लखनऊ की टीम के लिए नवीन उल हक ने भी 25 रन देकर दो विकेट लिये। आरसीबी के लिए महिपाल लोमरोर ने 13 गेंद में 33 रन का योगदान दिया जबकि रजत पाटीदार ने 29 रन बनाये। डिकॉक ने अपनी 56 गेंद की पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाने के साथ पहले विकेट के लिए लोकेश राहुल (14 गेंद में 20 रन) के साथ 53 रन और मार्कस स्टोइनिस (15 गेंद में 24 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की। निकोलस पूरन ने आखिरी ओवरों में 21 गेंद में पांच छक्के की मदद से नाबाद 40 रन बनाये। आरसीबी के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने चार ओवर में महज 23 रन देकर दो विकेट चटकाये। रीस टॉप्ली, यश दयाल और मोहम्मद सिराज को एक-एक सफलता मिली। दयाल ने चार ओवर में सिर्फ 24 रन दिये।



चिन्नास्वामी मैदान पर अपना सौवां आईपीएल मैच खेल रहे विराट कोहली (16 गेंद में 22 रन) ने कृणाल पंड्या के खिलाफ चौका और नवीन उल हक के खिलाफ छक्का लगाया लेकिन वामहस्त स्पिनर मणिमारन सिद्धार्थ का इस लीग में पहला शिकार बने। देवदत्त पडिक्कल ने अगले ओवर में फाफ डु प्लेसिस (13 गेंद में 19 रन) को रन आउट किया। मयंक की तेज गेंद का मैक्सवेल और ग्रीन के पास कोई जवाब नहीं था। इस 21 साल के गेंदबाज ने मैक्सवेल को 151 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद डालकर खाता खोले बगैर पूरन के हाथों कैच कराया जिससे आरसीबी का स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से तीन विकेट पर 43 रन हो गया। उन्होंने इसके बाद ग्रीन (नौ रन) को बोल्ड किया। आरसीबी की टीम 10 ओवर के बाद चार विकेट पर 63 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी।

**लखनऊ-181/5 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डिकॉक का डागर बो टॉप्ली | 81 |
| लोकेश का डागर बो मैक्सवेल | 20 |
| देवदत्त का रावत बो सिराज | 06 |
| मार्कस का डागर बो मैक्सवेल | 24 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 40 |
| आयुष का डुप्लेसिस बो दयाल | 00 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 00 |

अतिरिक्त:10
कुल योगः 20 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन
गेंदबाजीः टॉप्ली 4-0-39-1, दयाल 4-0-24-1, सिराज 4-0-47-1, मैक्सवेल 4-0-23-2, डागर 2-0-23-0, ग्रीन 2-0-25-0

**बेंगलुरु-153/10 (19.4)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| कोहली का पडिक्कल बो सिद्धार्थ | 22 |
| डु प्लेसिस रन आउट (पडिक्कल) | 19 |
| रजत का पडिक्कल बो यादव | 29 |
| मैक्सवेल का पूरन बो मयंक | 00 |
| कैमरून ग्रीन बो मयंक | 09 |
| अनुज का पडिक्कल बो स्टोइनिस | 11 |
| महिपाल का पूरन बो यश ठाकुर | 33 |
| कार्तिक का राहुल बो नवीन | 01 |
| मयंक डागर रन आउट | 00 |
| रीस टॉप्ली नाबाद | 03 |
| सिराज का पूरन बो नवीन | 12 |

अतिरिक्त:11
कुल योगः 19.4 ओवर में सभी आउटः 153 रन
गेंदबाजीः एम सिद्धार्थ 3-0-21-1, कृणाल 1-0-10-0, नवीन उल हक 3.4-0-25-2, मयंक 4-0-14-3, बिश्नोई 3-0-33-0, यश ठाकुर 4-0-38-1, स्टोइनिस 1-0-9-1

**खास खबर**

## अब तक जीत-हार में बराबर दिल्ली और केकेआर में भिड़ंत आज



**विशाखापट्टनम।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 16वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से आज 3 अप्रैल को विशाखापट्टनम में होगा। केकेआर इस सीजन में अपने दोनों मुकाबले जीत चुकी है। डीसी ने अब तक 3 मैच खेले हैं, जिसमें से 2 में उन्हें हार मिली है और 1 मैच में उन्होंने जीत दर्ज की है। इन दोनों टीमों का एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन जबर्दस्त रहा है। दिल्ली कैपिटल्स की नजरें बुधवार को आईपीएल के मैच में यह साबित करने पर लगी होंगी कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें जीत की हैट्रिक पर लगी होंगी। मैच को शाम 7.30 से शुरू होगा। केकेआर और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अब तक 32 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान डीसी को 15 मैच में जीत मिली है, जबकि केकेआर ने 16 मैच अपने नाम किए हैं। 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। आईपीएल 2023 में दोनों टीमों के बीच 1 मुकाबला खेला गया था, इसे डीसी ने अपने नाम किया था।

## अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों के साथ अभ्यास शिविर की मांग

***रोहतक।*** *राष्ट्रीय जूनियर महिला मुक्केबाजी कोच गीता चानू का मानना है कि भारत में खेल के विकास के लिये अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों के साथ एक महीने का अभ्यास शिविर लगाया जाना चाहिये। चानू ने कहा कि उजबेकिस्तान, कजाखस्तान और तुर्कमेनिस्तान जैसे देश विभिन्न आयुवर्ग के लिये साथ में अभ्यास और प्रतिस्पर्धा शिविर लगाते हैं। इससे कम उम्र में ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने जैसा अनुभव मिल जाता है। उन्होंने कहा हमारे खिलाड़ी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में ही अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों का सामना करते हैं।'' भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने यहां जूनियर लड़के और लड़कियों के लिये भारतीय खेल प्राधिकरण की जूनियर मुक्केबाजी अकादमी में शिविर का आयोजन किया था।*

## गोवाहाटी यूनिवर्सिटी को 80 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची मेजबान जेजेटीयू



भाषा ▶▶| नई दिल्ली/झुंझुनूं

- कप्तान लक्ष्य का दोहरा प्रदर्शन, अर्धशतकीय पारी के बाद झटके 2 विकेट
- एलपीयू फगवाडा ने एचआईएसटीयू चेन्नई को 18 रन से हराया
- अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई ने संबलपुर यूनिवर्सिटी को 6 विकेट से मात दी

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप में मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने गोवाहाटी यूनिवर्सिटी को 80 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं अन्य लीग मुकाबलों में एलपीयू फगवाडा ने एचआईएसटीयू चेन्नई को 18 रन से तथा अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई ने संबलपुर यूनिवर्सिटी को 6 विकेट से मात दी।जानकारी देते हुए चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉ अरूण कुमार ने बताया कि पूल ए के लीग मुकाबले में मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज जतिन कादयान और अमित दलाल ने गोवाहाटी के गेंदबाजों पर शुरू से ही दबाव बनाते हुए पहले 4 ओवर में 39 रन स्कोर बोर्ड पर लगा दिए। इसके बाद उमाशंकर ने अपने पहले ओवर में ही 17 गेंद पर 33 रन बना चुके अमित दलाल व गौरव गौड़ का विकेट चटकाते हुए मेजबान टीम पर दबाव डालने का प्रयास किया। लेकिन इसके बाद कप्तान लक्ष्य दलाल और सलामी बल्लेबाज जतिन कादयान के बीच शतकीय सांझेदारी हुई। लक्ष्य दलाल ने 45 गेंद पर 7 छक्के व 4 चौके की मदद से 86 रन बनाए, जबकि चैंपियनशिप में शतक जमा चुके जतिन कादयान ने भी अर्धशतक (47 गेंद पर 56 रन) बनाया। मेजबान टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 196 रन बनाए। मेहमान टीम की ओर प्राचीर ने 3 विकेट व उमाशंकर ने 2 विकेट झटके। इस लक्ष्य का पीछा कर रही गोवाहाटी यूनिवर्सिटी की टीम पर मेजबान गेंदबाजों ने शुरू से ही शिकंजा कसते हुए खुलकर खेलने नहीं दिया। 9 ओवर में 36 रन पर 3 विकेट गंवा चुकी गोवाहाटी 19 ओवर में 112 रन पर ऑल आउट हो गई और मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी ने मैच 80 रन से जीत लिया।

## चैम्पियंस लीग टी-20 टूर्नामेंट फिर होगा शुरू

**बात कर रहे भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड बोर्ड**

**मुंबई।** भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड दस साल पहले बंद हो चुकी चैम्पियंस लीग क्लब टी20 चैम्पियनशिप को फिर शुरू करने के लिये आपस में बातचीत कर रहे हैं। आखिरी बार चैम्पियंस टी20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस समय भारत से तीन, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से दो-दो और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से एक एक टीम ने इसमें भाग लिया था।

**इसके लिए विंडो बनाना बड़ी चुनौती : सीईओ**
क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने कहा कि अति व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर में इसके लिये विंडो बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। हो सकता है कि पहली चैम्पियंस लीग महिला क्रिकेट में हो जिसमें डब्ल्यूपीएल, द हंड्रेड और महिला बिग बैश लीग की टीमें खेलेंगी।

## ओलंपिक की तैयारी के लिए पांच मैचों की सीरीज खेलने हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

**हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम बोली- हम काफी उत्साहित**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए 6 अप्रैल से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना हो गई है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम सोमवार की रात रवाना हुई। बता दें कि भारतीय टीम ने हाल ही में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो-लीग के चार में से तीन मैच जीते थे। 6 अप्रैल को पहले मैच के बाद सात, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होने हैं।



**हमें मिलेगा सुधार का मौका, क्षमता पर पूरा भरोसा** कप्तान हरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा कि इस दौरे को लेकर हम काफी उत्साहित हैं, इससे हमें पेरिस ओलंपिक से पहली अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा और सुधार का मौका भी मिलेगा। वहीं, उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि हम अपने कौशल और रणनीति को निखाारने के लिये एक टीम के रूप में काफी मेहनत कर रहे हैं। हमें अपनी क्षमता पर भरोसा है। हमें यकीन है कि प्रदर्शन अच्छा होगा।

## श्रीलंका के गेंदबाजों के नाम रहा चौथा दिन, धड़ाधड़ गिरे विकेट

# दूसरा टेस्ट: बांग्लादेश को जीत के लिए चाहिए 243 रन, श्रीलंकाई टीम की झोली में टेस्ट जाना तय

एजेंसी ▶▶| चटगांव

चटगांव टेस्ट में श्रीलंका क्रिकेट टीम ने जीत की ओर कदम बढ़ा लिया है। बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने जीत के लिए मिले 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 268 रन बना लिए हैं। चौथे दिन के खेल की समाप्ति तक तैजुल इस्लाम (10) और मेहदी हसन मिराज (44) क्रीज पर सुरक्षित हैं।

बांग्लादेश को जीत के लिए 243 रन की दरकार है। लगातार गिर रहे विकेटों के बीच मेहदी हसन ने अपना संघर्ष जारी रखा है। वह 49 गेंदों पर 44 रन बनाकर क्रीज पर बने हुए हैं। श्रीलंका से लाहिरू कुमारा, प्रभात जयसूर्या और कामिंदु मेंडिस ने 2-2 विकेट लिए हैं।



### श्रीलंका ने घोषित की अपनी दूसरी पारी

कल के स्कोर 102/6 से आगे खेलने उतरी श्रीलंकाई टीम को 132 के स्कोर पर एंजेलो मैथ्यूज के रूप में 7वां झटका लगा। मैथ्यूज 74 गेंदों पर 56 रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंकाई टीम ने पहले सत्र के दौरान 157/7 के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी घोषित की। बांग्लादेश से हसन महमूद सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 65 रन देते हुए 4 विकेट चटकाए। खालेद अहमद ने 2 विकेट लिए।

### बांग्लादेश की खराब रही शुरुआत

जीत के लिए मिले विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेशी टीम की दूसरी पारी में भी खराब शुरुआत रही। मेजबान टीम से महमूदुल हसन जॉय (24) और जाकिर हसन (19) भी जल्दी पवेलियन लौट गए। सलामी बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने के बाद कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (20) भी टीम को संकट से नहीं उबार सके।








# अभेद्य सुरक्षा : वायु सेना ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर 3.5 किमी लंबी आपातकालीन लैंडिंग पट्टी पर किए 9 ट्रायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए भारतीय सेना लगातार कदम उठा रही है। इसी क्रम में भारतीय वायु सेना ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबिहड़ा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की 3.5 किमी लंबी आपातकालीन हवाई पट्टी का मंगलवार को तड़के परीक्षण किया।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायुसेना ने मंगलवार को भोर होने से पहले हवाई पट्टी पर कम से कम नौ ट्रायल परीक्षण किए। यह परीक्षण लगभग 03:45 बजे शुरू हुआ और 04:30 बजे तक समाप्त हुआ। परीक्षण के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्ग की ओर मोड़ दिया गया था, जबकि पट्टी के दोनों किनारों पर तीन स्तरीय सुरक्षा लगाई गई थी।

## कहां हुआ ट्रायल

*अनंतनाग के बिजबिहड़ा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की 3.5 किमी लंबी आपातकालीन हवाई पट्टी का परीक्षण किया*

**कब हुआ**

*मंगलवार को तड़के लगभग 03:45 बजे परीक्षण शुरू हुआ और 04:30 बजे तक समाप्त हुआ*

**कितनी लागत**

*119 करोड़ रुपए की लागत से हवाई पट्टी का निर्माण*



### प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत कार्यों में भी होगा उपयोग

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय वायुसेना के इन परीक्षणों का उद्देश्य आपातकालीन लैंडिंग की व्यवहार्यता का पता लगाना था, जिसके लिए चिनूक हेलीकॉप्टर का उपयोग किया गया। भारतीय वायु सेना का चिनूक हेलीकॉप्टर सैन्य परिवहन, आपदा राहत और रसद सहायता सहित विभिन्न सैन्य अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस हवाई पट्टी का निर्माण 119 करोड़ रुपए की लागत से 2020 में शुरू हुआ। इस पट्टी का उपयोग रणनीतिक उद्देश्यों के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बचाव और राहत कार्यों के लिए भी किया जा सकता है।

---

**8 साल पहले**

### बीते पांच सालों में हुए सुधारों के मिल रहे अच्छे नतीजे

# भारत का रक्षा निर्यात 15 सौ करोड़ था अब 21 हजार करोड़ रु. का आंकड़ा पार

*भारतीय उद्योग ने वर्तमान में रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली 100 कंपनियों के साथ डिजाइन और विकास की अपनी क्षमता दुनिया को दिखाई है*


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। आज से 8 साल पहले यह आंकड़ा 1521 करोड़ रुपए था अब वित्तीय वर्ष 2023-24 में ही देश का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है।

पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में यह 32.5 फीसदी बढ़ा है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र और डीपीएसयू सहित हमारे रक्षा उद्योगों ने हाल के वर्षों में सराहनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने रक्षा निर्यात में नया मील का पत्थर पार करने पर सभी हितधारकों को बधाई दी है।

सरकार की नीतिगत पहलों और रक्षा उद्योग के सहयोग से भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा निर्यात में अहम उपलब्धि हासिल की थी। पिछले वित्त वर्ष में भारत का रक्षा निर्यात लगभग 16 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था, जो वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में लगभग 3,000 करोड़ रुपए ज्यादा है। भारत का रक्षा निर्यात 2016-17 के बाद से 10 गुना से ज्यादा बढ़ा है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं**



### भारत इस समय 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा

भारत फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा है। अब पिछले साल के मुकाबले रक्षा निर्यात ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 32.5 फीसदी की छलांग लगाई है। इस वर्ष रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय उद्योग ने वर्तमान में रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली 100 कंपनियों के साथ डिजाइन और विकास की अपनी क्षमता दुनिया को दिखाई है। पिछले पांच साल के दौरान इस क्षेत्र में हुए सुधारों के अच्छे नतीजे मिल रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रिकॉर्ड रक्षा निर्यात को देश की एक उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा- स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार 21000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं।

**आठ सालों में भारत का रक्षा निर्यात**

(करोड़ रुपए में)

| | |
|---|---|
| 2016-17 | 01,521 |
| 2017-18 | 04,682 |
| 2018-19 | 10,745 |
| 2019-20 | 09,115 |
| 2020-21 | 08,434 |
| 2021-22 | 12,814 |
| 2022-23 | 15,920 |
| 2023-24 | 21,083 |

### सरहद पर मुस्तैदी के साथ खड़ी सेना राजनाथ सिंह

पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरहद पर भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है। बीते कुछ दिनों से चीन एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को लेकर तमाम बयानबाजी कर रहा है। हद तो तब हो गई, जब चीन ने अरुणाचल के कुछ क्षेत्र को नए नाम दिए थे। हालांकि चीन ने इस हरकत पर विदेश मंत्री जयशंकर ने दो टूक शब्दों में कहा था कि नाम बदलने से कोई चीज उनकी नहीं हो जाती है। इस बीच, पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरहद पर भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है। कमांडरों को संबोधित करते हुए सिंह ने रक्षा और सुरक्षा को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए सेना के नेतृत्व की सराहना की है।

---

**यूएनएससी की सदस्यता को लेकर जयशंकर बोले**

# मेहनत करनी होगी मिलेगी कामयाबी

एजेंसी ▶▶ राजकोट

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत को निश्चित रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता मिलेगी क्योंकि दुनिया में यह भावना है कि हमें यह पद मिलना चाहिए। भारत को इस बार इसके लिए अधिक मेहनत करनी होगी।



जयशंकर गुजरात के राजकोट में बुद्धिजीवियों के साथ बातचीत के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान उसने यूएन के स्थाई सदस्य बनने की भारत की दावेदारी पर सवाल किया गया था, जिस पर यह जवाब दिया गया। डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि यूएन का गठन लगभग 80 साल पहले हुआ था, पांच देशों – चीन, फ्रांस, रूसी संघ, यूके और अमेरिका ने आपस में सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का फैसला किया। जयशंकर ने कहा, उस समय दुनिया में कुल मिलाकर लगभग 50 स्वतंत्र देश थे, जो समय के साथ बढ़कर अब लगभग 193 हो गए हैं।

### मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा?

चीन की विस्तारवादी नीति का एक बार फिर भारत ने खंडन किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का राज्य है, था और रहेगा। चीन के इसके नाम बदलने से कुछ नहीं होगा। जयशंकर ने कहा कि अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा? अरुणाचल प्रदेश भारत का राज्य था, है और रहेगा। नाम बदलने से कोई असर नहीं पड़ता।" उन्होंने कहा कि भारतीय सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात है। बता दें कि हाल ही में चीन एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश राज्य पर अपना दावा पेश किया। भारतीय राज्य "जांगन-चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा" करार देते हुए, चीनी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बीजिंग भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश" को "कभी स्वीकार नहीं करता और दृढ़ता से विरोध करता।




---

## इंदिरा सरकार ने 1974 में भारत का ये कच्चाथीवू द्वीप श्रीलंका को दे दिया था

# कच्चाथीवू पर भारत से बात नहीं हुई, लौटाने को कहेंगे तो जवाब देंगे: श्रीलंका के मंत्री जीवन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका के मंत्री ने कहा है कि भारत ने अब तक कच्चाथीवू द्वीप को लेकर उनकी सरकार से कोई बात नहीं की है। एक इंटरव्यू में श्रीलंका के मंत्री जीवन थोंडामन ने कहा कि भारत ने कच्चाथीवू पर अधिकार लौटाने को लेकर उनसे कोई मांग नहीं की है। अगर भारत की तरफ से ऐसी कोई बात आई तो हम जरूर जवाब देंगे। दरअसल, तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा था कि केंद्र सरकार कच्चाथीवू को वापस हासिल करने के लिए जरूरी कदम उठा रही है। वहीं, जानकारी के मुताबिक श्रीलंका की कैबिनेट में कच्चाथीवू को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। श्रीलंका के मंत्री का ये बयान उस वक्त आया है, जब सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-श्रीलंका के बीच स्थित कच्चाथीवू द्वीप पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि इंदिरा सरकार ने 1974 में भारत का ये द्वीप श्रीलंका को दे दिया था।



- कच्चाथीवू 285 एकड़ में फैला एक द्वीप है
- मछुआरों के मसले पर राजनीति कर रहे हैं दोनों दल



### कांग्रेस और डीएमके अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं

डॉ. एस. जयशंकर ने कहा था, कच्चाथीवू और मछुआरों के मसले पर अब कांग्रेस और डीएमके इस तरह का व्यवहार कर रही हैं कि उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है और आज की केंद्र सरकार इस मसले को हल करे। जैसे इसका कोई इतिहास नहीं है, जैसे ये अभी हुआ है। कांग्रेस-डीएमके वे लोग हैं।

### 1974 के समझौते की तीन शर्तें थीं

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा था कि 1974 में इंडिया और श्रीलंका ने एक समझौता किया, जिसके जरिए दोनों देशों के बीच समुद्री सीमा का निर्धारण हुआ। इस सीमा को तय करते वक्त कच्चाथीवू को श्रीलंका को दे दिया गया। इस समझौते की 3 और शर्तें थीं।

1. दोनों देशों का अपनी जल सीमा पर पूरा अधिकार और संप्रभुता होगी।
2. कच्चाथीवू का इस्तेमाल भारतीय मछुआरे भी कर सकेंगे और इसके लिए किसी ट्रैवल डॉक्यूमेंट की आवश्यकता नहीं होगी।
3. भारत और श्रीलंका की नौकाएं एक-दूसरे की सीमा में आ सकेंगी जैसा वह परंपरागत रूप से करती आ रही हैं।

### रामेश्वरम से 19 किमी दूर है कच्चाथीवू

भारत के तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच काफी बड़ा समुद्री क्षेत्र है। इस समुद्री क्षेत्र को पाक जलडमरूमध्य कहा जाता है। यहां कई सारे द्वीप हैं, जिसमें से एक द्वीप का नाम कच्चाथीवू है। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक कच्चाथीवू 285 एकड़ में फैला एक द्वीप है। ये द्वीप बंगाल की खाड़ी और अरब सागर को जोड़ता है। ये द्वीप 14वीं शताब्दी में एक ज्वालामुखी विस्फोट के बाद बना था। जो रामेश्वरम से करीब 19 किलोमीटर और श्रीलंका के जाफना जिले से करीब 16 किलोमीटर की दूरी पर है। रॉबर्ट पाक 1755 से 1763 तक मद्रास प्रांत के अंग्रेज गवर्नर हुआ करते थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109